YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-107 ❐ रविवार, 17 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



निजी नलकूपों के लिए विभागीय नियमों के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन तत्काल स्वीकृत किए जाएं तथा जन-शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जयवीर सिंह

ईरान के साथ युद्धविराम 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया : ट्रंप 11

बोरवेल में गिरे बच्चे को नौ घंटे बाद सुरक्षित निकाला 12

## संक्षेप

### रीलबाज पुलिसकर्मियों को चेतावनी, होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने यूपी पुलिस की गरिमा और विभागीय अनुशासन को बनाए रखने के लिए रीलबाज पुलिसकर्मियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पालिसी को पूरी कड़ाई से पालन किया जाए और मनमानी करने वालों पर सख्ती की जाए। इंस्टाग्राम व सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर पुलसकिर्मयों की आपत्तिजनक रील और पोस्टों ने विभाग के बड़ों को चिंता बढ़ा दी है। बीते दिनों लखनऊ व अंबेडकरनगर समेत अन्य जिलों से पुलिस कर्मियों की कई ऐसी पोस्टें सामने आई हैं, जिनमें पुरुष व महिला पुलिसकर्मी वीडियो संदेश और पोस्ट के माध्यम से विभाग की कार्यशैली पर ही सवाल उठाया। कुछ रील में पुलिसकर्मी वर्दी में हैं और उनमें फिल्मी गीत बज रहे हैं। एडीजी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के लिए आठ फरवरी 2023 को सोशल मीडिया पालिसी जारी की गई थी। यह देखने को मिल रहा है कि इसके बाद भी कई सेवारत व प्रशिक्षु पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पालिसी का उल्लंघन कर रहे हैं। वे सोशल मीडिया पर रील व अन्य माध्यमों से आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर रहे हैं। इससे न केवल शासकीय काम प्रभावित होता है, बल्कि यूपी पुलिस की छवि व गरिमा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एडीजी ने सभी जिलों व कार्यालयों में तैनात ऐसे पुलिसकर्मियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध तत्काल विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. एडीजी कानून ने निर्धारित प्रोफार्मा में हर माह सोशल मीडिया पालिसी का उल्लंघन करने वाले पुलिसकिर्मयों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई की नियमित रिपोर्ट डीजीपी मुख्यालय को भेजे जाने का निर्देश भी दिया है।

### आजम खान को दो साल की सजा, 20 हजार रुपये का जुर्माना

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने शनिवार को विवादित बयान के एक मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) नेता मोहम्मद आजम खान को दो वर्ष की साधारण कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। लोकसभा चुनाव-2019 के दौरान दिए गए विवादित बयान के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम को दो वर्ष के साधारण कारावास तथा 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार आजम खान ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान थाना भोट क्षेत्र में आयोजित एक सभा में तत्कालीन जिलाधिकारी एवं वर्तमान मुरादाबाद मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह के संबंध में विवादित टिप्पणी की थी। आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक मंच से अधिकारियों को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था।

# दुनिया अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही : पीएम मोदी

एजेंसी

द हेग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया अभूतपूर्व चुनौतियों की एक श्रृंखला का सामना कर रही है। पहले कोरोना महामारी आई, फिर युद्ध शुरू हो गए और अब ऊर्जा संकट है। अपने पांच देशों के दौरे के हिस्से के तौर पर द हेग में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि आज, मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। यह दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने आगाह किया कि इन चुनौतियों से तेजी से न निपटने पर वैश्विक विकास की उपलब्धियां खत्म हो सकती हैं और आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी में जा सकता है। मोदी ने कहा, अगर इन स्थितियों को तेजी से नहीं बदला गया, तो पिछले कई दशकों की उपलब्धियां खत्म हो जाएंगी और दुनिया की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर एक भरोसेमंद, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार सप्लाई चेन बनाने पर काम कर रहे हैं, ताकि वैश्विक रुकावटों से निपटा जा सके। मोदी ने कहा, ऐसे समय में दुनिया एक लचीली सप्लाई चेन के बारे में बात कर रही है। इसके लिए, भारत और नीदरलैंड भविष्य के लिए तैयार सप्लाई चेन स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत अवसरों की भूमि है। भारत प्रौद्योगिकी-प्रेरित भी है और मानवता-प्रेरित भी। भारत जितना प्राचीन है, उतना ही आधुनिक भी बनता जा रहा है। द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत बड़े सपने देख रहा है और उसके युवा आसमान छूने की आकांक्षा रखते हैं। आज भारत कह रहा है कि हम सिर्फ बदलाव नहीं चाहते, हम सबसे अच्छा चाहते हैं, हम सबसे तेज चाहते हैं। इसीलिए जब भारत में असीमित आकांक्षाएं हैं, तो प्रयास भी असीमित होते जा रहे हैं। दर्शकों की तालियों के बीच अपने 40 मिनट से अधिक लंबे भाषण में पीएम ने कहा, आज का भारत एक अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आपने हाल ही में देखा होगा कि भारत ने दुनिया के सबसे बड़े और सबसे सफल एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। उससे पहले, भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन की भी सफलतापूर्वक मेजबानी की थी। और यह कोई एक बार होने वाला कार्यक्रम नहीं था। यह अब आज के भारत का चरित्र बन गया है। मोदी ने भारत के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप नेटवर्क है। आज भारत की आकांक्षाएं अब उसकी सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। भारत ओलंपिक की मेजबानी करना चाहता है। वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनना चाहता है, हरित ऊर्जा में एक अग्रणी देश के रूप में उभरना चाहता है, और दुनिया का विकास इंजन बनना चाहता है।

यह याद दिलाते हुए कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे, मोदी ने कहा कि अब भारत में लगभग 125 सक्रिय यूनिकॉर्न हैं। आज, हमारे स्टार्ट-अप एआई, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे हैं। अनुसंधान और नवाचार की यह संस्कृति और भी अधिक व्यापक होती जा रही है। पीएम ने कहा कि भारत की आकांक्षा-संचालित यात्रा उसके लोकतंत्र को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने हाल ही में कई राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए बताया। मोदी ने कहा, इस बार, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लगभग 80-90 प्रतिशत मतदान हुआ। महिलाओं की भागीदारी में भी काफी वृद्धि हुई, और यह रुझान हर राज्य में दिखाई दे रहा है। आज, भारत में मतदाता उत्साहित हैं। हमें गर्व महसूस होता है कि हर साल मतदान के रिकॉर्ड टूट ● शेष पेज 11 पर



❐ नीदरलैंड में भारतीय समुदाय को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया

### झालमुड़ी पर चर्चा

मोदी ने पूछा, झालमुडी हेग तक पहुंच गया? मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर भी तंज कसते हुए दर्शकों से पूछा कि क्या 'झालमुडी' हेग तक भी पहुंच गया है? यह बताते हुए कि नीदरलैंड ट्यूलिप के लिए जाना जाता है, मोदी ने आगे कहा कि भारत कमल के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, ट्यूलिप और कमल, दोनों ही हमें यह सिखाते हैं कि चाहे जड़ें पानी में हों या जमीन में, इंसान को सुंदरता और मजबूती, दोनों ही मिलती हैं।

## आतंक पर नहीं रुका पाक तो 'भूगोल' से 'इतिहास' बन जाएगा : सेना प्रमुख

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान को कड़ा सैन्य संदेश देते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर इस्लामाबाद आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे यह तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहता है या इतिहास का। दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में यूनिफॉर्म अनवील्ड द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र में उनसे पूछा गया कि यदि पिछले वर्ष की ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां फिर उत्पन्न होती हैं, तो भारतीय सेना की प्रतिक्रिया क्या होगी। इस पर सेना प्रमुख ने कहा, यदि आपने मुझे पहले सुना है, तो मैंने यही कहा है... कि पाकिस्तान, अगर वह आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है, तो उसे तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का?

सेना संवाद कार्यक्रम में उनकी ये टिप्पणियां देश और भारतीय सेना द्वारा शुरू किए ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने के कुछ ही दिनों बाद आईं। जनरल द्विवेदी के ये संक्षिप्त लेकिन सख्त बयान पाकिस्तान के लिए स्पष्ट संदेश माने जा रहे हैं और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराते हैं। ऑपरेशन सिंदूर पिछले वर्ष छह-सात मई की दरमियानी रात को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया गया था। इसके तहत भारतीय बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की थी और भारत की सभी जवाबी कार्रवाइयां भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत ही की गई थीं। दोनों परमाणु-संपन्न पड़ोसी देशों के बीच करीब 88 घंटे तक चले इस सैन्य संघर्ष का अंत 10 मई की शाम दोनों पक्षों के बीच बनी समझ के बाद हुआ था। सेना प्रमुख ने कैफ़े खोलने की अपनी इच्छा व्यक्त की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि उनका सपना एक ऐसा कैफ़े बनाना है जहां भागदौड़ भरी जिंदगी में मन को सुकून मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कैफ़े को उन्होंने अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश में स्थापित करने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य एक कप कॉफी पर अनगिनत संवाद के रास्ते खोलना तथा लोगों के लिए अधिक सार्थक जीवन प्राप्त करने की दिशा में विचारों के एक केंद्र स्थल के रूप में स्थान हासिल करना होगा। अनौपचारिक बातचीत के दौरान जनरल द्विवेदी से सैन्य वर्दी में भूमिका से परे उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने गृह ● शेष पेज 11 पर



## सीबीएसई ने बदली भाषा पढ़ाई की व्यवस्था, 9वीं से तीन भाषाएं अनिवार्य

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-स्कूल शिक्षा 2023 के अनुरूप केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बड़ा बदलाव करते हुए कक्षा 9 से तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। हालांकि बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10 में तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं ली जाएगी।

बोर्ड ने 15 मई 2026 को जारी परिपत्र में कहा है कि 1 जुलाई 2026 से कक्षा 9 में तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा। इनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना जरूरी रहेगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि तीसरी भाषा (आर-3) की कक्षा 10 में कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। इसका मूल्यांकन पूरी तरह स्कूल स्तर पर आंतरिक रूप से किया जाएगा। बोर्ड का कहना है कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों पर परीक्षा का अतिरिक्त दबाव कम करना और भाषा सीखने को अधिक सहज बनाना है।

परिपत्र के अनुसार, विद्यार्थियों की तीसरी भाषा में उपलब्धि को सीबीएसई प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाएगा, लेकिन किसी छात्र को केवल आर-3 के कारण कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में बैठने से नहीं रोका जाएगा। बोर्ड जल्द ही तीसरी भाषा के लिए नमूना प्रश्नपत्र और आंतरिक मूल्यांकन का प्रारूप भी जारी करेगा। सीबीएसई ने कहा है कि स्कूल ● शेष पेज 11 पर

❐ 10वीं में तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं, स्कूल स्तर पर होगा मूल्यांकन

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड · भारत · असतो मा सद्गमय

## रील बना रहे चार युवक नदी में डूबे, तीन की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र में शनिवार को टोंस नदी में स्नान के दौरान तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक युवक को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचा लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मेजारोड पुलिस चौकी क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित टोंस नदी में चार युवक स्नान करने उतरे थे। इसी दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। युवकों के शोर मचाने पर घाट पर अफरा-तफरी फैल गई। आसपास मौजूद मछुआरों और ग्रामीणों ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर बचाव कार्य शुरू किया। काफी प्रयास के बाद पीयूष नामक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि तीन अन्य युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान नैनी एडीए निवासी सनी (12), आयुष (8) और आदित्य (25) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक मोबाइल से रील बना रहे थे और इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से हादसा हो गया। ● शेष पेज 11 पर

## नीट पेपर लीक में बायोलॉजी लेक्चरर गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दूसरे मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी एक महिला और बायोलॉजी की लेक्चरर है और उसका नाम मनीषा गुरुनाथ मांधारे है। जानकारी के मुताबिक मनीषा मांधारे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा रह चुकी है। एक दिन पहले ही सीबीआई ने रिटायर्ड केमिस्ट्री टीचर पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया था। जांचकर्ताओं ने उसे मास्टरमाइंड और नीट पेपर लीक सरगना का मुखिया बताया था।

सीबीआई ने शनिवार को इस बारे में एक बयान जारी किया। इस बयान के मुताबिक मनीषा गुरुनाथ मांधारे को एक गहन जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है। वह नीट यूजी 2026 परीक्षा की प्रक्रिया में शामिल थी। मनीषा को एनटीए ने बतौर एक्सपर्ट शामिल किया था। सीबीआई ने बताया कि उसके पास बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्न पत्रों की पूरी एक्सेस थी। मनीषा की भूमिका के बारे में विस्तार से बताते हुए सीबीआई ने कहाकि अप्रैल 2026 में मंधारे ने पुणे की मनीषा वाघमारे के जरिए संभावित नीट परीक्षा उम्मीदवारों को जुटाया। इसके बाद इन छात्रों के लिए अपने पुणे निवास पर कोचिंग क्लासेस चलाई। इन कोचिंग क्लासेस के दौरान मंधारे ने बॉटनी और जूलॉजी विषयों से विभिन्न सवाल लीक किए। साथ इसके बारे में विस्तार से समझाया भी। उसने छात्रों से इन सवालों को अपनी नोटबुक में लिखने और किताब में चिन्हित करने को भी कहा। अब मांधारे को आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जाएगा। इनमें से अधिकांश प्रश्न तीन मई को आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्न पत्र से मेल खाते थे। बता दें कि मनीषा एक ब्यूटी पार्लर चलाती है ● शेष पेज 11 पर

❐ एनटीए पैनल का हिस्सा रह चुकी है मनीषा मांधारे

❐ कोचिंग क्लास चलाते हुए लीक किए सवाल



### सुप्रीम कोर्ट में एनटीए भंग करने को लेकर याचिका दायर

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को उसके वर्तमान स्वरूप में भंग करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। यह याचिका याचिकाकर्ता एक संगठन यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) द्वारा संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत दायर की गई है, जो एक पंजीकृत संगठन है। इसमें एनईटी-यूजी 2026 के संचालन में 'प्रणालीगत और विनाशकारी विफलता' का आरोप लगाया गया है और परीक्षा प्रणाली में संरचनात्मक सुधारों की मांग की गई है। एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड रितु रेनीवाल और एडवोकेट महेंद्र कुमावत के माध्यम से दायर याचिका में एक रिट जारी करने की मांग की गई है। इस रिट के जरिए केंद्र सरकार को एनटीए भंग करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इसके अलावा यूडीएफ ने इसके स्थान पर संसद द्वारा पारित कानून के माध्यम से एक वैधानिक राष्ट्रीय परीक्षण ● शेष पेज 11 पर

## 'मैंने फर्जी डिग्री वालों की आलोचना की'

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने अपनी कॉकरोच वाली टिप्पणी पर शनिवार 16 मई, 2026 को कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि कैसे मीडिया के एक हिस्से ने एक बेकार केस के दौरान कही गई मेरी बातों को गलत तरीके से पेश किया।

दरअसल, बीते दिन शुक्रवार को फर्जी डिग्री धारक वकीलों पर चिंता जताते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कुछ युवा काकरोच की तरह होते हैं, जिन्हें न तो कोई रोजगार मिलता है और न ही पेशे में कोई जगह, उनमें से कुछ इंटरनेट मीडिया में चले जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं।

सीजेआई सूर्यकांत ने कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा, 'यह कहना पूरी तरह से बेबुनियाद है कि मैंने हमारे देश के युवाओं की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''मुझे यह पढ़कर दुख हुआ कि मीडिया के एक हिस्से ने कल एक तुच्छ मामले की सुनवाई के दौरान मेरी मौखिक टिप्पणियों को किस तरह गलत तरीके से पेश किया। मैंने विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना की थी, जिन्होंने नकली और फर्जी डिग्रियों की मदद से बार (कानूनी पेशा) जैसे व्यवसायों में प्रवेश किया है। ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य प्रतिष्ठित व्यवसायों में भी घुसपैठ कर चुके ● शेष पेज 11 पर

❐ कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सीजेआई सूर्यकांत ने दी सफाई



## गोरखपुर में बनवाएंगे विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के साथ ही ऐलान किया कि क्रिकेट स्टेडियम के बगल में रिजर्व कराई गई 60 एकड़ भूमि पर विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में योगी ने शनिवार को गोरखपुर के ताल नदोर में करीब 393 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होने इस अवसर पर कहा कि यहां 46 एकड़ में 30 हजार दर्शकों की क्षमता का इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम तो बनेगा ही और इसके बगल की 60 एकड़ भूमि पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स में हर तरह के इनडोर गेम्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहां हॉकी और अन्य आउटडोर गेम्स भी हो सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनने से इस क्षेत्र में होटल, रेस्त्रां, मार्केट की नई श्रृंखला भी तैयार होगी और बड़ी संख्या में नए रोजगार भी सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से पांच वर्ष पहले यह क्षेत्र बंजर पड़ा था। यह क्षेत्र उपेक्षित था जिसकी मर्जी होती वह जमीन कब्जा कर लेता था। अब यहां की जमीन कब्जामुक्त है। साथ ही डबल इंजन सरकार इस भूमि पर नौजवानों के भविष्य को तराशने का एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को युवाओं और भावी पीढ़ी के सपनों को साकार करने के लिए उत्कृष्ट उपहार बताया और कहा कि सरकार के पास भूमि होगी तो उसका उपयोग लोककल्याण के लिए होगा। अगर सरकार की भूमि पर कोई कब्जा करेगा तो वह व्यक्ति विशेष अपने तरीके से दुरुपयोग करेगा इसलिए सरकारी भूमि का उपयोग लोककल्याण कार्य और विकास की परियोजना की दृष्टि से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी ● शेष पेज 11 पर



### योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बनाई नई पहचान: पुरी

**गोरखपुर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ.दस वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में एक नई और मजबूत पहचान बनाई है। श्री पुरी ने इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्रीय मंत्री के रूप में पिछले कुछ सालों से उन्होंने उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन देखा है, वह अद्भुत है। वह दावे से कह सकते हैं कि जो काम यूपी में होते देखा है ऐसा शानदार उदाहरण देश में कहीं और नहीं दिखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 के बाद उत्तर प्रदेश ने नई पहचान बनाकर अन्य राज्यों के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश की चर्चा यहां की जनसंख्या को लेकर होती थी लेकिन अब यह विकास, कानून व्यवस्था और सुशासन के लिए जाना जाता है। कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार से निवेशकों में नया विश्वास पैदा हुआ। विकास और रोजगार की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन गया है। श्री पुरी ने कहा कि योगी की छवि सख्त दृढ़ प्रशासक की है। साथ ही उनमें हर विषय को गहराई में देखने का सामर्थ्य है। किसी विषय को बारीकी से समझकर ही वह निर्णय लेते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं। उन्होंने एथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर शनिवार सुबह हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा, योगी जी ने कहा है कि राष्ट्र हित में वह एथेनॉल ब्लेंडिंग के प्रस्ताव को यूपी में लागू कर देंगे। उन्होंने शहरी आवासन मंत्री के रूप में पीएम आवास योजना से जुड़ा अनुभव साझा करते हुए बताया कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश से सिर्फ 17 हजार आवासों की डिमांड आई थी जबकि योगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह 17 लाख भी पार कर गई। केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश में रोड, एयर, मेट्रो कनेक्टिविटी, डिफेंस कॉरिडोर, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन के क्षेत्र में हुई प्रगति को उल्लेखनीय बताया। साथ ही कहा कि यूपी में हरित ऊर्जा और कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। यह किसानों की आय बढ़ाने में भी मददगार है। उन्होंने कहा कि यूपी में लग रहे सीबीजी प्लांट वेस्ट टू वेल्थ विजन को साकार कर रहे हैं।

# बच्चों के हित में डॉ. राजेश्वर सिंह का सुझाव, स्कूल बैग का बोझ कम करने के लिये मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया आग्रह

❒ बचपन पर बोझ नहीं, संस्कार और समग्र विकास हो: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ बढ़ते स्क्रीन टाइम और मोबाइल लत पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने जताई चिंता, आउटडोर खेल व स्वस्थ दिनचर्या पर दिया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने छोटे बच्चों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव और भारी स्कूल बैग की समस्या को गंभीर विषय बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बच्चों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि 5 से 10 वर्ष तक के छोटे बच्चे प्रतिदिन अत्यधिक भारी स्कूल बैग ढोने को मजबूर हैं, जिससे उनकी रीढ़, शारीरिक विकास और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चिकित्सकों एवं बाल विशेषज्ञों ने भी लगातार इस विषय पर चिंता व्यक्त की है।

डॉ. सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्कूल बैग का वजन बच्चे के शरीर के वजन के लगभग 10 प्रतिशत से कम रखने की सिफारिश की जाती है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भी बच्चों के लिए तनावमुक्त, आनंददायक एवं समग्र शिक्षा व्यवस्था पर बल देती है। उन्होंने राज्य सरकार से स्कूल बैग के वजन को विनियमित करने, अनावश्यक पुस्तकों एवं होमवर्क को कम करने तथा 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए शैक्षणिक भार का युक्तिकरण करने का आग्रह किया।

इसी क्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बच्चों में बढ़ते स्क्रीन टाइम, मोबाइल फोन की लत और आउटडोर गतिविधियों में कमी को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोबाइल, टैबलेट और डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग बच्चों की आँखों, मानसिक स्वास्थ्य और जीवनशैली पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार वर्ष 2050 तक दुनिया की लगभग आधी आबादी मायोपिया (निकट दृष्टिदोष) से प्रभावित हो सकती है। उन्होंने अभिभावकों से 20-20-20 नियम अपनाने की अपील की, जिसके तहत हर 20 मिनट स्क्रीन देखने के बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखना चाहिए।

डॉ. सिंह ने अभिभावकों और स्कूलों से बच्चों को आउटडोर खेल, प्राकृतिक धूप, रचनात्मक गतिविधियों और स्वस्थ दिनचर्या से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि ह्लबचपन अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, भारी बस्तों और स्क्रीन की सीमाओं में नहीं, बल्कि सीखने, खेलने और स्वस्थ वातावरण में खिलना चाहिए। स्वस्थ बचपन ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव है।

# तहसील समाधान दिवस में अवैध कब्जों और भूमि विवादों के मामले, 253 शिकायतों से भरा रहा तहसील परिसर

❒ ग्राम समाज की जमीन, निशानदेही और कब्जेदारी को लेकर फरियादियों ने लगाई गुहार, मौके पर सिर्फ 59 मामलों का निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ । शनिवार को तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की भारी भीड़ और भूमि विवादों से जुड़े मामलों के कारण पूरे दिन चर्चा में रहा। तहसील परिसर में सुबह से ही शिकायतकर्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अवैध कब्जा, ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण, जमीन की निशानदेही, पुलिस कार्रवाई और राजस्व विवादों को लेकर लोगों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं।

समाधान दिवस में कुल 253 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से मौके पर केवल 59 शिकायतों का निस्तारण हो सका जबकि 194 मामले लंबित रह गए। सबसे ज्यादा 119 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें 33 का निस्तारण किया गया। राजस्व एवं पुलिस से जुड़े 33 मामलों में केवल 7 शिकायतों का समाधान हो सका। समाज कल्याण विभाग में 23, शिक्षा विभाग में 9 तथा अन्य विभागों से संबंधित 64 शिकायतें दर्ज हुईं। मोहनलालगंज के बक्तौरी खेड़ा मजरा मेंहदौली निवासी विकास पुत्र स्व. राजाराम ने शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर उसका करीब 45 वर्षों से कब्जा है। पीड़ित के अनुसार उसने वहां कमरा और बरामदा बनवा रखा है तथा कई पेड़ भी लगाए हैं, जिनकी वह वर्षों से देखभाल करता आ रहा है।आरोप है कि गांव के ही कौशल पुत्र बदलू ने 27 अप्रैल की रात लोहे की तारबंदी काटकर जबरन निर्माण शुरू कर दिया। विरोध करने पर विवाद और मारपीट की स्थिति बन गई। पीड़ित ने प्रशासन से कब्जा रोकने और न्याय दिलाने की मांग की है।गढ़ी निवासी सुनील कुमार जायसवाल ने तहसील दिवस में शिकायत देकर बताया कि ग्राम मऊ स्थित गाटा संख्या 3226 के बंटवारे संबंधी मुकदमे में एसडीएम न्यायालय से अंतिम डिग्री का आदेश पारित हो चुका है।पीड़ित के अनुसार 6 मई को राजस्व टीम द्वारा निशानदेही भी की जा चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू करते ही विपक्षी पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दोबारा पैमाइश होने तक निर्माण रोक दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेश के बावजूद उसे अपनी ही जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में दोबारा निशानदेही कराकर कब्जा दिलाने की मांग की। ग्राम पंचायत शेरपुर लवल निवासी मनीष कुमार चौधरी ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की बंजर भूमि गाटा संख्या 1246 पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।शिकायत के मुताबिक रायबरेली निवासी एक व्यक्ति द्वारा 2 मई को उक्त भूमि पर मिट्टी डलवाकर कब्जा शुरू किया गया था। सूचना मिलने पर लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद रात में लगातार मिट्टी डलवाकर कब्जा कर लिया गया। शिकायतकर्ता ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## निगोहां में दो दिनों में दो युवकों ने लगाई फांसी, शराब और घरेलू कलह बनी वजह

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र में लगातार दो दिनों के भीतर दो युवकों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों मामलों में शराब की लत और पारिवारिक विवाद वजह के रूप में सामने आए हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना रत्नापुर गांव की है, जहां 30 वर्षीय रवि कोरी ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था और पत्नी से अक्सर विवाद होता था। वहीं दूसरी घटना मस्तीपुर गांव में हुई, जहां अमरेश पुत्र चंद्रपाल का शव बाग में पेड़ से लटकता मिला। बताया गया कि वह भी शराब की लत और घरेलू कलह से परेशान था। उसकी पत्नी ने पहले ही निगोहां थाने में शिकायत दी थी। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों मामलों में प्रथम दृष्टया आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## विवाहिताओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर मांगी पति की स्वस्थ्य व लम्बी आयु



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । 16 मई ये दिन विवाहिताओं के लिए काफी खास रहा क्योंकि इस दिन बरगद यानी वट वृक्ष की पूजा की गई जिससे उनका सुहाग बना रहे इस व्रत को वट सावित्री के नाम से भी जाना जाता है इस दिन महिलाएं 16 श्रंगार कर बरगद के वृक्ष को पूजती हैं जिसमे प्रसाद की थाली सजी होती है और धागे से वट वृक्ष को इस कामना के साथ बांधती हैं कि उनकी आयु लम्बी हो और स्वास्थ्य भी उत्तम रहे।इस व्रत को किए जाने की कई मान्यताएं हैं सावित्री ने जब यमराज से अपने पाने पति सत्यवान के प्राण वापस मांगे थे तो सत्यवान वट वृक्ष के नीचे ही मृत अवस्था मे पड़े थे लेकिन जब सावित्री ने यमराज से तर्क और हट पूर्वक अपने पति के प्राण वापस मांगे तो जैसे ही सावित्री वट वृक्ष के नीचे बैठी और सत्यवान के सिर को अपनी गोद मे रखा तो सत्यवान के प्राण वापस आ गये तभी से इस दिन महिलाएं वट वृक्ष को पूजती हैं और सुहाग की सलामती की प्रार्थना करती है।इस दिन बरगद के विशाल पेड़ से लेकर घरों मे भी इसकी पूजा अर्चना पूरे विधिविधान के साथ की जाती है जिसमे विवाहित महिलाएं व्रत भी रखती हैं।

## भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) गुट से तीन दर्जन किसानों ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) गुट चल रहे आपसी विचार न मिलने के कारण तीन दर्जन किसानों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।संगठन के बद्री प्रसाद रावत तहसील अध्यक्ष सरोजिनी नगर दिनेश पाल जिला सचिव राकेश प्रधान जिला उपाध्यक्ष मदन चंद लोधी जिला सचिव विनोद कुमार जोन अध्यक्ष करन गुप्ता (बीरू) जिला मीडिया प्रभारीआदि 36 पदाधिकारियो के साथ अंसल टीम के सैकड़ो किसानों के साथ अपनी स्वेच्छा से भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतक) संगठन से त्यागपत्र दिया। संगठन से हटने के बाद विंनोद कुमार व बद्री प्रसाद ने बताया कि काफी समय से विचारों का मतभेद चल रहा था। जिसके कारण संगठन से अलग होना पड़ा।

## नाली विवाद में पड़ोसी को पीटा, की फायरिंग, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक नाली विवाद में एक पड़ोसी ने अपने पड़ोसी को पीट दिया। उसके विरोध करने पर फायरिंग की। जिसके बाद पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है।एकता नगर कलोनी सुल्तानपुर रोड अहमामऊ के रहने वाले वीरेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि वह 13 मई-2026 को समय लगभग 1:00 बजे दोपहर को अपने घर पहुंचा तब मेरे मकान के सामने नाली का विवाद को लेकर अंकित द्विवेदी, व प्रमोद कुमार द्विवेदी मेरे घर के बाहर मौजूद थे। जैसे ही मैं अपने घर के अंदर प्रवेश करने जा रहा था तभी दोनों विपक्षीगढ़ गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गये और मेरे साथ ईट पत्थर से हमला कर दिया जिससे मुझे गंभीर चोट आयी है ।आरोप है कि दोनों विपक्षीगण लाइसेंसी रिवाल्वर / बंदूक से फायरिंग करने की धमकी भी देने लगे इससे पूर्व भी विपक्षीगण अपने लाइसेंसी असलहे से जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

## 13 वर्षीय बच्ची घर के सामने से गायब

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में घर के बाहर खेल रही एक 13 वर्षीय बच्ची आचानक घर से लापता हो गई। खोजबीन के बाद जब पता नही चला तो पिता ने थाने पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज कराई है।पीड़ित अनुज कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वह ग्राम अहमामऊ पोस्ट अर्जुनगंज थाना अंसल जिला लखनऊ निवासी हूं। उन्होंने बताया कि उनकी 13 वर्षीय सपना त्रिवेदी घर के बाहर खेल रही थी तभी शाम चार बजे आचानक गुम हो गई। गांव व आसपास के लोगो से पूछतांछ की लेकिन कुछ नहीं पता चला । पुलिस ने घटना के बाद मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश में जुटी है।

## जर्मनी में नर्सिंग क्षेत्र में भर्ती हेतु अनुभवी कुशल अभ्यर्थी करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला सेवायोजन अधिकारी रायबरेली तनुजा यादव ने बताया है कि सेवायोजन निदेशालय के माध्यम से Fairstreet Aggregator द्वारा जर्मनी मे नर्सिंग क्षेत्र में Bsc. Nursing/GNM योग्यता प्राप्त व फ्रेशर एवं अनुभवी कुशल अभ्यर्थियों की भर्ती की जा रही है जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा https:// rojgaarsangam. up.gov.in पोर्टल पर पंजीयन कराकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जिसके लिए आयु सीमा 20-35 वर्ष निर्धारित की गयी है। कार्य क्षेत्र जर्मनी होने के कारण जर्मन भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है, जिस हेतु जर्मन भाषा का निःशुल्क प्रशिक्षण क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ द्वारा प्रदान किया जाएगा। भर्ती से संबंधित नियम व शर्तें पोर्टल पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नं0 155330 पर सम्पर्क करें।

## प्राचीनतम पांडुलिपियों का संरक्षण हेतु राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान प्रारम्भ

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पर्यटन अधिकारी रायबरेली तनुजा यादव ने बताया है कि हमारी समृद्ध ज्ञान परम्परा, सांस्कृतिक धरोहर एवं बौद्धिक विकास के महत्वपूर्ण साक्ष्य, प्राचीनतम पाण्डुलिपियों (न्यूनतम 75 वर्ष पुराने हस्तलिखित धार्मिक ग्रंथ/पुराने संस्कृत, उर्दू, फारसी एवं अरबी ग्रंथ/आयुर्वेद, ज्योतिश, संगीत एवं गणित संबंधी हस्तलिखित ग्रंथ/ताड़पत्र एवं भोजपत्र पर लिखित सामग्री/हस्तलिखित वंशावलियाँ/लोकगीत एवं लोक कथाएं/योग एवं दर्शन संबंधी ग्रंथ) का संरक्षण करने के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ''ज्ञान भारतम् मिशन'' के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया है कि यदि किसी जनपदवासी को जनपद के किसी संस्थागत या व्यक्तिगत पाण्डुलिपियों की जानकारी हो तो वह उसे जिला पर्यटन अधिकारी को फोन नं0- 0535-2975385 पर सूचित कर सकता है या स्वयं भी ''ज्ञान भारतम् ऐप'' के माध्यम से लॉग इन करके अधिसूचित कर सकते है।

## गुडम्बा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया अरेस्ट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । गुडम्बा थाने मे 15 मई को वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसमे बताया गया कि उनके साथ मारपीट हुई व जान से मारने की धमकी भी दी गई है इसी मुकदमे की जांच मे जुटी गुडम्बा पुलिस ने वांछित अभियुक्त तैयब अली पुत्र भिमई अब्दुल्ला को अरेस्ट करने मे सफलता पाई है।पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्त का कहना है कि उसमे पास बी यू एम एस के समकक्ष की डाक्टर की डिग्री है वादी उनके पास अपना इलाज कराने आता था पर वो चाहता था कि वो जल्दी ठीक हो जाये इसी बात पर डाक्टर और पीड़ित का झगड़ा हुआ उसी झगड़े मे पीड़ित की ऊँगली कट गई जो उनका इरादा नही था फिलहाल पुलिस ने अभियुक्त को दर्ज मुकदमे के आधार पर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर दी है।

# कोरांव संपूर्ण समाधान दिवस में 264 शिकायतें लंबित

❒ कुल 272 में से 8 का निस्तारण, शेष जांच को भेजी गईं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव तहसील में शनिवार को तहसीलदार रोशनी सोलंकी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 272 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 8 का मौके पर निस्तारण किया जा सका।शेष 264 शिकायतें लंबित रह गईं, जिन्हें संबंधित विभागों को जांच और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए भेज दिया गया है।

तहसीलदार ने सभी विभागों को निष्पक्ष आख्या अपलोड कर शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया।लंबित शिकायतों में सर्वाधिक 114 राजस्व गृह गोपन विभाग से संबंधित थीं। इसके अलावा, विकास विभाग की 46, शिक्षा विभाग की 42, समाज कल्याण की 1 और अन्य विभागों से संबंधित 69 शिकायतें शामिल थीं।समाधान दिवस में तहसीलदार के अतिरिक्त नायब तहसीलदार बडोखर राजीव शुक्ला, नायब राम मूरत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम कोरांव स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।क्षेत्र की जनता ने प्रयागराज मुख्यालय से कोरांव तहसील की दूरी का हवाला देते हुए बताया कि यहां शिकायतें अधिक आती हैं। जनता ने जिलाधिकारी से अगले समाधान दिवस में कोरांव तहसील आने की मांग की, ताकि फरियादी अपनी समस्याओं को सीधे उनके समक्ष रख सकें। पूर्व में भी जिलाधिकारी के आगमन की तिथि कई बार तय हुई थी, लेकिन वे किन्हीं कारणों से नहीं आ सके थे।

# मलिहाबाद में फिर सजने लगीं हाईवे किनारे अस्थायी आढ़त

❒ प्रशासन की चेतावनी बेअसरकरोड़ों की उपमंडी बनी 'शोपीस', सड़क किनारे कारोबार से जाम और हादसों का खतरा बढ़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मलिहाबाद, लखनऊ । किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई मलिहाबाद उपमंडी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आम का सीजन शुरू होते ही लखनऊ-हरदोई राजमार्ग किनारे फ्रूट कमीशन एजेंटों ने दोबारा अस्थायी आढ़तें सजानी शुरू कर दी हैं।

सड़क किनारे खुलेआम हो रहे थोक कारोबार से जहां यातायात व्यवस्था चरमरा रही है, वहीं हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद उपमंडी अब भी वीरान पड़ी है और अधिकांश व्यापार सड़क किनारे ही संचालित हो रहा है। इसके चलते आए दिन जाम की स्थिति बनती है और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी पूरी स्थिति से वाकिफ हैं, इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे आढ़तियों के हौसले बुलंद हैं। मंडी सचिव सुभाष सिंह ने बताया कि पिछले चार महीनों से आढ़तियों के साथ लगातार बैठकें कर उन्हें उपमंडी परिसर में कारोबार करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आढ़तियों ने आश्वासन भी दिया था, लेकिन अधिक मुनाफ़े और कमीशन के लालच में फिर से सड़क किनारे कारोबार शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर के बाहर कारोबार करना न केवल मंडी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे मंडी शुल्क के रूप में सरकार को लाखों रुपये का नुकसान भी हो रहा है। मंडी सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि मंडी के बाहर बोर्ड लगाकर कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और संबंधित फर्मों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। मंडी समिति की ओर से किसानों से अपील की गई है कि वे बिना किसी बिचौलिए के सीधे मंडी पहुंचकर अपनी उपज बेचें। मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मंडी सचिव ने बताया कि हाल ही में मलिहाबाद से लाइसेंस लेकर दुबग्गा मंडी में कारोबार कर रही 25 फर्मों के लाइसेंस निलंबित किए गए थे। इसी तरह अब मलिहाबाद क्षेत्र में मंडी के बाहर कारोबार कर रही फर्मों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाएंगे और उनके लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। इस मामले में जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि पूर्व में उपजिलाधिकारी स्तर पर बैठक की जा चुकी है। जल्द ही सड़क किनारे लग रही आढ़तों को मंडी परिसर के अंदर शिफ्ट कराया जाएगा, ताकि किसानों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य मिल सके और जाम जैसी समस्याओं से लोगों को राहत मिल सके।

# लखनऊ पहुंचे अभिनेता अंशुमान पुष्कर और महवश सतरंगी बदले का खेल' का किया अनोखा प्रमोशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । नवाबों के शहर लखनऊ में आगामी हिंदी ज़ी5 ओरिजिनल सीरीज़ 'सतरंगी बदले का खेल' के प्रमोशन का रंगीन अंदाज देखने को मिला। सीरीज़ के मुख्य कलाकार अभिनेता अंशुमान पुष्कर और अभिनेत्री महवश प्रमोशन के सिलसिले में लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने शो की थीम पर आधारित विशेष टेंपो के साथ शहर में अनोखा फोटोशूट कराया। सीरीज़ की रंगीन दुनिया को दर्शाने के लिए शो में इस्तेमाल किए गए खास टेंपो को दोबारा तैयार किया गया। यह आकर्षक टेंपो शहर की सड़कों पर घूमता नजर आया, जिसने राहगीरों और युवाओं का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कलाकारों ने लखनऊ की संस्कृति, खानपान और यहां के माहौल का भी आनंद लिया। इस दौरान अंशुमान पुष्कर ने कहा कि लखनऊ की खूबसूरती और यहां के लोगों का अपनापन बेमिसाल है। यहां हमें जो प्यार और उत्साह मिला, वह बेहद शानदार रहा। शहर में 'सतरंगी बदले का खेल' के टेंपो को दोबारा तैयार करना हमारे लिए यादगार अनुभव रहा। यहां के लोगों की ऊर्जा ने हमें इस कहानी को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए और अधिक उत्साहित किया है। वहीं महवश ने कहा कि वह पहले भी लखनऊ आ चुकी हैं और इस शहर से मिलने वाला प्यार उन्हें हमेशा खास एहसास कराता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ जैसा अपनापन शायद ही किसी और शहर में देखने को मिलता हो। इस मौके पर कलाकारों ने लोगों से आगामी सीरीज़ 'सतरंगी बदले का खेल' देखने की अपील की। यह सीरीज़ 22 मई 2026 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

# आरटीई बच्चों को अलग सेक्शन में बैठाने का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल पर अभिभावकों ने उठाए सवाल

बिसवां, सीतापुर। ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल के खिलाफ आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में पहुंचे अभिभावकों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की।अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत चयनित बच्चों को फीस जमा करने वाले बच्चों से अलग कक्षाओं में बैठाने की व्यवस्था कर रखी है।

आरोप है कि सभी आरटीई बच्चों को अलग सेक्शन बनाकर पढ़ाया जा रहा है, जिससे बच्चों में हीन भावना पैदा हो रही है।शिकायत पत्र में कहा गया है कि स्कूल के मोबाइल एप से आरटीई बच्चों के अभिभावकों का लॉगइन कुछ दिनों बाद बंद कर दिया जाता है। साथ ही इन बच्चों को विद्यालय की वाहन सुविधा से भी वंचित रखा जा रहा है। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि आरटीई कक्षाओं में कम अनुभवी शिक्षिकाओं की तैनाती की गई है, जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।अभिभावकों के अनुसार कई बार स्कूल प्रशासन से आरटीई बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि प्री-प्राइमरी, एलकेजी व यूकेजी के छोटे बच्चों की कक्षाएं दूसरी व तीसरी मंजिल पर संचालित की जा रही हैं, जिससे बच्चों को सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में परेशानी होती है।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा आरटीई बच्चों को सामान्य कक्षाओं में पढ़ाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।शिकायत पत्र पर अनिमेश नाग, इशरत, इरशाद अली, नितिन कुमार, नुसरत अली, अरशद, फहमिना व अमन वर्मा सहित कई अभिभावकों के हस्ताक्षर हैं।विद्यालय के निदेशक उमंग राजवंशी ने बताया 80 बच्चों का एलॉटमेंट स्कूल में कर दिया गया है जिससे हमको नए सेक्सन बनाने पड़े। बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया जा रहा है।

## चयनित अभ्यर्थी की काउंसलिंग 19 एवं 20 को

रायबरेली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया है कि शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0 द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक परीक्षा वर्ष 2021 संशोधित परीक्षा परिणाम तिथि 6 सितम्बर 2022 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विद्यालय आवंटन कर सत्यापित सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में उक्तवत अनन्तिम चयन/जनपद आवंटन सूची में जनपद रायबरेली हेतु चयनित अभ्यर्थी की काउंसलिंग 19 मई 2026 (महिला अभ्यर्थी) एवं 20 मई 2026 (पुरुष अभ्यर्थी) को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 5 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियत की जा रही है जिसमे संबंधित समस्त जनपद रायबरेली हेतु चयनित अभ्यर्थी काउन्सलिंग हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों (चैन बंद फाइल में) एवं उनकी दो सेट छायाप्रति की पत्रावली सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# डीएम-एसपी ने तहसील महराजगंज में फरियादियों की सुनी समस्याएं

❒ सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 76 शिकायतें आयी, 8 का मौके पर हुआ निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील महराजगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 26, पुलिस विभाग 21, विकास विभाग 06 व अन्य विभाग 23 कुल 76 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 08 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महराजगंज चन्द्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार, तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इंदिरा नगर में 35 बीघे अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। एलडीए ने शनिवार को अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए इंदिरा नगर, मोहनलालगंज और गोसाईंगंज क्षेत्र में बुलडोजर चलाया।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि मोहनलालगंज के खुजौली स्थित नगराम रोड पर कययूम मिर्ज़ा व अन्य द्वारा लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध भवन निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, गोसाईंगंज के सोनई कजेहरा में ऋषिदेव व अन्य द्वारा करीब 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के भवन निर्माण किया जा रहा था। एलडीए की टीम ने दोनों अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिये। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर सादात में अभियान चलाकर लगभग 35 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही 6 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयी। कार्रवाई के दौरान महिपाल, राम गुलाम, जीतू यादव, रमेश कुमार, दहदीन, लवकुश व अन्य द्वारा करायी जा रही प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया।

# बीबीडी यूनिवर्सिटी में देर रात बवाल छात्र–प्रबंधन विवाद के बाद हाईवे जाम

❒ छात्र मेस से खाना पैक कर अपने हॉस्टल रूम में ले जा रहा था। इसी दौरान मेस स्टाफ और हॉस्टल प्रबंधन ने उसे नियमों का हवाला देते हुए रोक दिया जिस लेकर विवाद बढ़ गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित बीबीडी यूनिवर्सिटी में बुधवार देर रात छात्र और हॉस्टल प्रबंधन के बीच हुआ विवाद उग्र प्रदर्शन में बदल गया। मेस के नियमों को लेकर शुरू हुई कहासुनी के बाद माहौल इतना बिगड़ गया कि छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में हंगामा करते हुए हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हालात को काबू में किया।

जानकारी के अनुसार, फर्स्ट ईयर का एक छात्र मेस से खाना पैक कर अपने हॉस्टल रूम में ले जा रहा था। इसी दौरान मेस स्टाफ और हॉस्टल प्रबंधन ने उसे नियमों का हवाला देते हुए रोक दिया। इस बात को लेकर छात्र और प्रबंधन के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि बहस के दौरान हॉस्टल वार्डन और छात्र के बीच कहा सुनी हुई, जिसमें छात्र घायल हो गया।घटना की जानकारी हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्रों को मिली तो उनमें नाराजगी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र हॉस्टल से बाहर निकल आए और यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित छात्रों ने कैंपस में लगे कुछ होर्डिंग्स और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया।इसके बाद प्रदर्शन कर रहे छात्र यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट तक पहुंच गए, जहां गेट का लॉक तोड़कर बाहर निकल आए और हाईवे पर बैठकर जाम लगा दिया। देर रात तक छात्रों का प्रदर्शन जारी रहा, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हो गया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पूर्वी जोन के पुलिस अधिकारियों समेत कई थानों की फोर्स ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता और समझाइश के बाद छात्रों को शांत कराया गया और हाईवे से हटाकर हॉस्टल भेजा गया।

## छात्रों के हंगामे के बीच बीबीडी थाने के कई पुलिसकर्मी रहे गायब, 25 पर गिरी गाज

लखनऊ । राजधानी के संवेदनशील बीबीडी थाना क्षेत्र में छात्रों के हंगामे के दौरान पुलिस विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। हॉस्टल मेस में खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते उग्र प्रदर्शन में बदल गया। छात्रों ने सड़क जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद हालात संभालने के लिए एडीसीपी, एसीपी समेत कई थानों की फोर्स और पीएसी को मौके पर बुलाना पड़ा।करीब दो घंटे तक चले हंगामे के दौरान पुलिस प्रशासन को स्थिति नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस बीच हैरानी की बात यह रही कि जहां दूसरे थानों की पुलिस मौके पर डटी रही, वहीं बीबीडी थाने में तैनात 25 से अधिक दरोगा, दीवान और सिपाही मौके पर नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि उन्हें लगातार फोन कॉल और पुलिस ग्रुप के जरिए मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए जाते रहे, लेकिन कई पुलिसकर्मी अनुपस्थित रहे।मामले को गंभीरता से लेते हुए देर रात अधिकारियों ने थाने पहुंचकर गैरमौजूद पुलिसकर्मियों की जानकारी जुटाई। जांच में सामने आया कि कई पुलिसकर्मी न तो छुट्टी पर थे और न ही किसी अन्य ड्यूटी में व्यस्त थे। इसके बाद अधिकारियों ने लापरवाही मानते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।सूत्रों के मुताबिक अनुपस्थित पुलिसकर्मियों के खिलाफ बीबीडी थाने के रोजनामचे में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि बीबीडी थाना क्षेत्र में बीबीडी यूनिवर्सिटी समेत कई बड़े शिक्षण संस्थान मौजूद हैं, जहां हजारों छात्र हॉस्टल और पीजी में रहकर पढ़ाई करते हैं। ऐसे में क्षेत्र को काफी संवेदनशील माना जाता है।छात्रों के विवाद और आपराधिक घटनाओं को लेकर पहले भी यह इलाका सुर्खियों में रहा है। ऐसे में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति ने विभागीय कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कार वॉश सेंटर संचालक और सहयोगी पर मारपीट व धमकी का आरोप

सरोजनी नगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में कार धुलवाने गए युवक के साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमित गौतम निवासी स्कूटर्स इंडिया गेट फर्स्ट, सरोजनीनगर ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार 10 मई 2026 को वह शांति बेकरी के पास स्थित एक कार वॉशिंग सेंटर पर अपनी कार धुलवाने गए थे। आरोप है कि कार वॉश सेंटर संचालक मो. इमरान खान ने उनके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए बदसलूकी की।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि इसी दौरान वहां मौजूद कपिल सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने भी मो. इमरान का समर्थन करते हुए पीड़ित को धमकाया और कहा कि ह्लतुमको ठीक कर दूंगा।ङ्ग आरोप है कि दोनों ने मिलकर गाली-गलौज, मारपीट और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपी धक्का-मुक्की और हाथापाई पर आमादा हो गए थे।अमित गौतम ने बताया कि आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकल सके। घटना के बाद से वह और उनका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। पीड़ित ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की पड़ताल शुरू की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मलिहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

❒ जनपद की पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 709 प्रकरण प्राप्त हुए, 167 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। जनता की समस्याओं के गुडवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शनिवार को जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 146 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर राहत दी गई। फरियादियों में ग्राम अम्बर खेड़ा ससपन निवासी आफ़ताब अहमद पुत्र इरशाद अहमद नें ग्राम ससपन स्थित गाटा संख्या 1336 रकबा 0.347 हेक्टेयर तालाब के पट्टे की पैमाईश के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया, जिलाधिकारी ने उनकी पात्रता पर सवाल उठाकर उनके पट्टे की जांच कर निरस्त करने के आदेश दिए है, ग्राम ढेढेमऊ निवासी अम्बर पुत्र राम औतार ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनकी पत्नी केशकली के नाम आवंटित वैध पट्टा (गाटा संख्या 723सी) को कुछ स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा कर चोरी-छिपे बेचा जा रहा है और शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम कसमण्डी कलॉ निवासी अजय कुमार ने शिकायत की कि पिछले दो वर्षों से मुख्य सड़क पर नाली और शौचालय का गंदा पानी बह रहा है, जिससे राहगीर आए दिन चोटिल हो रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने ग्राम प्रधान और सचिव से शिकायत की, तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गलत रिपोर्ट लगाने की धमकी दी। 'सामाजिक न्याय महासभा' के प्रदेश उपाध्यक्ष जीशान वली ने सीएचसी मलिहाबाद जाने वाले जर्जर मुख्य मार्ग की मरम्मत और मरीजों व एम्बुलेंस की सुगमता के लिए महिला अस्पताल तक 20 से 25 फीट चौड़े वैकल्पिक मार्ग के निर्माण की मांग उठाई। मोहल्ला सैय्यदवाड़ा में पिछले 15 वर्षों से लगे जर्जर 250 केवीए ट्रांसफार्मर को बार-बार होने वाले फॉल्ट के कारण बदलने की मांग की गई। मारूफ अंसारी ने नगर पंचायत में भारत गैस उपभोक्ताओं को डिस्ट्रीब्यूटर्स के कारण 45 दिनों में मिल रहे सिलेंडर को शहरी मानक के अनुसार 25 दिनों में उपलब्ध कराने की मांग की। ग्राम टिकैतगंज निवासी राम खेलावन ने अपनी स्वर्गीय माता के अंतिम संस्कार के बाद खेत से दबंगों द्वारा जबरन 100 से अधिक हरे बांस चोरी से काटने और विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया, जिस पर काकोरी पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी विशाख जी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि यदि कोई अधिकारी बिना मौके पर जाए घर बैठे फर्जी या भ्रामक रिपोर्ट लगाता पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# समेसी पुल पर पुलिस का सख्त पहरा

❒ नगराम पुलिस ने चलाया मेगा चेकिंग अभियान, यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । सड़क सुरक्षा को लेकर नगराम पुलिस शनिवार शाम पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आई। थाना क्षेत्र के समेसी पुल पर नगराम पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया और पिकअप डाला वाहनों को रोककर गहन जांच की गई तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवकों को रोककर हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत दी गई, वहीं कार और पिकअप डाला चालकों को सीट बेल्ट लगाने के महत्व के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर मौतें यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है। इस दौरान पुलिस टीम ने कई वाहनों के दस्तावेज भी जांचे और नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। नगराम पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अपनी सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से करें तथा सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवस्था में सहयोग दें। अभियान के दौरान सब इंस्पेक्टर अनुज भाटी, हिमांशु पाण्डेय, चन्द्रशेखर, महिला दरोगा अल्पा देवी समेत पुलिस टीम मौजूद रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत



**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना के अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाईवे अर्जुनपुर गांव के निकट बीती रात एक व्यक्ति ऑटो रिक्शा से बीमार सास को देखने जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अकड़रिया कला ग्राम पंचायत के मजरा हीरा पुरवा निवासी मैकू लाल ने बताया उनका पुत्र विनोद कुमार 40 वर्ष बीती रात सिंह हॉस्पिटल बेहड़ा चक्की बीकेटी बीमार भर्ती सास को देखने जा रहा था। तभी अज्ञात डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की रिपोर्ट मैकू लाल ने दर्ज कराई है।इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## निजी वीडियो रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करने का आरोप, पीड़िता ने चिनहट थाने में दी तहरीर

**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने युवक पर निजी वीडियो रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करने, बदनाम करने की धमकी देने और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता के अनुसार वह पिछले करीब चार वर्षों से आरोपी के संपर्क में थी। शुरुआती दौर में दोनों के बीच प्रेम संबंध थे, लेकिन बाद में आरोपी का व्यवहार बदल गया और वह मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान बिना जानकारी और अनुमति के निजी बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली।युवती का आरोप है कि आरोपी उन्हीं रिकॉर्डिंग के आधार पर लगातार ब्लैकमेल कर रहा था तथा शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देता था। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी कुछ निजी रिकॉर्डिंग अन्य लोगों को भी भेजी, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।तहरीर में कहा गया है कि आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार कॉल कर मानसिक दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं, पीड़िता के परिजनों और परिचितों को भी फोन कर धमकाने और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लैपटॉप चोरी और धमकी मामले में युवती कोर्ट पहुंचने को मजबूर, चिनहट पुलिस के कार्रवाई पर उठे सवाल

**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में लैपटॉप चोरी, धमकी और उत्पीड़न से जुड़ा मामला अब न्यायालय तक पहुंच गया है। पीड़िता युवती ने आरोप लगाया है कि कई बार शिकायत और अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी निवासी युवती लखनऊ में रहकर पढ़ाई और नौकरी कर रही थी। युवती का कहना है कि उसने अपना लैपटॉप परिचित युवती के किराए के कमरे पर रखा था। परीक्षा और कार्यालय कार्य के चलते वह कुछ दिनों तक लैपटॉप लेने नहीं पहुंच सकी। बाद में जब वह कमरे पर पहुंची तो उसे बताया गया कि लैपटॉप चोरी हो गया है।पीड़िता का आरोप है कि जब उसने लैपटॉप के बारे में जानकारी मांगी तो आरोपित युवती अलग-अलग बातें बताकर गुमराह करने लगी। मामले की शिकायत चिनहट थाने में की गई, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर पूछताछ भी की, लेकिन कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं हुई।युवती ने दावा किया है कि मकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपित युवती बैग लेकर निकलती दिखाई दे रही है, जिससे लैपटॉप उसके पास होने की आशंका जताई जा रही है। पीड़िता के मुताबिक लैपटॉप में नौकरी और ऑफिस से जुड़ा महत्वपूर्ण डाटा मौजूद था, जिसके दुरुपयोग की आशंका बनी हुई है।इतना ही नहीं, शिकायत करने पर पीड़िता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल और पुलिस अधिकारियों को भी शिकायत भेजी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर एफआईआर दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## पार्किंग के दौरान कार की टक्कर से युवक की मौत, महानगर इलाके में मचा कोहराम

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र स्थित निशातगंज में शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकला था, तभी पड़ोसी द्वारा कार पार्क करते समय हुई लापरवाही उसकी जान पर भारी पड़ गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिवार में मातम छा गया।मृतक की पहचान अजाज उर्रहमान उर्फ रहमान खान निवासी पहली गली निशातगंज के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अजाज रात करीब 10:30 बजे घर से निकलकर वाल्दा रोड पर टहल रहे थे। इसी दौरान ग्रैंड i10 कार संख्या UP 32 JE 4578 के चालक अनिल कुमार सिंह ने वाहन कोलापरवाही पूर्वक पार्क करते समय उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर पड़ा और कार उसके सीने पर चढ़ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। परिजन आनन-फानन में घायल अजाज को भाऊराव देवरस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा बताया जा रहा है। उसकी मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में मृतक के बड़े भाई अताउर्रहमान की तहरीर पर थाना महानगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं का मोर्चा न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बार एसोसिएशन की आपात बैठक में फूटा आक्रोश, कार्यशैली पर लगाए गंभीर आरोप

बख्शी का तालाब, लखनऊ । तहसील बख्शी का तालाब में शनिवार को उस समय माहौल गरमा गया जब बीकेटी बार एसोसिएशन की आपात आम सभा में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी बीकेटी साहिल कुमार की कार्यप्रणाली के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि न्यायिक कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिससे वादकारियों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा।बार एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों का समय से निस्तारण नहीं हो रहा है और आदेश पारित करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। इससे तहसील में न्यायिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभा में कई अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारियों का रवैया अधिवक्ताओं और वादकारियों के प्रति सहयोगात्मक नहीं है।अधिवक्ताओं ने इसे न्यायिक प्रक्रिया के प्रति उदासीनता बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की।बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि उपजिलाधिकारी बीकेटी के स्थानांतरण तक तहसील की समस्त न्यायालयों का बहिष्कार किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।बैठक का संचालन महामंत्री जितेन्द्र बहादुर सिंह एडवोकेट ने किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सागर रावत, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी, संयुक्त मंत्री दुर्गेश सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ओटीएस योजना से मिली बड़ी राहत मिली 37 लाख रुपये की छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । एलडीए की ओटीएस-2026 योजना लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। सीतापुर रोड योजना के आवंटी शिव प्रताप सिंह की बकाया देनदारी चक्रवृद्धि और दण्ड ब्याज जुड़ने से 2.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी थी, लेकिन ओटीएस योजना में आवेदन करने पर उन्हें 37 लाख रुपये की छूट मिल गयी।

शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पारिजात सभागार में ओटीएस योजना के सफल आवेदकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान शिव प्रताप सिंह के परिवार ने शासन की पहल और एलडीए टीम का आभार जताया। एलडीए में अब तक 573 आवंटियों ने ओटीएस-2026 योजना के तहत आवेदन किया है। इसके सापेक्ष चक्रवृद्धि एवं दण्ड ब्याज में छूट के साथ 31.18 करोड़ रुपये की डिमांड जनरेट की गयी है। वित्त नियंत्रक दीपक सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल से शुरू हुई यह योजना 17 जुलाई 2026 तक चलेगी। आवंटियों की सुविधा के लिए एलडीए भवन के कमेटी हॉल में विशेष हेल्प डेस्क भी स्थापित की गयी है, जहां ऑनलाइन आवेदन में मदद दी जा रही है। ओटीएस योजना में सकारात्मक सहभागिता करने वाले 11 आवंटियों को सम्मानित किया गया। गोमती नगर निवासी मंजू सोनी को उनके ईडब्ल्यूएस भवन की बकाया धनराशि पर करीब 67 हजार रुपये की छूट मिली, जबकि चेतना को बसंतकुंज योजना की सम्पत्ति पर 58 हजार रुपये का लाभ मिला। कानपुर रोड योजना के आवंटी श्री प्रकाश को भी करीब 90 हजार रुपये की राहत मिली।उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि ओटीएस योजना के तहत आवंटियों को चक्रवृद्धि और दण्ड ब्याज से पूरी राहत दी जा रही है, जिससे वे शेष धनराशि जमा कर अपनी सम्पत्ति के मालिक बन सकेंगे।

# शिकायतें होती रहीं, अफसर सोते रहे, फुटपाथ निगल गया अवैध निर्माण

❒ आईजीआरएस, मौखिक शिकायतें और अखबारों में खबरों के बाद भी नहीं टूटी अधिकारियों की चुप्पी

❒ सरकारी सड़क पर कब्जा बढ़ता रहा, जिम्मेदार विभाग देखते रहे तमाशा

कैनविज टाइम्स संवाददाता


फुटपाथ घेरकर निकाला जा रहा दो मंजिला छज्जा, सिमट रही सड़क

शिकायत पर कार्रवाई की बात कहकर घिरे जिम्मेदार, लोगों ने उठाए मिलीभगत के सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फालोअप

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी जमीनों, सड़कों और फुटपाथों पर बढ़ते कब्जों ने प्रशासनिक कार्य प्रणाली की पोल खोल दी है। वार्ड संख्या-5 स्थित रामपुर राधा स्वामी मार्ग पर सार्वजनिक फुटपाथ घेरकर दो मंजिला छज्जा निकाल दिए जाने का मामला अब जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर बड़ा सवाल बन गया है।

हैरानी की बात यह है कि मौखिक शिकायतों, आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और अखबारों में लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी नगर पंचायत और राजस्व विभाग कार्रवाई के लिए नहीं जागे। स्थानीय लोगों के मुताबिक पूर्वांचल छात्रावास के सामने बन रहे भवन में सड़क किनारे बने फुटपाथ पर करीब तीन फीट तक कब्जा कर लिया गया। इसके बाद सड़क की ओर काफी आगे तक दो मंजिला छज्जा भी निकाल दिया गया। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य धीरे-धीरे नहीं बल्कि खुलेआम हुआ, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहे।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जब अवैध निर्माण की जानकारी अधिकारियों को पहले से थी तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? क्या सरकारी जमीनों और सार्वजनिक सड़कों की निगरानी करना प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है? लोगों का कहना है कि यदि हर अवैध कब्जे पर प्रशासन शिकायत का इंतजार करेगा तो फिर सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा कौन करेगा।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार सरकारी अभिलेखों में सड़क की चौड़ाई छह मीटर दर्ज है, लेकिन लगातार हो रहे अतिक्रमण से सड़क सिमटती जा रही है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में यहां जाम, दुर्घटना और विवाद की स्थिति बन सकती है।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अधिकारियों की मौजूदगी में सार्वजनिक फुटपाथ पर दो मंजिला छज्जा कैसे निकल गया। लोगों का आरोप है कि यदि शुरुआती स्तर पर कार्रवाई होती तो निर्माण इतना आगे नहीं बढ़ पाता। अब कार्रवाई न होने से प्रशासन और निर्माणकर्ताओं की मिलीभगत की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत, राजस्व विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण से संयुक्त अभियान चलाकर सरकारी जमीनों और सड़कों पर हो रहे कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि यदि मुख्य मार्गों पर खुलेआम अतिक्रमण नहीं रुके तो आम जनता का प्रशासन से भरोसा उठ जाएगा।

## बेदखली के बाद भी खलिहान भूमि पर कब्जा बरकरार

मानपुर लाला गांव में खलिहान की सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गाटा संख्या 205, रकबा 0.1010 हेक्टेयर भूमि खलिहान दर्ज है, जिसमें 0.0160 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे का आरोप है। राजस्व विभाग द्वारा बेदखली नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन पर ढिलाई और संरक्षण का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि केवल कागजी कार्रवाई हो रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तत्काल कब्जा हटाने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## स्कूटी खड़ी करने के विवाद में युवक पर डंडों से हमला, सिर फूटा

बख्शी का तालाब, लखनऊ । नगर पंचायत कार्यालय बीकेटी के बाहर स्कूटी खड़ी करने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कार सवार युवकों ने एक युवक पर डंडों से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल युवक ने बीकेटी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भीखापुरवा निवासी अनुभव कुमार के अनुसार वह किसी निजी कार्य से नगर पंचायत कार्यालय गए थे। कार्यालय के बाहर वह अपनी स्कूटी खड़ी कर रहे थे, तभी कार सवार कुछ लोग वहां पहुंच गए। वाहन खड़ा करने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कार सवार दो युवकों ने कार से डंडा निकाल लिया और उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।हमले में अनुभव कुमार का सिर फट गया और शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों के जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका मेडिकल कराया गया।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी में आग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भीषण गर्मी के दौरान आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव और सामाजिक सुरक्षा को लेकर विज्ञान फाउंडेशन संस्था द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पीएसी 35वीं वाहिनी महानगर एवं प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज में इंटरफ़ेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, किशोरियों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने कहा कि जनसहयोग से किसी भी दुर्घटना से निपटना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में सभी को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है।उन्होंने महिलाओं को रसोई में विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि गैस सिलेंडर में लीकेज महसूस होने पर तुरंत खिड़की-दरवाजे खोल दें। किचन में पानी और बालू अवश्य रखें तथा सिलेंडर की ट्यूब में क्रैक होने पर तुरंत बदल दें। संभव हो तो अग्निशमन यंत्र भी रखें।मनोज वर्मा ने बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि घर की वायरिंग और बिजली के तारों की समय-समय पर जांच करानी चाहिए। सही एमसीबी का प्रयोग करें और शॉर्ट सर्किट होने पर मुख्य लाइन बंद करके ही आग बुझाने का प्रयास करें।उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि जो जानकारी उन्हें दी गई है, उसे अपने आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर दुर्घटनाओं से बच सकें।इस मौके पर विज्ञान फाउंडेशन के जितेंद्र मौर्य, शीबा, महेश, कोमल किशन, पम्मी यादव समेत छात्र-छात्राएं, अभिभावक और क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# जाम की समस्या व अतिक्रमण पर डीएम सख्त, किया निरीक्षण

❒ अतिक्रमण न हटाने पर नोटिस व जुर्माने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महानगर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या तथा व्याप्त अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी एवं एसपी सिटी देवेंद्र कुमार के साथ स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया और शहर के विभिन्न प्रमुख चैराहों, बाजारों एवं मार्गों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कचहरी चौराहा, जीआईसी तिराहा, जेल रोड, बहादुरगंज, लकड़ी मंडी, निशात रोड, लाल इमली चौराहा, रेलवे फटकिया तथा बस अड्डे के आसपास व्याप्त अतिक्रमण



और यातायात अव्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित को वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित कर आवागमन को सुचारु बनाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि खिरनीबाग रामलीला मैदान एवं जिला कारागार के पास गली को व्यवस्थित मार्ग के रूप में विकसित करें। साथ ही जेल के पीछे पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा बहादुरगंज मार्केट में अतिक्रमण हटाकर एकल मार्ग व्यवस्था लागू करने के निर्देश नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को लेकर पहले व्यापक स्तर पर मुनादी एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग स्वयं अतिक्रमण हटाएं। इसके बावजूद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने लकड़ी मंडी क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं नागरिकों को जाम से राहत दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाएगा।

# बिना ऑनलाइन अनुमति मिट्टी खनन करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी ने सूचित किया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश दिनांकः 18.09.2020 के द्वारा 100 घनमीटर तक खनन/परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। इस कार्य के लिए सम्बन्धित आवेदक को माइन मित्रा के पोर्टल www.minemitra.up.gov.in पर आनलाईन आवेदन कर ऑनलाईन अनुज्ञा प्राप्त करना चाहिए। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रपत्रों के साथ आनलाईन आवेदन किया जाना चाहिए, जिसमें पंजीकरण हेतु नाम, पता, मोबाईल नं0, ईमेल आई0डी0 भरकर लॉगइन बनाया जायेगा। लॉगइन करने के उपरान्त प्रपत्र प्रदर्शित होगा, जिसमें आवेदक का नाम, पता, मो0नं0, ई-मेल आई0डी0, साधारण मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र सहित, भू स्वामी की सहमति, खनन की प्रयोजन, आवेदित खनन क्षेत्र का पूर्ण विवरण यथा जनपद, तहसील, ग्राम, गाटा सं0, कुल क्षेत्रफल, परिवहन किये जाने वाले वाहन का प्रकार व अन्य आवश्यक विवरण/अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य होगा। बिन्दु सं0-02 में उल्लिखित जानकारियों को भरकर आवेदक द्वारा आवेदन सबमिट किया जाना होगा, जिसके पश्चात आवेदक को पोर्टल से स्वजनित पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र में आवेदक का नाम व पता, खनन स्थल, वैधता अवधि अंकित होगी। आवेदक द्वारा सार्वजनिक सम्पति, संवेदनशील क्षेत्रों से मानक के अनुसार न्यूनतम सुरक्षा दूरी को छोड़कर खनन कार्य किये जाने सम्बन्धी स्व-घोषणा अपलोड की जायेगी। भूमि के स्वामित्व, भूमिधर की सहमति, सुरक्षा मानकों से सम्बन्धित स्व घोषणा आदि गलत पाए जाने पर पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित पंजीकरण समाप्त किया जा सकता है। जिसकी सूचना आवेदक को ई-मेल/मोबाईल नं0 पर मैसेज के माध्यम से प्रषित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत/ सरकारी/ व्यवसायिक कार्य हेतु आवेदक/ फर्म द्वारा 100 घनमीटर से अधिक साधारण मिट्टी के खनन अनुज्ञा हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया हेतु आवेदक को माइन मित्रा के पोर्टल www .minemitra. up.gov .in पर ऑनलाइन आवेदन कर सम्बन्धित तहसील से ऑनलाइन जॉचोपरान्त वह माइनिंग प्लान जमा कर नियमानुसार आनलाइन अनुज्ञा प्राप्त करना चाहिए। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रपत्रों के साथ आनलाइन आवेदन किया जाना चाहिए, जिसमें सम्बन्धित विभाग का कार्यादेश, सम्बन्धित गाटे के किसान का खनन अनुज्ञा हेतु सहमति पत्र, सम्बन्धित आवेदक का पहचान पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र, सम्बन्धित गाटे की खतौनी एवं प्रमाणित नक्शा की प्रति तथा मु0 2000/- का आवेदन शुल्क /चालान तथा क्यू0सी0आई0 नाफ़ेड संस्था द्वारा प्रमाणित माइन प्लानिंग रिपोर्ट होना आवश्यक है।उपरोक्तानुसार यथास्थिति ऑनलाइन पंजीकरण या खनन अनुज्ञा पत्र के बिना साधारण मिट्टी का खनन, अवैध खनन की श्रेणी में माना जायेगा और इस सम्बन्ध में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम-1957 की धारा 21 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

# विकास योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें : डीएम

❒ वीएचएसएनडी सत्र से लेकर गौशालाओं तक डीएम ने दिए सख्त निर्देश

❒ गांवों में निर्माण कार्यों की नियमित जांच करें बीडीओ : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी खण्ड विकास अधिकारी वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का निरीक्षण अवश्य करें तथा सत्र के दौरान गोद भराई अन्नप्राशन आदि गतिविधियों का भी संचालन करायें।

उन्होंने कहा कि सत्र के निरीक्षण के दौरान ग्रोथ मनीटरिंग डिवाइस की उपलब्धता की भी जांच करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अवस्थापना सुविधाओं तथा मरम्मत की भी जांच खण्ड विकास अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान अवश्य करें। इसके साथ ही पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, पेयजल, स्वच्छता सहित शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की अवश्य समीक्षा करें। सभी पात्र लाभार्थीपरक योजनाओं से अवश्य लाभान्वित हों, यह सुनिश्चित किया जाये। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। साथ ही नियमित रूप से गांवों में जाकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। निर्माण कार्यों में कोई कमी पाये जाने पर तत्काल कमियों को ठीक कराते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। सभी निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हों तथा निर्धारित समयावधि में पूर्ण हों, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी गौआश्रय स्थलों में मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। सभी खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक सप्ताह में दो गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण करते हुये आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, पैरावेट, सचिव एवं प्रधान की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। सभी गौआश्रय स्थलों में सी0सी0टी0वी0 संचालित रहें तथा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाये। सहभागिता योजना तथा अन्य सभी प्रकार की योजनाओं से संबंधित फंड रिक्वेस्ट समय से प्रेषित की जाये। चरागाह की भूमियों पर गौशालाओं के लिये अधिक से अधिक चारे का उत्पादन किया जाये तथा सभी गौशालाओं में भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। चरागाह की भूमियों को राजस्व विभाग से समन्वय कर कब्जा मुक्त कराया जाये। आगामी बाढ़ के दृष्टिगत बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गौआश्रय स्थलों हेतु समुचित प्रबंध किया जाये तथा विस्थापन किये जाने वाले पशुओं हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार कर ली जाये। पशुओं का टीकाकरण एवं इयर टैगिंग पूर्ण करायी जाये। सभी खण्ड विकास अधिकारी गौआश्रय स्थलों में गोबर के माध्यम से बड़ी मात्रा में उत्पाद जैसे दीपक, अगरबत्ती आदि के निर्माण हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करें, जिससे गौशालाओं का आर्थिक सशक्तीकरण हो सके। महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभावी संचालन के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कराते हुये मखाने की खेती को प्रोत्साहित किया जाये तथा उनके प्रशिक्षण की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित समस्त अभिलेखों को अद्यतन रखा जाये तथा डाटा फीडिंग का कार्य समय से कराया जाये। खराब प्रगति वाले बी0एम0एम0 को सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड कार्यालयों के समस्त अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखनें हेतु प्रभावी कार्यवाही करें। कोई भी खण्ड विकास अधिकारी बिना अनुमति प्राप्त किये मुख्यालय न छोड़े।

# दैवीय आपदा व मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत बांटे चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। दैवीय आपदा एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता राशि का वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर आदि ने दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक एवं डमी चेक वितरित किए।

इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन का कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता, लेकिन राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के




दुःख को कम करने के उद्देश्य से आर्थिक सहायता देकर उनके आंसू पोंछने का कार्य करती है। कहा कि हाल ही में प्रदेश में आए आंधी-तूफान एवं बेमौसम वर्षा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई गई है। एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने बताया कि 13 मई को आंधी-तूफान के दौरान विद्युत पोल गिरने से तहसील तिलहर क्षेत्र के आदेश की मौत हो गई थी। इसी तरह पेड़ गिरने से मंगल सिंह, फूलचन्द्र और संजीव सिंह की एक-एक दुधारू भैंस की मौत हो गई थी। इन पशुपालकों को आपदा राहत मद से प्रति पशु 37,500 की सहायता राशि वितरित की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शाहजहांपुर को रूपए 6.60 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। इस धनराशि से कुल 157 पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से डमी चेक वितरित किए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम, एसपी ने सर्राफा एसोसिएशन एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

❒ सोने की खरीद-फरोख्त पर सरकार द्वारा किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सर्राफा एसोसिएशन, व्यापारियों एवं विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्राफा व्यापार से संबंधित समस्याओं एवं उनके निराकरण के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री द्वारा की गई अपील के क्रम में यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि सोने की खरीद-फरोख्त पर सरकार द्वारा किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। यह केवल देशहित एवं आर्थिक



संतुलन बनाए रखने हेतु एक नैतिक एवं देशभक्तिपूर्ण अपील है।

उन्होंने कहा कि नागरिक आवश्यकतानुसार ही खरीदारी करें तथा अनावश्यक अफवाहों पर ध्यान न दें। स्थिति पूर्णतः सामान्य है और सोना अथवा अन्य आभूषणों की खरीद पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने सर्राफा व्यापारियों से ज्वेलरी की री-मॉडलिंग, रिपेयरिंग, रीसाइक्लिंग एवं रिप्लेसमेंट जैसी सेवाओं को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारियों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संज्ञान लिया गया है तथा उनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने तहसील सदर में सुनी फरियादियों की समस्याएं

❒ संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 53 प्रार्थना पत्रों में कुल 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सदर में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 53 प्रार्थना पत्रों में कुल 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का प्रभावी



एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद, जमीन की पैमाइश, अतिक्रमण, विरासत तथा खतौनी में त्रुटियों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जांच कर नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, डीएफओ सचिन कुमार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडे, तहसीलदार प्रियंका चैधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर जिले में वट सावित्री व्रत एवं वट वृक्ष पूजन का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही व्रत रखकर विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की तथा अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।नगर के मंदिरों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थित वट वृक्षों के पास सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पूजा स्थलों पर पहुंचीं और पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष का पूजन किया। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटते हुए परिक्रमा की तथा सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया।पूजन के दौरान महिलाओं ने फल, फूल, रोली, अक्षत, दीप और मिठाई अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक पर्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और संकल्प के बल पर अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और वैवाहिक सुख की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष को त्रिदेवों का स्वरूप माना जाता है और यह दीर्घायु, स्थिरता एवं जीवन शक्ति का प्रतीक है। इसी कारण वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।आजाद नगर मोहल्ले में रेनू मिश्रा, पूर्णिमा दीक्षित,सुशीला शुक्ला, मंजू शुक्ला, सीमा शुक्ला, सविता मिश्रा आदि महिलाओं ने एक-दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं भी दीं।

## युवक को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कटरा पुलिस ने जान से मारने की नीयत से गोली मारने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस भी बरामद किया है।13 मई को थाना कटरा क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी वेदराम ने अपने भाई रमेश को पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से गोली मारने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लाल पम्प के सामने शेरपुर मोड़ के पास से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा, खोखा कारतूस भी बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना तिलहर क्षेत्र के गांच धनकपुर निवासी सूबेदार पुत्र सुखलाल है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त सूबेदार ने बताया कि पूर्व में उसकी पत्नी की शादी रमेश के साथ तय हुई थी, लेकिन किसी कारणों से उक्त शादी नहीं हो सकी। बताया कि इसी बात को लेकर रमेश उसकी पत्नी को लगातार परेशान करता था, जिसकी जानकारी उसकी पत्नी के भाई फूलबाबू को थी। इसी बात से वो रमेश से नाराज था। घटना वाले दिन वो अपने साले फूलबाबू के साथ बाजार गया था, उसके पास पहले से तमंचा मौजूद था। रास्ते में शेरपुर-सुल्तानपुर मोड़ के पास उसे रमेश दिखाई दिया, तो उसने पीछे से तमंचे से फायर कर रमेश को गोली मार दी तथा दोनों लोग मौके से भाग गए। भागते समय घटना में प्रयुक्त तमंचे को रास्ते में झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त सूबेदार पर थाना तिलहर और कटरा में मर्डर और अपहरण आदि के पूर्व में भी मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के क्राइम इंस्पेक्टर प्रेमवीर सिंह के साथ एसआई मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## मेगा कैंप में बिजली विभाग ने वसूला लगभग ढाई लाख का राजस्व

**बिसवां,सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के विद्युत वितरण उप खण्ड रेउसा के तत्वावधान में शनिवार को जहांगीराबाद के एक निजी विद्यालय में मेगा कैंप लगाया गया। विद्युत वितरण उपकेंद्र सांडा द्वारा आयोजित इस शिविर में 18 बिजली उपभोक्ताओं से 2 लाख 42 हजार 492 रुपये का राजस्व जमा कराया गया।स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह पहला मेगा शिविर था, जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। कैंप में 8 बिल सही किये गये व 4 उपभोक्ताओं के कनैक्शन का भार बढ़ाया गया तथा 4 मीटर बदले गये।इस मेगा शिविर में बिजली बिल की गड़बड़ियां सुधारी गईं। नये कनेक्शन, नाम बदलवाने और लोड बढ़वाने की प्रक्रिया भी बताई गई। कई उपभोक्ताओं ने गलत बिल सही कराकर बकाया जमा किया। शिविर में सबसे ज्यादा शिकायतें ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का रोस्टर तय न होने को लेकर आईं।उपभोक्ताओं ने बताया कि रात में कई बार देर तक रोस्टिंग होती है और जहांगीराबाद फीडर से पहले की तरह सप्लाई नहीं मिल रही। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं ने बिल ज्यादा आने की शिकायत कर मीटर हटवाकर पुराने मीटर लगाने की मांग की। जे0ई0 सुरेश चन्द्र ने बताया कि शिविर में कई दर्जन उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं जिनमें से अधिकतर ने बिल भी जमा किया।

## दहेज हत्यारोपी पति व ससुर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कलान पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।13 मई को थाना परौर क्षेत्र के गांव बर्खेमई निवासी मुकेश कश्यप ने थाना कलान में तहरीर देकर बताया कि उसने हैसियत के अनुसार, अपनी 20 वर्षीय पुत्री नीलम की शादी थाना क्षेत्र के गांव भर्रामई निवासी सोमवीर से की थी। इसके बाबजूद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नीलम के ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते थे, ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्हत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दामाद सोमवीर, ससुर धर्मपाल, देवर ओमवीर, अनमोल, ननद श्यामप्यारी आदि के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी धर्मपाल और सोमवीर उर्फ श्यामवीर को आधीदेई तिराहे से विक्रमपुर जाने वाली रोड से गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेशकर उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कलान के उपनिरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय, विजेन्द्र सिंह, आरक्षी गौरव तोमर, रिक्रूट आरक्षी प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# वट सावित्री व्रत और शनि जयंती की धूम, सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर सहित लहरपुर, नैमिषारण्य और जहांगीराबाद क्षेत्र में ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर मनाए जाने वाले वट सावित्री व्रत एवं शनि जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिरों, आश्रमों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पतियों की लंबी आयु एवं अखंड सौभाग्य की कामना की।

लहरपुर क्षेत्र स्थित मनकामेश्वर नाथ मंदिर में वट वृक्ष पूजा के दौरान महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा मेले में जमकर खरीदारी भी की। हिंदू धर्म में वट वृक्ष को त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है, इसलिए वट सावित्री व्रत पर इसकी विशेष पूजा का महत्व बताया गया है।



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। इस दौरान स्थानीय दरोगा, महिला आरक्षी अंजू सिंह, कांस्टेबल राहुल वर्मा, जीतू कुमार, बृजेश कुमार दीवान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

वहीं नैमिषारण्य तीर्थ में भी वट सावित्री अमावस्या और शनि जयंती को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने घरों एवं मंदिरों के आसपास स्थित बरगद के वृक्षों के नीचे विधि-विधान से पूजा की। पूजा सामग्री में गुड़, भीगे चने, आटे से बनी मिठाई, रोली, कुमकुम, मौली, फल, पान, धूप, घी का दीपक एवं जल से भरा लोटा शामिल रहा। महिलाओं ने वट वृक्ष की जड़ों में जल अर्पित कर मौली धागा बांधा और परिक्रमा कर सुख-समृद्धि एवं पति की दीर्घायु की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने चक्रतीर्थ एवं गोमती नदी में स्नान-दान कर ललिता देवी मंदिर, व्यास गद्दी, हनुमानगढ़ी, सूत गद्दी, शौनक गद्दी, बालाजी मंदिर, कालीपीठ, सत्यनारायण सन्निधि आश्रम एवं देवदेवेश्वर मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन किया। पूरे नगर में शरबत एवं प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। इसी क्रम में भैरमपुर रोड स्थित स्व. रहस बिहारी परसादी लाल हनुमत आश्रम में रामपुर और रुद्रपुर से आए भक्तों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नर्मदेश्वर महादेव एवं शिव परिवार की स्थापना की गई। आश्रम पुजारी रामकिशोर बाबा भारती ने बताया कि शिवलिंग और शिव परिवार की प्रतिमाएं अमरकंटक से लाकर 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिष में स्थापित की गई हैं। इस अवसर पर आश्रम संचालिका हीरा देवी, अशोक कुमार तिवारी, अनुपम तिवारी, रौनक तिवारी, निखिल तिवारी, रवि सक्सेना, निखिल सैनी, बब्बू सक्सेना, संजीव, जगदीश सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उधर जहांगीराबाद क्षेत्र में केवानी नदी तट स्थित राधाकृष्ण आश्रम में भी सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की और पति की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान महिलाओं को सावित्री और सत्यवान की कथा सुनाई गई, जिसमें माता सावित्री द्वारा यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस मांगने की कथा का श्रवण कराया गया। पूरे जिले में वट सावित्री व्रत और शनि जयंती का पर्व आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

# मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

## महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और आत्मरक्षा की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद के श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फ़ेज-5 अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर थाना अखंडनगर के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी जानकारी होना भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देते हुए साइबर ठगी और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही आत्मरक्षा के उपायों एवं कठिन परिस्थितियों में साहस के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाएं मनीषा पांडे एवं रीता सिंह ने भी छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। विद्यालय परिवार ने इस पहल को छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

# जिलाअध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।नगर के होटल मोती महल में भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत पीलीभीत सदर और बरखेड़ा विधानसभा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ यह प्रशिक्षण वर्ग सात सत्रों में पूर्ण हुआ।वर्ग का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन से हुआ।इस वर्ग के उदघाटन सत्र में जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ,पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत ,नगर पंचायत बरखेड़ा के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल उपस्थित रहे । भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि जिले के सभी 19 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का कार्यक्रम पहले ही पूर्ण हो चुका है लेकिन आज इन प्रशिक्षण वर्गो के दौरान किसी कारण वश अनुपस्थित रहे पीलीभीत सदर विधानसभा और बरखेड़ा विधानसभा के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आज आयोजित सम्पन्न हुआ है क्र

सत्र को संबोधित करते हुए बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने सरकार की योजनाओं को विस्तार से समझाते हुए कहा कि संगठन और सरकार समानांतर रूप से एक साथ तालमेल से कार्य करते हैं।भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता चरैवेति चरैवेति के सिद्धांत पर निरंतर कार्य करता है उसके इस सिद्धांत को नई ऊर्जा देने के लिए संगठन द्वारा ऐसे प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाते हैं।उन्होंने बंगाल चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि हजारों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की निर्ममता पूर्वक हत्या के बाद आज सत्ता हासिल हुई है। तो उसका कारण सिर्फ और सिर्फ आयुष्मान भारत योजना किसान सम्मान निधि ,जनधन योजना , उज्ज्वला योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना , स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय जैसी योजनाएं हैं जिन्हें साफ नीयत से लागू किया गया जिस को ध्यान में रखते हुए बंगाल की देवतुल्य जनता ने सत्ता की चाबी भाजपा को सौंपी है।सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर चर्चा करते हुए बताया कि भारतीय जनसंघ के चुनाव चिन्ह दीपक से शुरू हुई ये भारतीय जनता पार्टी की ये यात्रा आज उस दौर में है।जब चुनाव चिन्ह कमल के फूल का परचम केंद्र के साथ साथ अधिकांश राज्यों में लहरा रहा है श्रेय यदि किसी को जाता है तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है। सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मुख्य नारा भारत माता की जय है इसी से साफ स्पष्ट होता है कि हम देश को अपनी मां मानकर कार्य करते हैं यही हमारी विचारधारा है और हम सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि सत्ता के माध्यम से राष्ट्र की सेवा के लिए कार्य करते हैं।इसके पश्चात अन्य सत्रों में दीपक अग्रवाल , जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा , अनुराग अग्निहोत्री , जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव , मान सिंह राठौर , नमन प्रताप राजपूत , जिला मंत्री नागेन्द्र प्रताप , अमित कुशवाहा , सत्यपाल वर्मा , जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार , जिला आई टी संयोजक हरिओम शर्मा , जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह , जिला सोशल मीडिया सह संयोजक विजय सरकार , माणिक मित्तल ,अनिल कुमार , मोहित गंगवार प्रमुखता से उपस्थित रहे है।

## कर्ज के बोझ तले दबे सर्राफा व्यापारी की ट्रेन से कटकर मौत

सुल्तानपुर। शहर के लखनऊ नाका रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर एक सर्राफा व्यापारी की मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर सलाहपुर बरदहिया निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार सोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने आर्थिक तंगी और भारी कर्ज के चलते आत्महत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार अनिल कुमार सोनी शनिवार दोपहर रेलवे ट्रैक के किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि उनका बायां हाथ कंधे से अलग हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल जीआरपी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जीआरपी थाने के उप निरीक्षक आरिफ खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उनकी पहचान की गई। बाद में परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि अनिल कुमार सोनी अपने घर के पास ही सर्राफा की दुकान चलाते थे। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके भाई गुलाब सोनी पंजाब में रहते हैं, जबकि फूल सोनी और अमित सोनी सुल्तानपुर में ही हैं। मृतक की पत्नी चंदा सोनी ने बताया कि दुकान पर काफी कर्ज हो गया था और वह लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे। लोन की किस्तें जमा न कर पाने को लेकर वह परेशान रहते थे। शनिवार को भी उन्होंने घर से निकलते समय किस्त जमा करने की बात कही थी। अनिल अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटों को छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा अमन कक्षा पांच का छात्र है, जबकि छोटा बेटा आयुष कक्षा दो में पढ़ता है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं जीआरपी पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## करौंदी कलां में बिजली संकट से ग्रामीण परेशान

करौंदी कलां। सुरापुर टीपी नगरा से मिलने वाली बिजली व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। क्षेत्र के करौंदी कलां सहित आसपास के गांवों में लगातार बिजली कटौती और घंटों आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली गायब रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन और रात में कई-कई घंटे बिजली नहीं रहती, जिससे पंखे, कूलर और पानी की मोटर बंद पड़ी रहती हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। उमस भरी गर्मी में लोग रातभर जागने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसानों और व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि सुरापुर टीपी नगरा से होने वाली बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाए और क्षेत्रवासियों को नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## भरा पचपेड़ा औद्योगिक हब को लेकर मझोला स्टेशन विस्तार की पहल तेज

पीलीभीत।भरा पचपेड़ा औद्योगिक हब में एबी मौरी फैक्ट्री समेत कई बड़े उद्योगों के आने की संभावना को देखते हुए मझोला रेलवे स्टेशन के विस्तार की मांग तेज हो गई है युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मिलकर माल गोदाम, कंटेनर यार्ड, अतिरिक्त प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के ठहराव जैसी सुविधाओं की मांग उठाई थी मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही का आग्रह किया रेल मंत्रालय द्वारा मामले में जांच शुरू कराए जाने की जानकारी दी गई है इससे मझोला रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण और क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संभल (बहजोई) ।जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल,क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जारी जिला सूचना कार्यालय जनपद संभल।

## मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, प्रेमिका से शादी करने की जिद

फिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार को एक युवक अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद युवक खुद ही नीचे उतर आया। जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी अंकित पुत्र महावीर सिंह शनिवार को गांधी नगर स्थित एक स्कूल के पीछे लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने युवक को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। इस दौरान युवक की प्रमिका से फोन पर बातचीत भी कराई गई, ताकि उसे शांत किया जा सके। करीब पांच घंटे के अथक प्रयासों के बाद युवक स्वयं ही टावर से नीचे उतर आया। इसके बाद पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले गई। अंकित का कहना था कि वह मैनपुरी जनपद के घिरोर क्षेत्र की एक युवती से प्रेम करता है और उससे शादी करना चाहता है। बताया गया है कि परिजनों द्वारा शादी से इनकार किए जाने पर युवक तनाव में आ गया और टावर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने लगा। क्षेत्राधिकारी टूंडला अरुण कुमार चौरसिया ने बताया कि युवक प्रेम प्रसंग के चलते तनाव में था और समझाने-बुझाने के बाद उसे सकुशल नीचे उतार लिया गया है।

# गेहूं खरीद कम होने पर राज्य मंत्री ने लगाई फटकार, लक्ष्य पूरा करने का दिया सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में गेहूं खरीद की धीमी गति पर शासन और राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने नाराजगी जता ते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार भी लगाया है।तीस मार्च से शुरू हुई खरीद के 47 दिन बाद भी लक्ष्य का एक छोटा हिस्सा ही पूरा हो पाया है।जिले के 103 क्रय केंद्रों पर अब तक सिर्फ 5600 मीट्रिक टन गेहूं की खरी द हुई है।शासन द्वारा गोंडा जिले के लिए 28 हजा र मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अभी 22 400 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद शेष है।धीमी प्रग ति को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई गई है और समय से पहले ल क्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।जिले में 5500 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से केवल 2600 किसानों ने ही सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना गेहूं बेचा है। किसानों के गेहूं बेचने न आने का एक मुख्य कार ण यह है कि कई क्रय केंद्रों पर खरीदा गया गेहूं अभी भी डंप पड़ा है।गेहूं का उठान न होने के कारण नए गेहूं की खरीद में दिक्कतें आ रही हैं। दूसरी ओर कई क्रय प्रभारी बोरी की कमी के चलते गेहूं खरीदारी में रुचि नहीं ले रहे हैं।डिप्टी आरएमओ एन के पाठक ने कम खरीद वाले गेहूं क्रय केंद्रों को नोटिस जारी कर खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।इससे पहले,गोंडा दौरे पर आए राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भी धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की थी और तेजी से खरीद के निर्देश दिए थे, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन भी गेहूं खरीद में धीमी गति को लेकर पहले ही फटकार लगा चुकी हैं।डिप्टी आरएमओ एन के पाठक ने कहा कि किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही लक्ष्य के करीब पहुंचा जा सकेगा।

# सुहागिन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत, पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना

एजेंसी



जौनपुर । यूपी के जौनपुर में शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु तथा अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह के समय महिलाएं टोलियों में अपने घरों से निकलकर वट वृक्ष के पास पहुंचीं। पूजा के लिए महिलाएं सत्यवान और सावित्री की मूर्ति या तस्वीर, जल से भरा कलश, रोली, कुमकुम, सिंदूर, हल्दी, अक्षत, कच्चा सूत या कलावा, धूप, अगरबत्ती, कपूर, मिट्टी का दीपक, नई लाल या पीली चुनरी और पंचामृत जैसी सामग्री लेकर आईं।

इस मौके पर पहली बार व्रत रख रहीं विवाहित महिलाएं काफी उत्साहित दिखीं। सोलह श्रृंगार करके आईं महिलाओं ने वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा की और उस पर रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने अपने पति के साथ सात जन्मों तक रिश्ते की कामना करते हुए उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की।

पंडित अभिषेक पांडेय ने बताया कि वट सावित्री व्रत को अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। विवाहित महिलाएं अपने दांपत्य जीवन की खुशहाली और पति की लंबी उम्र के लिए यह कठोर व्रत रखती हैं। शास्त्रों में इस व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। शनिवार को व्रत का मुहूर्त सुबह लगभग 5 बजे शुरू हुआ।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, वट सावित्री व्रत का संबंध सावित्री और सत्यवान की कथा से है। धार्मिक कथाओं के अनुसार, माता सावित्री के दृढ़ संकल्प से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान के प्राण वापस कर दिए थे। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।पंडित लाल साहब पाठक ने बताया कि वट वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं का वास स्थान माना जाता है, इसलिए इसे अक्षय वट भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन वट वृक्ष की पूजा, परिक्रमा और उस पर धागा बांधने से अखंड सौभाग्य, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। विवाहित महिलाएं वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखती हैं। इस अवसर पर माता सावित्री और सत्यवान की कथा सुनना भी अत्यंत फलदायी माना जाता है।

# डोड़वा जमौली सोलर प्लांट से 2390 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन, 19.60 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी : जिलाधिकारी

एजेंसी



कानपुर । डोड़वा जमौली स्थित मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट से अब तक 2390 मिलियन यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन हो चुका है, जिससे लगभग 19.60 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। यह परियोजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत मॉडल बनकर उभरी है। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं।

जिलाधिकारी ने बिल्हौर तहसील के डोड़वा जमौली में स्थापित एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के 225 मेगावाट क्षमता वाले मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। यह परियोजना उत्तर प्रदेश की प्रमुख सौर ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल है और एक स्थान पर संचालित प्रदेश की सबसे बड़ी सोलर परियोजना मानी जा रही है। निरीक्षण के दौरान एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के सीनियर मैनेजर अमितोष वर्मा ने बताया कि यह परियोजना लगभग 1203 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की गई है। मुख्य प्लांट ग्राम डोड़वा जमौली में स्थित है, जबकि इसका विस्तार नदिहा खुर्द, उत्तरी और मदाररायगुमान गांवों तक है। पूरे प्रोजेक्ट में करीब 9.82 लाख सोलर पैनल लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्थापना से अब तक प्लांट से उत्पादित बिजली का अनुमानित मूल्य लगभग 717 करोड़ रुपये है। यहां से उत्पादित बिजली रसूलाबाद, बिल्हौर, बांगरमऊ और मल्हावा फीडरों को आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार भी प्रदेश में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत आसपास के गांवों में विकास कार्य भी कराएगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी गठित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पीलीभीत में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक संगठन विस्तार के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक जिला संरक्षक शभद्रपाल गंगवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।बैठक में जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। विभू मिश्रा को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, सुश्री कमलेश भारती और वर्षा सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, डॉ. परिणीता सिंहा को जिला संयुक्त मंत्री, अरुण कुमार गौतम को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा देवेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।जिला महामंत्री मुईन अहमद खान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में जानकारी देते हुए संगठन को मजबूत करने और शिक्षकों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है।बैठक में जिला संगठन मंत्री जितेंद्र फौजी, जिला सह संगठन मंत्री आलोक जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष विपिन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष हफीज अहमद, खेमपाल सिंह, खूबकरन, देवेंद्र वर्मा, रवि आजाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों पर चलते हुए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है।

## पेड़रिया में अठारह से चौबीस मई तक श्रीमद भागवत कथा होगी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत पेड़रिया में पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कामख्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य इंद्रेश कौशिक जी महाराज द्वारा अपने मुखार बिंदु से भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा। ग्राम पंचायत पेड़रिया के प्रधान प्रतिनिधि एवं कार्यक्रम के आयोजक सुरेश सिंह ने बताया कि आगामी सत्रह मई को सायं चार बजे पुरुषोत्तम मास में होने वाली सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा हेतु कलश यात्रा निकाली जायेगी जो कि गांव स्थित प्राचीनतम साकेत धाम होते हुये मां मोक्षेश्वरी मंदिर जेहटा उसरहा, आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर से बाबा दत्तेहरेश्वर धाम रामपुर पंवारा से साकेत धाम में क्षीरसागर से कलश भरकर निज आवास पर पूर्ण होगी। कार्यक्रम के आयोजक सुरेश सिंह ने बताया कि आगामी अठारह मई से चौबीस मई तक सायं छह बजे से रात्रि दस बजे तक कामख्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य इंद्रेश कौशिक जी महाराज द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा और आगामी पच्चीस मई को हवन पूजन एवं पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक सुरेश सिंह ने आम जनमानस से नियमित कथा श्रवण करने की अपील करते हुये बताया कि समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## ढ़ोढनपुर के प्रधान पर जानलेवा हमले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने क्षेत्र के गांव ढोढनपुर के प्रधान एवं उनके भाई पर गुरुवार को दिनदहाड़े शाहमऊ बाजार में फिल्मी स्टाइल में प्राणघातक हमले में चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना को अंजाम देने वाले लोगों की तलाश के लिये पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर मजरे ढोढनपुर निवासी अली शेर पुत्र मोहब्बत ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उनके भाई अब्दुल कादिर व मोईनुददीन पुत्रगण मोहब्बत गुरुवार को दोपहर में लगभग एक बजे शाहमऊ बाजार में मकसूद फौजी के यहां बैठे थे तभी अनके गांव के ही कुख्यात अपराधी मोहम्मद तहरीम व मोहम्मद तसलीम पुत्रगढ़ नसीम निवासी सिंहपुर व सकलैन पुत्र मोहम्मद तौफीक ग्राम तामामऊ व नदीम पुत्र सईद निवासी नगदैय्यापुर चार अन्य अज्ञात लोग आये और कीलनुमा लोहे की राड़ व लोहे का पाइप व असलहे से लैस थे। एवं सभी लोग प्रार्थी के दोनो भाई, जो मकसूद फौजी के दुकान के अन्दर बैठे थे उनके ऊपर अचानक सभी लोगो ने कीलनुमा राड व लोहे की पाइप से दोनो भाइयों के ऊपर हमलावर हो गये और घटना को अंजाम देने के बाद भाग निकले। इस प्राणघातक हमले से दोनों लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये हैं जिनका उपचार चल रहा है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और घटना को अंजाम देने वाले लोगों की छानबीन की जा रही है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर अंकित कुमार पुत्र अमर बहादुर यादव निवासी ग्राम खौदिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## बहन की ससुराल में समझौता कराने गया भाई बना खूनी संघर्ष का शिकार, लाठी-डंडों से पीटकर हत्या बहन के सम्मान की लड़ाई में गई भाई की जान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर कला गांव में घरेलू विवाद सुलझाने पहुंचे एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई मृतक की पहचान 28 वर्षीय जीशान पुत्र इरशाद खां निवासी शेरपुर कला के रूप में हुई है परिजनों का आरोप है कि बहन के ससुराल पक्ष के लोगों ने एक राय होकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें जीशान की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार, जीशान की बहन नेहा का विवाह गांव के ही हसीब पुत्र हबीब के साथ हुआ था विवाह के बाद से ही नेहा को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था आरोप है कि पति हसीब लगातार नगदी और मोटरसाइकिल की मांग करता था तथा विरोध करने पर मारपीट और अभद्र व्यवहार करता था परिजनों का कहना है कि कई बार नेहा को कमरे में बंद कर प्रताड़ित किया गया शुक्रवार रात करीब 9 बजे नेहा के साथ फिर विवाद होने की सूचना पर उसके पिता इरशाद खां, भाई जीशान और चाचा जानिसार समझौता कराने हसीब के घर पहुंचे थे आरोप है कि वहां पहले से घात लगाए बैठे हसीब, फराज, बड़े, छोटे, मोनिस और अरबाज उर्फ फैज समेत कई लोगों ने अचानक हमला बोल दिया हमलावरों ने लाठी-डंडों और कांता जैसे धारदार हथियारों से हमला कर जीशान और जानिसार को गंभीर रूप से घायल कर दिया चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची नेहा, जो एक माह की गर्भवती बताई जा रही है, उसे भी नहीं बख्शा गया और मारपीट में वह भी घायल हो गई घटना के बाद परिवार किसी तरह घायलों को लेकर पूरनपुर थाने पहुंचा, जहां से उन्हें सीएचसी भेजा गया प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जीशान को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनी जनसमस्याएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति ना गपाल एवं डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पा ठक ने शनिवार को सदर तहसील में पहुंचकर आ योजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।संपूर्ण स माधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर निकाय, कृषि तथा पेंशन से संबंधित विभिन्न प्रकरण प्राप्त हुए।मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने ए क-एक शिकायत का अवलोकन करते हुए अधि कारियों से मौके की वास्तविक स्थिति की जान कारी ली तथा उपस्थित समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं के समा धान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्ये क शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशी लता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए।मण्डला युक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संपूर्ण समा धान दिवस आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है।उन्होंने अधि कारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद,अवैध कब्जा,पेंशन, विद्युत एवं राजस्व से संबंधित प्रकर णों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनि श्चित किया जाए।साथ ही जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक हो,उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष कार्रवाई करें।डीआईजी अमित पाठक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिका यतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा,भूमि विवाद एवं आपसी विवादों से जुड़े मा मलों में पुलिस संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई क रे।उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता को संतोषजनक कार्रवाई का अनुभव होना चाहिए।जनसुनवाई के दौरान इटियाथोक निवासी करमचंद तिवारी द्वारा बिना डिग्री एवं लाइसेंस के कथित रूप से मेडिकल स्टोर संचालन एवं उपचार किए जाने की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने एसडीएम सदर को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचा लित मेडिकल प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।झंझरी निवासी स्वाले ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अधिनियम के तहत आख्या प्रस्तुत न किए जाने एवं निर्माण कार्य न रोके जाने की शि कायत दर्ज कराई।इस पर मण्डलायुक्त ने एसडी एम सदर को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।इसी क्रम में ग्राम मुंजेहना थाना धानेपुर निवासी फरीदा बानो ने भू मि विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी दर्ज भूमि पर गिरे पेड़ों को उठाने से विपक्षीगण रोक रहे हैं तथा अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।इस पर मण्डलायुक्त ने सीओ सदर को कमेटी गठित कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 158 शिकायतों में दस का हुआ तत्काल निस्तारण



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील तरबगंज में संपन्न हुआ।जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।तहसील तरबगंज में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 158 शिकायतें आई, जिनमें से दस शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया ग या है।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग और पुलिस विभागों से संबंधित थी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से ले ते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्दे श दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध अतिक्रम ण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राज स्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर नि स्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने नि र्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमा इश,अवैध कब्जा,चकरोड,नाली,अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तार ण के प्रकरण का फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी भी कर ना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी,संपूर्ण समाधान दिवस पर ज न सुनवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतलाल,उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, तह सीलदार आशुतोष पांडेय,जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव,जिला पंचायत राज अधि कारी लालजी दुबे,जिला पूर्ति अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी,तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो युवको की हुई मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। तेज रफ्तार पिकअप और मोटर साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत होने से दो युवकी की मौ त हो गई।घटना शनिवार 11 बजे मोतीगंज थाना क्षेत्र में काजीदेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सा मने हुई है।मृतकों की पहचान राम अवतार 20 व र्ष और अंकित 18 वर्ष के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार,दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोंडा जिला मुख्यालय टाइल्स लगाने जा रहे थे।काजीदेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने गोंडा की ओर से मनकापुर जा रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन और झिलाही से गोंडा जा रही उनकी मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोर दार भिड़ंत हो गई।भिड़ंत के बाद दोनों युवक सड़ क पर गिर गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।बताया गया है कि अंकित अपने माता पिता का इक लौता पुत्र था और टाइल्स लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।वहीं राम अव तार अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था और वह भी मजदूरी करके परिवार की मदद करता था।दोनों युवक पिछले कई दिनों से इसी तरह प्रतिदिन मोटरसाइकिल से गोंडा टाइल्स लगाने जाते थे औ र देर रात घर लौटते थे।मोतीगंज थानाध्यक्ष व प्र शिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार ने बताया कि पिक अप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूच ना दे दी गई है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सफाई कर्मचारी बने बाबू पर गांव की गंदगी पर नहीं मिला काबू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता और उच्च पदस्थ कर्मचारि यों एवं अधिकारी गण स्वच्छ भारत अभियान के तहत झाड़ू लगाकर प्रतीकात्मक संदेश दे रहे हैं, वहीं जनपद में तैनात 1820 कुछ ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारी अपने मूलभूत कार्य सफाई से दूर होकर या तो सफाई कर्मचारी का संगठन बनाकर जिलाध्यक्ष बनाकर या फिर ब्लॉक अध्यक्ष बनकर

या फिर कोई और पद लेकर तहसील, ब्लॉक या फिर मुख्यालय में बाबू बनकर टहल रहे हैं꠰ कुछ गांव के सफाई कर्मचारी अपने मूल कार्यों से दूर रहकर अधिकारियों के सरकारी आवासों पर चाक री करने में व्यस्त हैं।यही कुछ ऐसे सफाई कर्मचा री हैं जो आए दिन नेताओं को फूल माला लेकर उनका स्वागत करते हैं और विकास भवन में कुर्सी बैठकर गांव की सफाई करते हैं।यह स्थिति न केव ल शर्मनाक है, बल्कि जनपद के कई विकासखंड के गांवों की सफाई व्यवस्था को भी बुरी तरह प्रभा वित कर रही है। बताया जाता है किवर्ष 2008 में बसपा शासन के दौरान राज्य सरकार ने गांवों की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए सफाई कर्म चारियों की नियुक्ति की थी।लेकिन सफाई कर्मचा रियों की नियुक्ति के बावजूद गांवों में सफाई व्यव स्था पूरी तरह से ध्वस्त पड़ी है कई सफाई कर्मचा री अटैचमेंट के नाम पर अन्य विभागों में काम कर रहे हैं,जहां उनकी मूल ड्यूटी से कोई संबंध नहीं है

कुछ सफाई कर्मचारी तो अपने तैनाती गांव की स फाई के लिए महीने में एकाध बार मजदूर रखकर के गांव की सफाई करवा देते हैं कुछ लोग ऐसे हैं जिनकी पहुंच नहीं होती तो वह तो अपने गांव की सफाई कार्य करने के लिए मजबूर रहते हैं꠰ गांवों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है।जनपद में सफाई कर्मचारियों की यह स्थिति न केवल प्रशास निक विफलता को दिखाती है,बल्कि यह भी साबि त करती है कि सरकारी कर्मचारियों और अधिका रियों के बीच भ्रष्टाचार और लापरवाही की गहरी जड़ें जम चुकी हैं।बताया जाता है कि ब्लॉक मु ख्यालय पर घूमने वाले सफाई कर्मचारियों की हाजिरी प्रधान भरते हैं और प्रधान और सेक्रेटरी मिलकर के उनके वेतन का भुगतान करते हैं अब आप खुद ही सोचिए जब प्रधान सचिव और विका सखंड अधिकारी के सामने वह सफाई कर्मचारी दिन भर रहता है तो वह गांव की कब सफाई कर ता है यह तो सब लोग ही जान पाएंगे, जब अधि कारी खुद सफाई कर्मचारियों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, तो गांव में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना संभव नहीं हो सकता, ऐसे में शासन और प्रशासन को इस स्थिति की गंभीरता को समझते हुए गांवों में वास्तविक सफाई और ? स्वच्छता कर वाने के लिए पहल करना चाहिए।

# द टीचर ऐप का शुभारम्भ, डिजिटल शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच । भारती एयरटेल फाउंडेशन तथा नीति आयोग के सहयोग से तैयार किये गये ল्लद टीचर ऐपङ्क को विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जनपद बहराइच में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी तथा प्रत्येक विकासखंड के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ श्री धनवंता ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए तकनीक का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि ল्लद टीचर ऐपङ्क को केवल शिक्षण सामग्री तक सीमित न रखते हुए इसे शिक्षकों के दैनिक शैक्षिक कार्यों, नवाचारों एवं विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति से जोड़ते हुए एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे ऐप के माध्यम से अपने श्रेष्ठ शिक्षण अनुभव, नवाचार एवं गतिविधियाँ साझा करें, जिससे जनपद में एक सकारात्मक शैक्षिक प्रतिस्पर्धा एवं सीखने का वातावरण विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान ल्लसाक्षरता भारती अभियानङ्क की पुस्तिका का विमोचन मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व भारती एयरटेल फाउंडेशन के स्टेट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह पुस्तिका शिक्षा के क्षेत्र में जनजागरूकता, साक्षरता प्रसार एवं समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पुस्तिका के माध्यम से स्कूलों में पढ़ रहे शिक्षित बच्चे अपने अभिभावक को शिक्षित करने का कार्य आगामी ग्रीष्मावकाश में करेंगे। भारती एयरटेल फाउंडेशन का ল्लद टीचर ऐपङ्क सभी के लिए पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। यह एंड्रॉयड, आई ओ एस एवं वेब प्लेटफॉर्म तीनों माध्यमों क्रियाशील है, जिससे शिक्षक मोबाइल, टैबलेट एवं कंप्यूटर किसी भी डिवाइस पर आसानी से इसका उपयोग कर सकेंगे। ऐप हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

ऐप में शिक्षकों के लिए अनेक आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें डिजिटल पाठ योजना निर्माण, ई-कंटेंट एवं वीडियो आधारित शिक्षण सामग्री, विषयवार प्रश्न बैंक एवं अभ्यास सामग्री, ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल, शिक्षकों के मध्य शैक्षिक सामग्री साझा करने की सुविधा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट सहायता एवं सुझाव, नवाचारी शिक्षण गतिविधियों को मंच प्रदान करेगा। बीएसए ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व एनसीएफ 2023 का इस एप्लीकेशन में समायोजन काफी सराहनीय है। ऐप शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देगा तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर भारती एयरटेल फाउंडेशन के स्टेट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ब्रजेश भारद्वाज एवं बहराइच, श्रावस्ती और लखनऊ की भारती एयरटेल फाउंडेशन की टीम तथा खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा, अरविंद बहादुर सिंह, कमलेश कुमार मिश्र, अनूप कुमार सिंह, राधेश्याम वर्मा रंजीत कुमार डाली मिश्रा राकेश कुमार, राजेश कुमार मिश्र, अतुल त्रिपाठी, रमेश द्विवेदी, सुनील पांडेय, राजकुमार पांडेय, सुधीर मेहरोत्रा, मनोज दीक्षित, प्रीति श्रीवास्तव, कुमार अभय, श्रवण मिश्र, पवन दुबे अमित कुमार पांडे आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग की सुविधा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत सत्र 2026-2027 के लिए नि:शुल्क कक्षाओं का संचालन 01 जुलाई 2026 से किया जायेगा। यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस एवं वनडे एग्जाम आदि भर्ती परीक्षा हेतु तैयारी करने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 मई 2026 तक गेंद घर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं तथा स्नातक अंक पत्र की छायाप्रति की आवश्यकता होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए प्रशिक्षण केन्द्र में पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र/छात्राओं की प्रवेश परीक्षा माह जून के द्वितीय सप्ताह में कराया जाना प्रस्तावित है। सुश्री पाण्डेय ने बताया कि इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस आदि भर्ती परीक्षा के लिए विषय विशेषज्ञों का भी चयन किया जाना है। जिसके लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 जून 2026 निर्धारित है।

## अनियंत्रित निजी बस पेड़ से टकराई, 23 सवारियां घायल

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में बहराइच-नानपारा रोड पर शनिवार को मटेरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत भवनियापुर के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित प्राइवेट बस पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में 23 लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी होते ही चौकी प्रभारी मटेरा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने घायलों को एम्बुलेन्स से स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। चौकी प्रभारी मटेरा गोपाल तिवारी ने बताया कि एक निजी बस स्टैंड से यात्रियों को लेकर मिहीपुरवा जा रही थी। मटेरा थाना क्षेत्र के निकट भवनियापुर पहुँचते ही अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बबूल के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ से टकराते ही बस में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गया। फिलहाल इस हादसे में जनहानि नहीं हुई है और सभी घायलों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए नानपारा सीएचसी भेजा गया है। सभी की स्थिति सामान्य है।

# बाईपास निमार्ण के लिए अधिग्रहीत की जा रही भूमि की सम्पन्न हुई सुनवाई

## धारा-21 के अन्तर्गत प्राप्त हुई 22 आपत्तियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । लखनऊ रोड से गोण्डा रोड तक बहराइच बाईपास के निर्माण हेतु अधिग्रहीत की जा रही भूमि से सम्बन्धित हितबद्ध कृषकों से धारा-21 के अन्तर्गत आपत्तियाँ आमंत्रित किये जाने के उद्देश्य से भूमि अध्याप्ति कार्यालय में आयोजित सुनवाई के दौरान योजना प्रभावित 100 कृषक उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान 22 खातेदारों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों में अर्जन प्रभावित क्षेत्र में प्रभावित परिसम्पत्तियों तथा प्रतिकर दर के अलग-अलग मॉग की गयी है। आपत्तियों का निस्तारण नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच राजेश प्रसाद द्वारा किया जायेगा।

सुनवाई के दौरान अर्जन प्रभावित खातेदारों/कृषकों को बताया गया है कि योजना प्रभावित भूमि के प्रतिकर का निर्धारण भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के प्राविधानों पर आधारित होगा तथा परिसम्पत्तियों की क्षतिपूर्ति विशेषज्ञ विभाग से प्राप्त मूल्यांकन के अनुसार दिया जायेगा। अर्जन प्रभावित कृषकों को यह भी जानकारी दी गयी कि अर्जन प्रभावित भूमि तथा प्रभावित परिसम्पत्तियों का स्थल पर परीक्षण किया गया है। अर्जित क्षेत्र में जो भी प्रभावित परिसम्पत्तियाँ होगी उनका भुगतान हितबद्ध कृषकों को किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि बहराइच बाईपास निर्माण हेतु तहसील महसी के ग्राम टेडवा बसन्तपुर व तहसील बहराइच के ग्राम सेहरिया, गौरिया, बैकुन्ठा, मसीहाबाद, पिपरिया महिपाल, खलीलपुर, गोकुलपुर की भमि अधिग्रहीत की जा रही है।

# ठोस सोना (बुलियन) व गोल्ड बार की बिक्री नहीं करेंगे सर्राफा व्यापारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और सोने के आयात को कम करने हेतु की गयी अपील के सन्दर्भ में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन एवं उ.प्र. सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रदेश के सर्राफा व्यापारियों ने ठोस सोना (बुलियन) व गोल्ड बार की बिक्री नहीं करने का फैसला लिये जाने के सम्बन्ध में राज्य कर कार्यालय में उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, बहराइच सी.के. गौतम के साथ आयोजित बैठक में सर्राफा एसासिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आश्वस्त किया गया कि देशहित सर्वोपरि है, और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने के लिए वे हरसंभव सहयोग करेंगे।

व्यापारियों ने कहा कि वह मा प्रधानमंत्री एंव मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी अपील का स्वागत करते हैं तथा उ.प्र. सर्राफा एसोसिएशन द्वारा लिए गये निर्णय के अनुरूप बुलियन और गोल्ड बार की बिक्री नहीं करेंगे। बैठक में पुराने सोने को रिसाइकिल और रीडिजाइन करने एवं पुराने सोने के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। एसोसिएशन द्वारा बैठक में यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को पुराने सोने के बदले शुद्धता के आधार पर एक प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा ताकि घरों में पड़ा अप्रयुक्त सोना बाजार में वापस आ सके और नए आयात की जरूरत कम हो।

उपायुक्त (प्रशासन) सी.के. गौतम द्वारा व्यापारियों से वर्तमान परिस्थितियों में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के सुझाव भी दिया गया। वहीं, सर्राफा कारोबारियों ने सोने की बिक्री घटने की स्थिति में जीएसटी विभाग की ओर से जारी किए जाने वाले कारण बताओ नोटिस पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कारीगरों, डिजाइनरों, छोटे व्यापारियों और अन्य लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। यदि ज्वैलरी की बिक्री रोकी गई तो बड़े पैमाने पर बेरोजगारी पैदा होगी।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1 अजय कुमार वर्मा व सचल दल के प्रशांत खेवरिया, बहराइच सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सतेन्द्र रस्तोगी, जिलाध्यक्ष सुमित कुमार खन्ना एवं अन्य सदस्गण पिन्टू सोनी, सुरेन्द्र कुमार, विजय सोनी, दीपक कुमार सोनी, मनीष नरायण सोनी, मुकुल अग्रवाल, अमित गुप्ता, राजेन्द्र कुमार, सत्यम व मगन बिहारी रस्तोगी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर शनिवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने किया, जबकि शहर अध्यक्ष की मौजूदगी में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक प्रकरण केंद्र सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। साथ ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि नीट पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कदम उठाए जाएं तथा प्रभावित छात्रों को न्याय और उचित राहत दी जाए। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और गैस के बढ़े दाम वापस लेने तथा रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग भी की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। यदि सरकार में नैतिकता बची है तो शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। वहीं शहर अध्यक्ष ने कहा कि देश का युवा आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान सलाहुद्दीन हाशमी, हौसला प्रसाद भीम, मनोज तिवारी, आरबी पांडे, अतहर नवाब, कमर खान एडवोकेट, ममनून आलम, सुब्रत सिंह सनी, रणजीत सिंह सलूजा, अमोल बाजपेयी, श्याम किशोर, अवधेश गौतम, गुड्डू जायसवाल, मानस तिवारी, हामिद राईन, मोहसिन सलीम, विनय त्रिपाठी, आशीष पाण्डेय और राना पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पचेहरी में संचालित अमान्य विद्यालय में प्रशासन ने लगवाया ताला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनपद में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार तहसील गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी एवं खण्ड शिक्षाधिकारी गौरीगंज की संयुक्त टीम द्वारा अमान्य विद्यालय अमेठी हाइट्स पब्लिक स्कूल, पचेहरी, गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान विद्यालय बिना मान्यता के संचालित पाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रद्धा बरनवाल ने जांच टीम को बताया कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा पांच तक लगभग एक सौ बच्चों का नामांकन किया गया है। जांच के समय विद्यालय खुला मिला किंतु बच्चों की आयु के अनुरूप कक्षाओं का संचालन और मानक व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय को संचालित करने हेतु आवश्यक मान्यता उपलब्ध नहीं है। इस पर प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही करते हुये बच्चों के हितों को ध्यान में रखकर उनके नामांकन को निकटवर्ती परिषदीय विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय पचेहरी, कंपोजिट विद्यालय पचेहरी, प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज प्रथम एवं द्वितीय में स्थानांतरित किए जाने के निर्देश दिये। खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि बिना मान्यता के किसी भी स्थिति में विद्यालय का संचालन भविष्य में न किया जाय। प्रशासन द्वारा विद्यालय की कक्षाओं में ताला लगाकर संस्थान को बंद करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों के हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण में परखी भोजन की गुणवत्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । मध्यान्ह भोजन योजना के जिला समन्वयक अरुण त्रिपाठी ने शनिवार को विकास क्षेत्र सिंहपुर के लगभग एक दर्जन परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया तो निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन बनता पाया गया और प्रधानाध्यापकों को विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई और स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया।मध्याह्न भोजन योजना के जिला समन्वयक अरुण त्रिपाठी ने शनिवार को विकास क्षेत्र सिंहपुर के मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालय सातन पुरवा,उच्च प्राथमिक विद्यालय सातन पुरवा, कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई, कम्पोजिट विद्यालय मेहमानपुर, प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुर, प्राथमिक विद्यालय चिलौली प्रथम एवं द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय सरैया सलारपुर तथा प्राथमिक विद्यालय इन्हौना द्वितीय का निरीक्षण किया गया।इन विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन बनता पाया गया और कई विद्यालयों में बच्चे भोजन कर रहे थे। एमडीएम योजना के डीसी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्धारित मेन्यू तथा मानक के अनुरूप भोजन बनाने हेतु निर्देशित किया गया है इसके अलावा साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

# ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। विकासखंड बरखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लाखा खास में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव राजा तोमर ने की।चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, स्वच्छता, आवास, पेंशन और मनरेगा से जुड़ी समस्याएं रखीं। सचिव राजा तोमर ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित विभागों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीणों को उनके गांव में ही योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान मिले। इसके लिए नियमित रूप से ग्राम चौपाल आयोजित की जा रही हैं।इस अवसर पर ग्राम प्रधान मुन्नी देवी के प्रतिनिधि,ग्राम पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि चौपाल से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है और विकास कार्यों में तेजी आती है।अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन,आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी दी। पात्र लोगों से आवेदन करने की अपील की गई।ग्रामीणों ने चौपाल को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी समस्याएं बिना जिला मुख्यालय जाए हल हो रही हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि लंबित मामलों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाएगा।



## समाधान दिवस बस से पहुंचे अधिकारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत को लेकर जनता से की गई अपील के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा ऊर्ज़ा और ईंधन बचत को लेकर एक सराहनीय और अनुकरणीय निर्णय लिया गया, तहसील अमरिया में आयोजित 'समाधान दिवस' में भाग लेने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारी अपनी सरकारी गाड़ियों को छोड़कर एक ही बस में सवार होकर रवाना हुए। इस कदम का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्तर पर ईंधन की खपत को कम करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और आम जनता के बीच ईंधन की फिजूलखर्ची रोकने का एक सकारात्मक संदेश देना है।

## अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन सीज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस ने दतनपुर कटारी के जंगल में अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर मय ट्राली व एक जेसीबी मशीन को सीजकर दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह के साथ क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दतनपुर कटारी के जंगल में अवैध खनन हो रहा है।पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचने पर अवैध खनन करने वाली एक ट्रैक्टर मय ट्राली व एक जेसीबी को कब्जे में लिया गया । जेसीबी व ट्रैक्टर चालकों से खनन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर दिखा न सके। थाना जामो पुलिस द्वारा एक ट्रैक्टर मय ट्राली व एक जेसीबी को कब्जे में लेकर एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया गया है।

## पुलिस ने बकरी चोरी में दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने गांव गुलाम हैदर से चार दिन पूर्व बकरा एवं बकरी चोरी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिनके कब्जे से चोरी की बकरी एवं बकरा बिक्री का साढ़े पांच हजार रुपया बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बकरा एवं बकरी चोरी के मामले में प्रकाश में आये मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद शकील निवासी ग्राम तकिया जमुवारी, गुफरान पुत्र फरीद अहमद ग्राम गुलाम हैदर मजरे जाखा शिवपुर थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मोहम्मद कैफ के कब्जे से तीन हजार रुपये एवं गुफरान के कब्जे से ढाई हजार रुपये बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि करीब चार दिन पहले हम लोगों ने ग्राम गुलाम हैदर से तीन बकरी दो बकरा चोरी किये थे जिसे हम लोगों ने दस हजार रुपये में बेंच दिया था।बरामद रुपये उसी बकरी बकरा बिक्री के है कुछ रुपये हम लोगों ने खर्चा कर लिये हैं। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा की बढ़ोत्तरी करते हुये दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## मिशन शक्ति-5 के दावों पर सवाल: स्कूल जा रही छात्रा से छेड़छाड़, विरोध पर परिवार को मिली जान से मारने की धमकी

पूरनपुर।प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं पुलिस और प्रशासन मंचों से महिलाओं को निर्भीक होकर आगे आने और अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर सामने आ रही घटनाएं इन दावों की हकीकत भी उजागर कर रही हैं ताजा मामला थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव दौलतपुर का है, जहां स्कूल जा रही एक छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना सामने आई है पीड़िता की मां गीता देवी पत्नी स्वर्गीय आतोष कुमार ने थाना अध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी शीतल रोज की तरह स्कूल वैन से पढ़ने जा रही थी ।

# चोरी की बाइक के साथ दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह के तहत एक गैंगेस्टर सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध देशी पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल सवार राजन यादव पुत्र रामतीरथ यादव निवासी ग्राम पलिया चंदापुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष एवं शुभम शुक्ला उर्फ धोनी शुक्ला पुत्र कृष्णचंद्र शुक्ला निवासी ग्राम खौदिया वार्ड संख्या एक मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में शुभम शुक्ला उर्फ धोनी शुक्ला के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुये।मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सके। मोटरसाइकिल के बारे में पूंछने पर युवकों ने बताया कि यह मोटरसाइकिल हम दोनों ने मिलकर करीब पन्द्रह दिन पहले थाना मुंशीगंज के ग्राम शाहगढ़ में बारात से चोरी किये थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार दोनों युवक शातिर अपराधी हैं जिसमें राजन यादव के विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी आदि विभिन्न धाराओं में कुल सात अभियोग पंजीकृत है व शुभम शुक्ला उर्फ धोनी शुक्ला यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मुसाफिरखाना में वांछित था जिसके विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के विभिन्न धाराओं में कुल पांच अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने पीएम की ईंधन बचत अपील का किया पालन संगठन के कार्य के लिए ई-रिक्शा का किया प्रयोग

**प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभाग करने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने ई रिक्शा का किया प्रयोग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की अपील अब जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने अमल किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में यह मुहिम जमीनी स्तर पर गति पकड़ रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस पहल को अपनाते हुए अपने काफिले को छोड़कर प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए ई रिक्शा का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा इस तरह के कदम उठाने से आम जनता में सकारात्मक संदेश जाता है और लोग भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य न केवल विदेशी मुद्रा की बचत करना है, बल्कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य देना भी है।

जिले में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों द्वारा भी ईंधन बचत और साइकिल, ई रिक्शा,दोपहिया वाहन के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव संभव है। यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले, तो देश को स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भी इस अभियान राष्ट्रीयहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील का पालन करने का आग्रह किया है।साथ ही ईंधन बचाना आज की वैश्विक चुनौतियों में हर देशवासी का कर्तव्य है।

# ब्राह्मण समाज पर कथित टिप्पणी से भड़का आक्रोश

**सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के कथित बयान को लेकर जिले में ब्राह्मण समाज में भारी रोष व्याप्त है। देव पुरोहित महासभा ने इसे समाज विशेष की भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

देव पुरोहित महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन का आरोप है कि सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में प्रसारित बयान के माध्यम से समाज में जातीय वैमनस्यता और तनाव फैलाने का प्रयास किया गया है। महासभा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि 5 मई को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने एक दोहे का उल्लेख करते हुए कथित रूप से ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। संगठन का कहना है कि इस बयान से ब्राह्मण समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और लोगों में तीव्र नाराजगी है। महासभा अध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि किसी भी जाति या समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द बिगाड़ सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान जानबूझकर समाज में नफरत और द्वेष फैलाने की मंशा से दिया गया है, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समाज में आक्रोश और बढ़ सकता है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ तत्काल विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल द्विवेदी, सर्वेश कुमार मिश्र, अजय कुमार मिश्रा, आचार्य गोपाल द्विवेदी, अमरनाथ तिवारी, अभय तिवारी, प्रवीण कुमार द्विवेदी, महेश तिवारी और आलोक कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं ने अखण्ड सौभाग्य एवं पति के दीर्घायु की कामना कर किया वट वृक्ष पूजन

**वट सावित्री पूजन के दौरान नव विवाहित महिलाओं ने मोबाइल से ली खूब सेल्फी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले सारे व्रतों में वट सावित्री व्रत को बहुत प्रभावी माना जाता है जिसमें सौभाग्यवती महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि की कामना कर वट वृक्ष की पूजा किया।शास्त्रों के अनुसार वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था।दूसरी कथा के अनुसार मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट वृक्ष के पत्ते में पैर का अंगूठा चूसते हुये बाल मुकुंद के दर्शन हुये थे तभी से वट वृक्ष की पूजा की जाती है।वट वृक्ष की पूजा से घर में सुख शांति,धनलक्ष्मी का भी वास होता है। वट सावित्री का व्रत विवाहित महिलाओं द्वारा पति की दीर्घायु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिये रखा जाता है यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष की पूजा करती हैं और सावित्री सत्यवान की कथा सुनती हैं जिसमें पतिव्रता सावित्री के अपने मृत पति को यमराज से वापस लाने की कहानी होती है।इस दौरान महिलाएं सम्पूर्ण विधि विधान से बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर यह व्रत करती हैं।इस व्रत से पति की आयु बढ़ती है और उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है इसके अलावा वट सावित्री व्रत करने से वैवाहिक जीवन में सुख शांति बनी रहती है। महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे सावित्री सत्यवान की कथा सुनते हुये वृक्ष को जल, फूल, मौली, धूप दीप और मिठाई अर्पित कर वट वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटकर परिक्रमा कर मनोकामना मांगी इसके अलावा गरीबों को भोजन, वस्त्र एवं दक्षिणा दान किया।सावित्री और सत्यवान की कथा महाभारत के वनपर्व में मिलती है जिसमें युधिष्ठिर मार्कंडेय ऋषि से पूछते है कि क्या द्रोपदी के समान पतिव्रता नारी कोई हुई है ? तब मार्कंडेय ऋषि युधिष्ठिर को यह कथा सुनाते हुये कहा कि प्राचीन समय की बात है। दक्षिण में अश्वपति नाम का एक राजा राज्य करता था । राजा अश्वपति बहुत ही वीर, प्रतापी, धर्मात्मा और प्रजापालक था लेकिन उसके कोई संतान नहीं थी।ज्योतिषियों का कहना था कि उनके भाग्य में संतान का कोई योग नहीं है लेकिन साथ ही उपचार भी बताया कि यदि वह देवी सावित्री की पूजा करे तो उनकी कृपा से उन्हें संतान की प्राप्ति हो सकती है।राजा अश्वपति ने अठारह वर्ष तक कठोर तपस्या की जिससे उन्हें एक कन्या की प्राप्ति हुई क्योंकि सावित्री देवी की कृपा से प्राप्त हुई थी अतः उन्होंने उसका नाम भी सावित्री ही रख दिया।सावित्री सुंदर और अद्वितीय गुणों से सम्पन्न थी। तहसील तिलोई क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा के दौरान नवविवाहित महिलाओं ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर तस्वीरों को साझा किया।

## सम्पादकीय

# फिर एक निर्भया त्रासदी

चौदह साल पहले दिल्ली में जिस निर्भया कांड ने भारत की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था, दिल्ली में एक बार फिर उस जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति हुई है। दिल्ली ने एक बार फिर इस भयावह सच का सामना किया किया है कि वहां की सार्वजनिक जगहें महिलाओं के लिये कितनी असुरक्षित व भयावह बनी हुई हैं। दुर्भाग्य से एक बार फिर वही बस अपराध स्थली बनी है, जो सार्वजनिक आवागमन और सुरक्षा के लिये बनी होती हैं। दिल्ली स्थित नांगलोई में एक प्राइवेट स्लीपर बस के भीतर ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा एक महिला के साथ कथित रूप से गैंगरेप की घटना ने सभ्य समाज को गहरे तक विचलित किया है। इस घटना ने एक बार फिर से शासन-प्रशासन, पुलिसिंग और परिवहन नियमों के पालन में हुई भारी चूक का एक जीता-जागता सबूत पेश किया है। निस्संदेह, इस घटना की क्रूरता केवल उस हमले में ही नहीं है, बल्कि उत्पन्न परिस्थितियों की भयानक रूप में जानी-पहचानी प्रकृति में भी है। विडंबना देखिए कि जिस बस को महिलाएं सार्वजनिक यातायात के लिये सुरक्षित मानकर चलती हैं, उसी में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई है। एक बार फिर बस अपराधियों के मंसूबों को पूरा करने वाला साधन बनी। इस घटना ने एक बार फिर से उजागर किया है कि जिन लोगों को यात्रियों के सुरक्षित आवागमन की जिम्मेदारी दी गई थी, वे ही कथित तौर पर दरिंदे बनकर सामने आए। हर बार की तरह तुरंत कार्रवाई का दावा करते हुए गिरफ्तारी को तत्काल कदम उठाने के रूप में दर्शाया जा रहा है। जबकि एक हकीकत है कि हमारी व्यवस्था की विद्रूपताएं जस की तस बनी हुई हैं। सही मायनों में देश के हृदय में वर्ष 2012 के जख्म अभी भरे नहीं हैं। विडंबना देखिए कि निर्भया कांड के बाद सरकारों ने तमाम सुधारों के वायदे जनता के सामने किए थे। तब घोषणा की गई थी कि अपराधियों पर नजर रखने के लिये दिल्ली में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को व्यापक रूप दिया गया है। लेकिन परिणाम जस के तस रहे। देश को याद है कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद त्वरित फैसले लेने वाली अदालतों की स्थापना करने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा महिला सुरक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये व्यापक प्रचार किया गया था। इसके बावजूद एक और निर्भया जैसी घटना बताती है कि अब तक जमीनी हकीकत में बहुत कुछ बदलाव नहीं आया है। देखने में आया है कि तमाम निजी बसें अपर्याप्त निगरानी व लचर सुरक्षा व्यवस्था के साथ चलती रहती हैं। महिला यात्रियों की सुरक्षा के प्रोटोकॉल का पालन अक्सर महज दिखावे के लिये होता है। निस्संदेह, निजी बसों के कर्मचारियों की सख्त जांच के अभाव ने ऐसे वातावरण को तैयार किया है जहां चालक-परिचालक व अन्य अपराधियों की समांतर गुंडागर्दी चलती रहती है। यही वजह है कि गाहे-बगाहे दिल्ली की छवि महिलाओं के लिये असुरक्षित शहर होने के कारण खराब हुई है। जिसका कारण है कि यहां जवाबदेही संस्थागत होने के बजाय सतही तौर पर नजर आती है। यह विडंबना ही है कि हर बार ऐसी घटना के बाद जन आक्रोश में उबाल आता है। लेकिन देखने में आता है कि जल्दी ही राजनीतिक बयानबाजी और कालांतर नौकरशाही की उदासीनता में बदल जाता है। यही वजह है कि महिलाएं इस भय को अपनी नियति मानकर जीने को अभिशप्त हैं। दिल्ली की जागरूक जनता को चाहिए कि वे नांगलोई की घटना को महज एक और गुजरती सुर्खी बनकर न रहने दें। उन्हें इसे ऐसे अपराधों को रोकने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ बनाना चाहिए। निस्संदेह, दिल्ली के अधिकारियों को निजी परिवहन संचालकों की व्यापक जांच-पड़ताल करनी चाहिए। जिसमें रियल-टाइम जीपीएस ट्रैकिंग को निजी बसों में अनिवार्य रूप से लागू करना चाहिए। साथ ही निजी बस चालक व परिचालकों की पृष्ठभूमि की कड़ी जांच करनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह कि सरकारों को समझ लेना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा महज बयानबाजी व नारे लगाने से सुनिचित नहीं होगी।

# सत्य सनातन की एक और ऐतिहासिक विजय

मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित राजा भोज द्वारा निर्मित भोजशाला मंदिर के विवाद का निर्णय हिंदुओं पक्ष में गया है। भोजशाला को लेकर हिंदू समाज एक हजार वर्षों से संघर्ष कर रहा था। मध्य प्रदेश की इंदौर उच्च न्यायालय की दो जजों की बेंच ने धार भोजशाला पर निर्णय सुनाते हुए परिसर को हिंदू मंदिर घोषित किया है। न्यायालय ने एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर विश्वास करते हुए यह निर्णय दिया है और सरकार को ऐतिहासिक संरचनाओं के संरक्षण की जिम्मेदारी दी है। निर्णय सुनाते हुए न्यायालय ने कहा कि भोजशाला का मूल स्वरूप संस्कृत शिक्षा केंद्र का था। न्यायालय ने कहा कि पुरातत्व एक विज्ञान है और न्यायालय वैज्ञानिक निष्कर्षों पर भरोसा करता है। न्यायालय ने कहा कि सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाली संरचनाओं का संरक्षण करे। न्यायालय ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं, कानून व्यवस्था और संरक्षण सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। यह निर्णय 24 दिन और 43 घंटे की व्यापक सुनवाई के बाद न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की बेंच ने सुनाया है। निर्णय में मुस्लिम पक्ष को नमाज अदा करने के लिए सरकार से संपर्क करने की छूट दी गई है। न्यायलय ने केंद्र सरकार और एएसआई को भोजशाला परिसर के प्रबंधन और संस्कृत शिक्षा से जुड़े फैसले लेने को कहा है। एएसआई परिसर का समग्र प्रशासन और प्रबंधन अपने पास जारी रखेगा। हिंदुओं द्वारा पूजा जारी रही ऽ उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि विवादित स्थल पर हिंदू पूजा की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई और ऐतिहासिक दस्तावेजों और साहित्य से यह स्थापित होता है कि विवादित क्षेत्र का मूल चरित्र भोजशला के रूप मे था जो परमार वंश के राजा भोज से जुड़ा संस्कृत शिक्षा केंद्र था। न्यायालय ने कहा कि विवादित भोजशाला कमाल मौला मस्जिद परिसर एक संरक्षित स्मारक है जिसे 18 मार्च 1904 से संरक्षित स्मारक का दर्ज़ा प्राप्त है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस क्षेत्र का धार्मिक चरित्र माँ सरस्वती का भोजशाला मंदिर ही है। अब परिसर में केवल हिंदू ही पूजा पाठ कर सकेंगे क्योकि वर्ष 2003 वाला वह आदेश रद्द हो गया है जिसमें हिंदुओं को केवल मंगलवार और मुस्लिमों को शुक्रवार को नमाज अदा करने की छूट दी गई थी। यह विजय हिंदुओं के 1000 वर्षों के संघर्ष की विजय का स्वर्णिम अवसर है। इस फैसले के बाद लंदन म्यूजियम से माँ वाग्देवी की प्रतिमा वापस आने मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। मुस्लिम पक्ष उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने की बात कह रहा है। वर्ष 1034 में परमार शासक राजा भोज ने ज्ञान की साधना और माँ सरस्वती की आराधना के लिए भोजशाला का निर्माण कराया। यह नालंदा, तक्षशिला और काशी की ही तरह एक विशाल आवासीय संस्कृत विश्वविद्यालय था। सैकड़ों अलंकृत लाल स्तंभों पर देवी-देवताओं की मूर्तियां शोभायमान थीं। इस भवन में माघ, बाणभट्ट, कालिदास, भवभूति, भास्कर भट्ट, धनपाल, मातुंगाचार्य जैसे प्रकांड विद्वान अध्ययन व अध्यापन करते थे। भवन के उत्तर व दक्षिण की दीवारों पर जालीदार खिड़कियों के बीच देवी- देवताओं की मूर्तियां उकेरी गई थीं । भवन के मध्य में विशाल यज्ञकुंड है। वर्ष 1035 में यहाँ माँ सरस्वती की अप्रतिम सौंदर्य से पूर्ण प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बसंत पंचमी के दिन की गई थी। राजा भोज शौर्य एवं पराक्रम के साथ साथ धर्म ज्ञान, विज्ञान, साहित्य तथा कला के ज्ञाता थे। राजा भोज ने माँ सरस्वती की आराधना, हिंदू जीवन दर्शन एवं संस्कृत के प्रसार हेतु ईस्वी सन 1034 में माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला का निर्माण कराया। माँ सरस्वती के अनन्य उपासक राजा भोज ने जिस स्थान पर सरस्वती की साधना करके अनेकों बार उनका साक्षात्कार किया उसी स्थान पर अपनी कल्पना एवं वास्तु से विश्व के सर्वश्रेष्ठ सरस्वती मंदिर का निर्माण धारा नगरी में करवाया जो आज भोजशाला के नाम से विख्यात है। पराभव काल - पावन भोजशाला जो अपने आंगन में धर्म, दर्शन और शास्त्रार्थ के लिए प्रसिद्ध थी, जहां वेदमंत्रो की ध्वनि गूंजती थी वहीं इस्लामी साजिश के तहत माँ सरस्वती की आराधना का ढोंग करते हुए कमाल मौलाना ने अपने कदम बढाए। कमाल मौलाना ने तंत्र- मंत्र के माध्यम से 36 वर्षों तक संपूर्ण मालवा राज्य को धर्मान्तरित करवाया और मालवा राज्य की जानकरियां भी एकत्र करता रहा। ईस्वी वर्ष 1305 में इस्लामी हमलावर अलाउद्दीन खिलजी ने परमारों के अभेद्य गढ़

निर्णय में मुस्लिम पक्ष को नमाज अदा करने के लिए सरकार से संपर्क करने की छूट दी गई है। न्यायलय ने केंद्र सरकार और एएसआई को भोजशाला परिसर के प्रबंधन और संस्कृत शिक्षा से जुड़े फैसले लेने को कहा है। एएसआई परिसर का समग्र प्रशासन और प्रबंधन अपने पास जारी रखेगा। हिंदुओं द्वारा पूजा जारी रही ऽ उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि विवादित स्थल पर हिंदू पूजा की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई और ऐतिहासिक दस्तावेजों और साहित्य से यह स्थापित होता है कि विवादित क्षेत्र का मूल चरित्र भोजशला के रूप मे था जो परमार वंश के राजा भोज से जुड़ा संस्कृत शिक्षा केंद्र था। न्यायालय ने कहा कि विवादित भोजशाला कमाल मौला मस्जिद परिसर एक संरक्षित स्मारक है जिसे 18 मार्च 1904 से संरक्षित स्मारक का दर्ज़ा प्राप्त है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस क्षेत्र का धार्मिक चरित्र माँ सरस्वती का भोजशाला मंदिर ही है। अब परिसर में केवल हिंदू ही पूजा पाठ कर सकेंगे क्योकि वर्ष 2003 वाला वह आदेश रद्द हो गया है जिसमें हिंदुओं को केवल मंगलवार और मुस्लिमों को शुक्रवार को नमाज अदा करने की छूट दी गई थी। यह विजय हिंदुओं के 1000 वर्षों के संघर्ष की विजय का स्वर्णिम अवसर है। इस फैसले के बाद लंदन म्यूजियम से माँ वाग्देवी की प्रतिमा वापस आने मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। मुस्लिम पक्ष उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने की बात कह रहा है। वर्ष 1034 में परमार शासक राजा भोज ने ज्ञान की साधना और माँ सरस्वती की आराधना के लिए भोजशाला का निर्माण कराया। यह नालंदा, तक्षशिला और काशी की ही तरह एक विशाल आवासीय संस्कृत विश्वविद्यालय था। सैकड़ों अलंकृत लाल स्तंभों पर देवी- देवताओं की मूर्तियां शोभायमान थीं। इस भवन में माघ, बाणभट्ट, कालिदास, भवभूति, भास्कर भट्ट, धनपाल, मातुंगाचार्य जैसे प्रकंाड विद्वान अध्ययन व अध्यापन करते थे। भवन के उत्तर व दक्षिण की दीवारों पर जालीदार खिड़कियों के बीच देवी- देवताओं की मूर्तियां उकेरी गई थीं । भवन के मध्य में विशाल यज्ञकुंड है। वर्ष 1035 में यहाँ माँ सरस्वती की अप्रतिम सौंदर्य से पूर्ण प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बसंत पंचमी के दिन की गई थी। राजा भोज शौर्य एवं पराक्रम के साथ साथ धर्म ज्ञान, विज्ञान, साहित्य तथा कला के ज्ञाता थे। राजा भोज ने माँ सरस्वती की आराधना, हिंदू जीवन दर्शन एवं संस्कृत के प्रसार हेतु ईस्वी सन 1034 में माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला का निर्माण कराया।

मालवा पर आक्रमण कर इस्लामी साम्राज्य की स्थापना की तथा भोजशाला सहित हिन्दुओं के तमाम मंदिरों व आस्था के केंद्रो का विध्वंस किया । वर्ष 1401 में दिलावर खां गौरी ने मालवा को अपना साम्राज्य घोषित कर विजय मंदिर (सूर्य मार्तंड मंदिर) को ध्वस्त किया । आज उसी विजय मंदिर में नमाज पढ़ी जा रही है और उसे भी लाट मस्जिद कहते हुए मस्जिद सिद्ध करने की साजिशें जारी है। वर्ष 1514 में महमूद शाह खिलजी द्वितीय ने आक्रमण कर भोजशाला को खंडित कर मस्जिद में परिवर्तित करने का प्रयास किया और मंदिर के बाहर अतिक्रमण करके कमाल मौलाना की मृत्यु के 204 वर्ष बाद मकबरा बनाया। इसके आधार पर ही माँ सरस्वती के मंदिर भोजशाला को कमाल मौलाना की मस्जिद बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा था जिसे आज इंदौर उच्च न्यायालय की बेंच के सामने साक्ष्यों के साथ ध्वस्त किया गया है। हिन्दू समाज ने भोजशाला पर अपना अधिकार वापस लेने के लिए 1000 वर्षों से लगातार संघर्ष किया। साठ के दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ स्वयंसेवकों एवं हिंदू महासभा ने श्री महाराजा भोज स्मृति बसंतोत्सव समिति का गठन किया और अपने प्रयत्न प्रारंभ कर दिए। अनेक वर्षों में अथक प्रयासों के बाद भी जब सफलता नहीं प्राप्त हो रही थीं तब वर्ष 2000 में धार के सामाजिक संगठनों की ओर से हिंदू जागरण मंच का गठन किया गया। हिंदू समाज माँ सरस्वती की भोजशाला पर अपना नियंत्रण स्थापित करने के लिए सतत संघर्ष वान तथा संकल्पवान रहा। वर्ष 1995 में भोजशाला में दो पक्षों के मध्य विवाद के बाद प्रशासन ने हिंदुओं को मंगलवार को पूजा और मुस्लिमों को शुक्रवार को नमाज की अनुमति दे दी। 12 मई 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुस्लिम तुष्टिकरण का परम उदाहरण देते हुए भोजशाला में आम लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी और हिंदुओं की मंगलवार की पूजा भी रोक दी। बाद में हिंदुओं को वर्ष में केवल एक दिन बसंत पंचमी और मुस्लिम समाज को प्रत्येक शुक्रवार को नमाज अदा करने की अनुमति दे दी गई। 6 फरवरी 1998 को केंद्रीय पुरातत्व विभाग ने फिर आम जनमानस के प्रवेश पर रोक लगा दी। वर्ष 2003 में हिंदुओं को बिना फूल माला के पूजा करने की अनुमति दी गई और भोजशाला को पर्यटकों के लिए भी खोला दिया गया। 18 फरवरी 2003 वहां पर सांप्रदायिक हिंसा हुई। वर्ष 2013 में बसंत पंचमी के अवसर पर तथा फिर वर्ष 2016 में भी यहाँ सांप्रदायिक तनाव हुआ। तब से लेकर आज तक अनेकानेक जनजागरण अभियान और न्यायिक संघर्ष चलता रहा। आज हिंदू समाज ने एक प्रमुख पड़ाव जीत लिया है और संभवतः उसके लिए आगे की राह सरल हो गई है। **-मृत्युंजय दीक्षित**

# संयम का ज्ञान और खर्च के गणित का गड़बड़झाला

**मुकेश 'कबीर'**

सरकार ने आग्रह किया कि विदेश जाकर ज्यादा खर्च न करें, वहाँ से सोना नहीं खरीदें। इस बात का सबसे ज्यादा विरोध वो लोग कर रहे हैं जिन्होंने विदेश से कभी सुई भी नहीं खरीदी और जो कभी विदेश गए ही नहीं। विदेश जाने की तो छोड़िए, जो दूसरे मोहल्ले जाने के लिए पड़ोसी की गाड़ी का इंतजार करते हैं, उन्हें गुस्सा है कि सरकार निजी वाहन का उपयोग कम करने की सलाह दे रही है। और तो और, जिन्होंने गणित के डर से पढ़ाई छोड़ दी थी, वो आज अर्थशास्त्री बनकर ज्ञान बाँट रहे हैं।

खैर, यह तो आम आदमी है। इनकी क्या खुशी और क्या नाराजगी! अभी तीन-चार साल सरकार से नाराज रहेंगे, लेकिन चुनाव में फ्री राशन की घोषणा होते ही खुश हो जाएँगे। यह खेल सालों से चल रहा है और सालों तक चलता रहेगा। सरकार भी पतंगबाजी करना जानती है। कब ढील देनी है, कब डोर खींचनी है, उन्हें अच्छे से पता है। और किसे खींचना है, किसे ढील देनी है, यह भी पता है। इसीलिए तो आम आदमी से पेट्रोल बचाने की बात कह दी, और अगले ही दिन मंत्री और मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में खास लोग गाड़ियों का काफिला लेकर पहुँच गए। शायद खास लोगों की गाड़ी पेट्रोल से नहीं चलती होगी। आखिर खास लोगों की गाड़ी है, खास ही होगी। उनका क्या है, पेट्रोल नहीं भी होगा तो धक्का लगाने के लिए आम कार्यकर्ता हैं न! आम और खास का रिश्ता ही ऐसा है एक-दूसरे को धक्का लगाकर बढ़ते-बढ़ाते रहते हैं। इसी धक्का-मुक्की में ही सरकारें चल जाती हैं। चुनाव में फ्री राशन देकर खास आदमी थोड़ा धक्का देते हैं, और वोट देकर आम आदमी धक्का दे देता है। बस, हो गया काम। अब बाकी काम पाँच साल बाद... लेकिन एक बात समझ नहीं आती कि जब सरकारी खज़ाने वाकई में इतने खाली हैं तो चुनाव में फ्री बाँटने के लिए अरबों रुपये कहाँ से आ जाते हैं इनके पास? हमारे चुनाव में इतना पैसा बहाया जाता है कि पाकिस्तान जैसे देशों का वार्षिक बजट आराम से बन सकता है। अरे हाँ, पाकिस्तान से याद आया कि यह भी तो बहुत बड़ा धक्का लगाता है हमारी सरकारों को। हमारा इतिहास है कि जब-जब भी हमारी इकोनॉमी गिरी है, हमने तुरन्त पाकिस्तान का हवाला देकर जनता को शांत किया है 'तुम सोने के लिए रो रहे हो, पाकिस्तान में तो आटा भी नहीं मिल रहा। तुम तो छप्पन भोग लगा रहे हो, पाकिस्तान में तो टमाटर भी तीन सौ रुपये किलो है। वहाँ के लोगों को खाने के लाले पड़े हैं, वो देश तो खत्म होने वाला है।' लेकिन असल बात यह है कि इतनी खराब हालत के बाद भी पाकिस्तान चल रहा है, कोई भूख से नहीं मर रहा।

वरना इतने सालों से उसकी जो हालत बताई जा रही है, उसमें तो अभी तक पाकिस्तान को खाक हो जाना था। लेकिन अभी बात खाने की नहीं, सोने की चल रही है। इसलिए हमने तो सोना बहुत कम कर दिया है। पहले दस-बारह घंटे सोते थे, लेकिन अब सिर्फ ग्यारह घंटे में काम चलाते हैं। और विदेश का कोई चक्कर नहीं तो अपने देश में ही सो लेते हैं। आखिर सोने के लिए विदेश क्यों जाना? बात आई न समझ में? आखिर समझ में आएगी क्यों नहीं! जब कोई इतने वैज्ञानिक तरीके से समझाएगा तो जरूर समझ आएगी। लेकिन सरकार को सिर्फ आदेश देना आता है, समझाना नहीं। इसीलिए उनका विरोध भी होता है। लेकिन हमारा विरोध कोई नहीं करता। बीबी भी हमारा विरोध नहीं करती, फिर कोई और क्या करेगा? आपको लग रहा होगा कि हम ज्यादा ऊँची फेंक रहे हैं, लेकिन इस बात की पुष्टि के लिए हमारे घर आकर देख सकते हैं। लेकिन याद रखिए यदि आना है तो खुद की गाड़ी मत लाना, मेट्रो से आना और उसमें फोटो जरूर खिंचवा लेना। आजकल यही सिस्टम है, तभी लोगों को प्रेरणा मिलती है। इसलिए एक-दूसरे को प्रेरित करते रहें...

## सेहत मंत्र

# किडनी के लिए बहुत फायदेमंद है भुजंगासन

शरीर को स्वस्थ रख बीमारियों को दूर करने का सबसे प्रभावी तरीका है योग, योग में हर रोग का न सिर्फ इलाज छिपा है बल्कि यह आपको ऊर्ज़ा भी प्रदान करता है। योग के कई आसनों में से एक है भुजंगासन। संस्कृत के शब्द भुजंग का अर्थ होता है सर्प और आसन का अर्थ है स्थिति। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी सर्प की तरह लचीला हो जाती है और शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है। इसीलिए इस आसन को भुजंगासन कहा जाता है। यह आसन पेट के बल लेटकर किया जाता है। इस आसन से शरीर को सुडौल बनाता है। कैसे करेंगे ये आसन- शुद्ध वातावरण और समतल जमीन पर आसन बिछाकर पेट के बल लेट जाएं। सांस सामान्य रहे और शरीर की मांसपेशियों के शिथिल होने तक इस स्थिति में लेटें। माथे को जमीन पर और हाथों को कंधों के पास इस तरह से टिकाएं कि कोहनियां पीछे की तरफ शरीर के पास आ जाएं। टांगों और पैरों को सीधा रखते हुए आपस में मिला लें। धीरे-धीरे सांस भरें और हाथों को जमीन पर अच्छी तरह से टिकाते हुए कंधों के सहारे नाभि तक के हिस्से को इस प्रकार ऊपर की तरफ उठाएं कि छाती सामने की ओर आ जाए। गर्दन को पीछे की तरफ करते हुए ऊपर आकाश की ओर देखने का प्रयास करें। इस स्थिति में यथाशक्ति रुकने के बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे पूर्व स्थिति में लौट आएं।

भुजंगासन से किडनी और अन्य अंगों को लाभ- छाती, पीठ, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाता है। गले में स्थित ग्रंथियों को सशक्त कर शरीर को ऊर्ज़ावान बनाता है। किडनी के लिए लाभप्रद है। तनाव व थकान को दूर करता है। हृदय और फ़ेफड़ों के लिए विशेष लाभप्रद है।पेट के सभी आंतरिक अंगों को सशक्त और सक्रिय करता है।

विशेषः योगाभ्यास शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। योग्य योग शिक्षक की देखरेख में ही आसनों की शुरुआत करें।

## धर्म मंत्र

# घर के मंदिर में न रखें 4 देवताओं की मूर्ति, वरना फायदा नहीं उल्टा हो सकता है नुकसान

भगवान की कृपा पाने के लिए लोग अपने-अपने घर के मंदिर देवी-देवताओं की मूर्ति रखते हैं। मान्यता है कि घर में भगवान की मूर्ति या फोटो होती है तो परेशानियां दूर रहती हैं। मंदिर में पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार घर में सभी देवताओं की मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। भगवान के कुछ ऐसे स्वरूप हैं जो घर में रखना शुभ नहीं बल्कि अशुभ होता है। ऐसे स्वरूप घर में रखने से फायदा नहीं बल्कि नुकसान हो सकता है। 1. भैरव देवः भैरव देव को भगवान शिव का अवतार माना जाता है। घर में छोटा सा शिवलिंग रख सकते हैं, लेकिन शिवजी के अवतार भैरव भगवान की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। भैरव देव तंत्र के देवता हैं और इनकी पूजा घर के बाहर ही करनी चाहिए। 2. नटराजः भगवान शिवजी का रौद्र स्वरूप है नटराज। इस स्वरूप में शिवजी तांडव करते नजर आते हैं। ये मूर्ति रखने से घर में अशांति बढ़ सकती है। परिवार के सदस्यों का स्वभाव क्रोधी हो सकता है। 3. शनि देवः ज्योतिष में शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है, साथ ही ये एक क्रूर ग्रह है। शनिदेव सूर्य के पुत्र हैं। इनकी मूर्ति घर में रखना अशुभ माना जाता है। शनि की पूजा घर से बाहर ही करनी चाहिए। 4. राहु-केतुः राहु और केतु को छाया ग्रह और पाप ग्रह माना जाता है। ज्योतिष की मान्यता है कि राहु-केतु की पूजा की जाए तो हम बड़ी-बड़ी परेशानियों से बच सकते हैं, लेकिन इनकी पूजा घर में नहीं बल्कि बाहर किसी मंदिर में करनी चाहिए। घर में इनकी मूर्ति रखने से अशुभ फल मिल सकते हैं।

## पर्यटन



# सिंगापुर एशिया का सबसे खूबसूरत देश

अगर आप भी विदेश भ्रमण करना चाहते हैं तो सिंगापुर द्वीप को चुनना आपके लिए फायदेमंद रहेगा, क्योंकि यहां पर कई धर्मों में विश्वास रखने वाले, विभिन्न देशों की संस्कृति, इतिहास तथा भाषा के लोग एकजुट होकर रहते हैं। सिंगापुर दक्षिण एशिया में मलेशिया तथा इंडोनेशिया के बीच में स्थित है। वैसे तो सिंगापुर को सिंहों का पुर माना जाता है यानी इसे सिंहों का शहर भी कहा जाता है। इस शहर को प्रकृति का वरदान प्राप्त है। यहां मुख्य रूप से चाइनीज और अंग्रेजी भाषा प्रचलित हैं। यहां कई मनोरंजक स्थल हैं, साथ ही यह आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा युक्त संपन्न शहर है। सैर-सपाटे की दृष्टि से कई प्रकार के मनोरंजक स्थल मौजूद हैं, जो पर्यटकों का मन लुभाते हैं। विश्व के सबसे प्रमुख बंदरगाहों में से एक सिंगापुर है तथा यह प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। यहां का हवाई अड्डा आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा संपन्न है। यहां के कई मनमोहक दृश्य देखने के बाद आंखों के सामने उन नजरों को हटाना मुश्किल सा लगता है। सिंगापुर का रुख करने के बाद अगर आप वहां भारत देखना चाहते हैं तो एक स्थान ऐसा भी है, जहां पर भारतीय खान-पान और सारी अन्य वस्तुएं आसानी से मिल जाती है। दक्षिण भारतीय उडलैंड होटल के पास आप कई तरह की चीजें देख सकते हैं। इसके साथ ही यहां अनेक तरह की भारतीय पोशाकें भी आसानी से प्राप्त जाती है। सिंगापुर के बड़े-बड़े बहुमंजिला मॉल्स में भी आपको हर तरह का भारतीय सामान देखने को मिल सकता हैं। एक किंवदंती के अनुसार चौदहवीं शताब्दी में सुमात्रा द्वीप का एक हिंदू राजकुमार जब शिकार हेतु सिंगापुर द्वीप गया, तो वहां के जंगलों में सिंहों को देखकर उसने उक्त द्वीप का नामकरण सिंगापुरा अर्थात सिंहों का द्वीप कर दिया था। सिंगापुर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में यहां के तीन संग्रहालय, जूरोंग बर्ड पार्क, रेप्टाइल पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, साइंस सेंटर सेंटोसा द्वीप, पार्लियामेंट हाउस, हिन्दू, चीनी व बौद्ध मंदिर तथा चीनी व जापानी बाग देखने लायक हैं। यहां पर जंगल, पहाड़, झरने तथा यहां के लहलहाते पेड़-पौधों व फूलों के बीच से रेलगाड़ी गुजरती है। यह देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो हम कोई स्वप्न देख रहे हो। यहां के बॉटनिकल गार्डन में विभिन्न प्रकार के रंगबिरंगे आर्किड फूल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

# तहसील हैदरगढ़ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए गए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ श्री राजेश विश्वकर्मा सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिन प्रकरणों में तत्काल राहत संभव थी, उनका मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सड़क खुदाई, पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन क्षति एवं



जलापूर्ति बाधित होने से संबंधित प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी मामलों में टीम गठन कर गहन जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को अनावश्यक असुविधा न होने पाए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि भूमि विवाद से जुड़े प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेज कर मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। सभी टीमें आज ही स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरणों का निस्तारण करें तथा सायं तक विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें।इस दौरान जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरणों में पात्र लाभार्थियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 562 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 49 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

तहसील नवाबगंज में जॉइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 148 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सिरौलीगौसपुर में 23 प्रार्थना पत्रों में से 09 का, तहसील रामसनेहीघाट में 66 में से 07 का, तहसील रामनगर में 54 में से 04 का, तहसील फतेहपुर में 35 में से 03का तथा तहसील हैदरगढ़ में 236 में से 11 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

# बाल वैज्ञानिको का हुआ सम्मान , सभी ने सराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।राष्ट्रीय जागरण मंच और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में धनोखर सरोवर स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में दो बाल वैज्ञानिकों पूजा पाल और मान्या श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।पूजा पाल को धूल रहित थ्रेसर निर्माण के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है तथा जापान में नवाचार विज्ञान सम्मेलन में सहभागिता का अवसर मिला।वहीं मान्या श्रीवास्तव को ट्रेन की बर्थ पर चढ़ने के लिए फोल्डेबल सीढ़ी बनाने पर स्टेट लेवल मान्यता प्राप्त हुई है।बच्चों के शिक्षक राजीव श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मंच अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर।रामनगर तहसील सभागार में शुक्रवार को बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को वरिष्ठ अधिवक्ता जुगल किशोर मिश्रा ने शपथ दिलाई। इस दौरान एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राकेश कांत मिश्रा ने निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं दी।

शपथ लेने वाले नव निर्वाचित पदाधिकारियों में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीडी खान, महामंत्री कमलापति तिवारी,उपाध्यक्ष गिरजेश कुमार शुक्ला, चैतन्य नारायण, देवकली प्रसाद रावत, संयुक्त मंत्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, अवनीश कुमार मिश्रा, हंसराज प्रजापति कोषाध्यक्ष गुरुदेव मिश्रा,सदस्यों में रामकुमार मिश्र, नवीन चंद्र जैन, अरुण कुमार सिंह, भगवान दीन चौधरी, ब्रजेश कुमार पांडेय, अरविंद तिवारी, महेश सिंह, हरिनाम यादव, मो. कासिम, ललित तिवारी, चंदन मणि तिवारी, जीतेन्द्र सिंह व पुनीत कुमार शामिल



रहे। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि सभी पदाधिकारी बेहतर ढंग से अपने दायित्व निभाएं। अधिवक्ताओं के द्वारा न्यायिक रूप से ईमानदारी से कार्य करना और पीड़ितों को इंसाफ दिलाना उनकी प्राथमिकता है। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश रविंद्र रावत ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को ईमानदारी और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम आनंद तिवारी ने कहा कि न्यायपालिका से लोगों की उम्मीदें बंधी रहती हैं। न्याय दिलाने में सफलताओं के महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता रितेश मिश्रा ने हर परिस्थिति में अधिवक्ताओं एकजुट रहने की अपील की। इस मौके पर केपी तिवारी,राकेश कान्त मिश्रा,कौशल किशोर त्रिपाठी, रितेश मिश्रा, श्रवण सिंह,बद्री विशाल त्रिपाठी,राधा कांत शुक्ला, सतीश चंद्र शुक्ला, अनिल दिक्षित, राजकिशोर रावत, बालमणि मुकुंद गुप्ता, कुलदीप शुक्ला,रामचंद्र शुक्ल,एसपी मिश्रा,कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रामकुमार सोनी ने किया।

# बलिया शहर में विधायक निधि से सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने पर मंत्री दयाशंकर सिंह ने जतायी नाराजगी

एजेंसी

बलिया,। आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने शनिवार को विकास भवन सभागार में विकास कार्य को लेकर जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों, सड़कों, पुलों, नहरों, विद्युत व्यवस्था और नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शहर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इसके लिए उनकी निधि से पांच करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

परिवहन मंत्री ने माल्देपुर से बन रहे बाईपास को महावीर घाट तक लगभग दो किलोमीटर जोड़ने हेतु एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। विधानसभा बलिया क्षेत्र में वैना से बाईपास कॉरिडोर निर्माण पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि जून माह से किसानों का पंजीकरण शुरू किया जाएगा। वहीं नगरा से बरौली मार्ग तथा एनएच-31 देवरिया से हल्दी तक सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि सुखपुरा नहर से बसंतपुर तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण और सुखपुरा टंकी से गांव तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराई जाए। बसंतपुर नहर से सुखपुरा तक सड़क की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए दोबारा निर्माण कराने को कहा गया। चिलकहर ब्लॉक के ग्राम सवरा में निर्माणाधीन पुल को चौड़ा करने तथा सिकंदरपुर-मनियर-लालगंज मार्ग को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। बिहार से चांदपुर मार्ग पर अधूरे पुल निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा करने को कहा गया। बाढ़ खंड विभाग की वर्तमान में संचालित नौ परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री दयालु ने बांध निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग की कार्यदायी संस्था को नहरों की सफाई में लापरवाही पर फटकार लगाई। इस दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को बांसडीह तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर हुए कब्जों को हटाने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत विभाग को जर्जर तार बदलने, आवश्यक स्थानों पर ट्रांसफार्मर और खंभे लगाने तथा स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका को निर्देश दिए कि बरसात से पहले शहर के सभी नालों की सफाई, पार्कों, स्मारकों और मूर्तियों की साफ-सफाई सुनिश्चित कर लें। बैठक में बताया गया कि शहर में 400 सफाई कर्मचारी तैनात हैं और नियमित रूप से कूड़ा उठान का कार्य किया जा रहा है। बैठक में अनुपस्थित पीडब्ल्यूडी और जल निगम नगरीय अधिकारियों के बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर जिलाधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिए। वहीं प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार करने को कहा। बैठक में बांसडीह विधायक केतकी सिंह, एमएलसी रविशंकर उर्फ पप्पू, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, सीडीओ ओजस्वी राज व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## एनएच-27 पर लगेगी एटीएमएस, अब सफर होगा और अधिक सुरक्षित

अयोध्या । डबल इंजन की सरकार के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सड़कें तेजी से बदल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को केन्द्र सरकार के पूर्ण समर्थन के साथ नई रफ्तार मिल रही है। इसी क्रम में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के लखनऊ-अयोध्या एवं अयोध्या-गोरखपुर खंड पर अत्याधुनिक एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) स्थापित करने का बड़ा फैसला लिया है। यह परियोजना हाईवे को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार का फोकस केवल विकास पर ही नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा और सुविधा पर भी है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में लखनऊ से अयोध्या होते हुए गोरखपुर तक का यह मार्ग और अधिक व्यस्त हो गया है। एटीएमएस प्रणाली के माध्यम से अब इस पूरे कॉरिडोर पर 24़7 निगरानी रहेगी, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और यात्रियों को रियल टाइम जानकारी उपलब्ध होगी। एनएचएआई के अयोध्या परियोजना निदेशक अवनीत सिद्धार्थ ने बताया कि इस परियोजना के तहत हाईवे पर अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। सीसीटीवी/पीटीजेड कैमरे, वेरिएबल मैसेज साइन (वीएमएस) बोर्ड, व्हीकल एक्ट्यूएटेड स्पीड डिटेक्शन सिस्टम, इमरजेंसी कॉल बॉक्स, मौसम निगरानी संयंत्र, इंसीडेंट डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) और एएनपीआर कैमरे सहित कई आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इनकी मदद से यातायात प्रबंधन, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। पूरे कॉरिडोर पर कुल 238 सीसीटीवी/पीटीजेड कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे लगभग हर एक किलोमीटर की दूरी पर स्थापित किए जाएंगे। जंक्शन, इंटरचेंज और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों पर अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा हर 10 किलोमीटर पर वीडियो इंसीडेंट डिटेक्शन सिस्टम (वाइड्स) और एएनपीआर कैमरे लगेंगे, जो ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक नियम उल्लंघन और दुर्घटनाओं का स्वतः पता लगाकर अलर्ट जारी करेंगे। यात्रियों को मौसम, दुर्घटना, ट्रैफिक डायवर्जन और सड़क स्थिति की रियल टाइम जानकारी देने के लिए 18 वेरिएबल मैसेज साइन (ड्डख्ड्ढ) डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए 24 व्हीकल एक्ट्यूएटेड स्पीड डिटेक्शन सिस्टम स्थापित किए जाएंगे, जो रडार के जरिए गति दिखाकर चालकों को सावधान करेंगे। 122 इमरजेंसी। कम्युनिकेशन सिस्टम (इमरजेंसी कॉल बॉक्स) के जरिए यात्रियों को तत्काल मदद मिल सकेगी। पूरे हाईवे की निगरानी के लिए 02 एटीएमएस कंट्रोल सेंटर और 01 सब कंट्रोल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

## हफीज भारती बने बाराबंकी सिटीजन फोरम के चेयरमैन

### उ.प्र. सिटीजन फोरम के संरक्षक अमीर हैदर और अध्यक्ष अरशद आजमी ने सौंपी जिम्मेदारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की प्रमुख समाजसेवी व राजनेता हफीज भारती को बाराबंकी सिटीजन फोरम का चेयरमैन बनाया गया। यह जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सिटीजन फोरम के संरक्षक एवं वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अमीर हैदर एडवोकेट और फोरम के अध्यक्ष अरशद आजमी ने सौंपी। शनिवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में बाराबंकी जिले में सिटीजन फोरम की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किए जाने पर विचार किया गया। इस मौके पर राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जनपद के जाने माने समाजसेवी व नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष हफीज भारती को फोरम का चेयरमैन चुना। हफीज भारती ने फोरम के राज्य अध्यक्ष अरशद आज़मी और संरक्षक अमीर हैदर को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं फोरम की ओर से हफीज भारती को चेयरमैन बनाए जाने का प्रमाणपत्र भी सौंपा गया। इस मौके पर उन्होंने बाराबंकी के विकास और सामाजिक क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में फोरम के संरक्षक अमीर हैदर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश की तकदीर और तस्वीर को बदल सकती है। इसलिए ऐसे युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। जिससे समाज के अन्य लोगों को एक नया संदेश जाए। यह फोरम आने वाले समय में सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक और वैचारिकी का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उ.प्र. सिटीजन फोरम के चेयरमैन अरशद आजमी ने बताया कि सामाजिक समरसता सर्वोपरि है। सिटीजन फोरम को इसी पर फोकस करना है। सिटीजन फोरम समाज के हर तबके को जोड़कर आगे बढ़ाने का माध्यम है। जल्द ही जिले के हर सैक्टर से लोगों की कमेटी गठित कर संस्था का व्यापक रूप से विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हसमत उल्लाह, समाजसेवी मोहम्मद मोनिस, नावेद मेराज, अजीज अहमद कुरैशी आदि कई लोग मौजूद रहे।

## बिजनौर : शिकार की तलाश में घर में घुसा गुलदार, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में थाना नागल सोती क्षेत्र के गाँव लालपुर सोजिमल में शुक्रवार की देर रात जंगल से भटककर एक गुलदार घर में घुस गया। घर में गुलदार को देख परिवार ने सूझ बूझ से काम लेते हुए उसे एक कमरे में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

नाग थाना क्षेत्र के लालपुर सोजिमल गांव में मुन्नू पुत्र नन्हे के घर में शिकार की तलाश में जंगल से निकलकर एक गुलदार बीती रात पहुंच गया। घर में उस समय वेद प्रकाश, गोलू और काजल खाना खा रहे थे। गुलदार को देखते ही परिवार में हड़कंप मच गया और उन्होंने तुरंत गुलदार को एक कमरे में बंद कर दिया।

गुलदार के घर में घुसने की खबर फैलते ही आसपास के सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम शनिवार सुबह करीब 5 बजे मौके पर पहुंची।

नागल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ और राजगढ़ वन क्षेत्राधिकारी देव ऋषि सक्सेना की देखरेख में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। टीम ने पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ा। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू करने के बाद लोगों की जान में जान आई।

वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू किए गए गुलदार को राजगढ़ वन रेंज कार्यालय ले जाया गया है। आलाधिकारियों ने निर्देश पर रेस्क्यू गुलदार को वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

## बहराइच पुलिस ने 10 किलो अफीम के साथ एक नेपाली सहित दो को किया गिरफ्तार

बहराइच । रुपईडीहा पुलिस और एएनटीएफ बाराबंकी के संयुक्त दल ने दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से करीब 10 किलो अफीम बरामद हुई है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय मार्किट में कीमत 50 लाख से अधिक की बताई जा रही है। आरोपितों पर मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

रुपईडीहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबागंज कस्बे में दो तस्कर मादक पदार्थ के साथ भागने की फिराक में हैं। सूचना पर बाराबंकी की एएनटीएफ इकाई के एसआई पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, एसआई करुणेश पाण्डेय, मनीष दुबे, थानाध्यक्ष रुपईडीहा रमेश रावत व एसआई जीतेश सिंह का दल गठित किया गया। दल ने मल्हीपुर-बाबागंज मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के निकट से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। जामातलाशी के दौरान उनके पास से लगभग 10 किलो से ऊपर अफीम बरामद की गई।

थानाध्यक्ष रमेश रावत ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान नेपाल निवासी खिम बहादुर कार्की एवं बहराइच जनपद के बाबागंज निवासी पंकज वर्मा के रूप में हुई है। दोनों आरोपितों को मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है।

## मंदिर चोरी का एक आरोपित गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में थाना लार पुलिस ने शनिवार को प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में हुई चोरी का खुलासा किया। मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की नकदी, घटना में प्रयुक्त औजार तथा अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि थाना लार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित कर्मबीर उर्फ विकास सिंह पुत्र राजनारायण सिंह निवासी ग्राम बरडीहा दलपत को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उसके घर से घटना में प्रयुक्त शाल, गमछा तथा एक झोले में रखे लोहे की रॉड, हथौड़ी और नुकीली बरछी बरामद की गई। इसके साथ ही चोरी के 13,150 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। आरोपित के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 11 मई 2026 को वादी रणवीर प्रताप सिंह निवासी बरडीहा दलपत ने सूचना दी थी कि गांव स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में 10/11 मई की रात अज्ञात चोर ने चोरी की घटनाकारित की थी। सूचना के आधार पर थाना लार में बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। मामले में एक चोर को पकड़ा गया है।





## दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला, नजरें सूर्यवंशी पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स को प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये रविवार को आईपीएल का महत्वपूर्ण मुकाबला हर हालत में जीतना होगा और नजरें इस पर लगी होंगी कि वैभव सूर्यवंशी सीम और स्विंग के महारथी मिचेल स्टार्क का सामना कैसे करते हैं। दिल्ली के 12 मैचों में दस अंक है और प्लेआफ में जगह बनाने की उसकी संभावना नहीं के बराबर है। इस मैच में हार से वह दौड़ से बाहर ही हो जायेगी। वहीं रॉयल्स के 11 मैचों में 12 अंक है और एक सप्ताह के ब्रेक के बाद टीम तरोताजा होकर मैदान पर लौटेगी। उनकी पूरी कोशिश होगी कि दिल्ली उनके रंग में भंग नहीं डाल सके। सचिन तेंदुलकर के बाद कोई युवा खिलाड़ी देशवासियों का इस कदर चहेता नहीं बना है जैसे बिहार के समस्तीपुर का सूर्यवंशी बन चुका है। वह फिरोजशाह कोटला पर पहली बार खेलेगा और उनको बल्लेबाजी करते देखना का ऐसा क्रेज है कि फ्री पास मांगने वालों की होड़ मची हुई है। आईपीएल के 19 साल में दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसक वफादार नहीं रहे हैं। जब कोटला पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू खेलती है तो दर्शक 'कोहली कोहली' चिल्लाते हैं जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के खेलने पर पूरा कोटला पीले रंग में रंग जाता है और सात नंबर की धोनी की जर्सी ही सर्वत्र नजर आती है। इतने साल में अपने प्रशंसकों का बेस नहीं बना सकी दिल्ली की टीम रविवार को उतरेगी तो इसमें कोई अचरज नहीं होगा अगर दर्शक सूर्यवंशी की हौसलाअफजाई करें। पिछले 11 मैचों में 40 छक्के लगा चुके और 236 . 55 की स्ट्राइक रेट से 440 रन बना चुके सूर्यवंशी जबर्दस्त फॉर्म में हैं और अब देखना होगा कि स्टार्क उन्हें कैसे रोक पाते हैं। स्टार्क का आईपीएल में प्रदर्शन मिला जुला रहा है। आईपीएल 2024 के फाइनल में उन्होंने बेहतरीन पहला स्पैल डालकर केकेआर की जीत की नींव रखी थी। अगर स्टार्क टेस्ट क्रिकेट वाला अपना फॉर्म लेकर उतरते हैं तो सूर्यवंशी के लिये मुश्किलें खड़ी हो सकती है। अब तक 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुके स्टार्क को शुरूआती स्विंग और सीम मिल जाती है तो सूर्यवंशी की तकनीक की असल परीक्षा होगी। दिल्ली की टीम ने पिछले कुछ मैच सपाट पिचों पर खेले हैं। उसके लिये कप्तान अक्षर पटेल (12 मैचों में दस विकेट ) और कुलदीप यादव (11 मैचों में सात विकेट) का खराब फॉर्म चिंता का सबब रहा है। लुंगी एंगिडि को छोड़कर तेज गेंदबाज भी नहीं चल सके हैं। के एल राहुल अकेले बल्लेबाज रहे हैं जिन्होंने दिल्ली के लिये लगातार रन बनाये हैं। नीतिश राणा और समीर रिजवी को बड़ी पारियां खेलनी होंगी। रॉयल्स के लिये चिंता की बात कप्तान रियान पराग (10 मैचों में 207 रन) का खराब फॉर्म है। रॉयल्स के गेंदबाजों ने जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## खुद को प्रेरित करने और दबदबा रखने के लिए जश्न का अलग तरीका अपनाता हूं: आकाश सिंह

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की आईपीएल मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत में तीन विकेट लेकर अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने जश्न के अपने अनोखे तरीके से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा और उन्होंने कहा कि वह खुद को प्रेरित करने और बल्लेबाजों पर दबदबा कायम रखने के उद्देश्य से इस तरह का जश्न मनाते हैं। विकेट लेने के बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कागज का टुकड़ा निकाला, जिस पर लिखा था, ''अक्की आग लगा रहा है। आकाश जानता है कि टी20 क्रिकेट में विकेट कैसे लिए जाते हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और वह 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स की खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। इसके बाद वह एलएसजी से जुड़ गये। आकाश से संवाददाता सम्मेलन में जब पूछा गया कि उन्होंने कागज के टुकड़े पर क्या लिखा था, उन्होंने कहा, '''अक्की को टी20 क्रिकेट में विकेट लेना आता है। ऐसा है ना। आकाश ने बताया कि इससे उन्हें प्रेरणा मिलती है और यह बल्लेबाजों पर हावी होने और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। उन्होंने कहा, ''विभिन्न लोगों के लिए अलग-अलग चीज प्रेरणा का काम करती हैं। कभी मैं कागज का टुकड़ा दिखाता हूं तो कभी नहीं। इससे मेरी उस दिन की मानसिकता का पता चलता है। जब आप अपने साथ कुछ लिखा हुआ कागज रखते हैं तो अपने लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करते हैं। राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले आकाश ने कहा कि पिछले दो वर्षों में एलएसजी के सहयोगी स्टाफ से मिले सहयोग से उन्हें एक अच्छा क्रिकेटर बनने में मदद मिली। उन्होंने कहा, ''मैं दो साल से एलएसजी के साथ हूं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही है कि मुझे कोच का पूरा समर्थन मिला है, भले ही मुझे अंतिम एकादश में जगह नहीं मिले। आकाश ने कहा, ''इस साल हमारे साथ भरत अरुण सर हैं, पिछले साल जहीर सर थे। टॉम मूडी भी हैं। जिस तरह से वह हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें किसी भी स्थिति से निपटने और मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार रखते हैं, वह बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक खिलाड़ी मौके का पूरा फायदा उठाना चाहता है। कप्तान का समर्थन भी काफी मायने रखता है और ऋषभ भैया बहुत आत्मविश्वास बढ़ाते हैं जिससे बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

## सीएसके ने एलएसजी से मिली हार से काफी कुछ सीखा होगा: शास्त्री

एजेंसी



लखनऊ। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री को लगता है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से मिली सात विकेट की हार से कुछ कड़े सबक सीखे होंगे और उम्मीद जताई कि पांच बार की चैंपियन टीम अपने बाकी बचे दो मैच जीतकर आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बनी रहेगी। एलएसजी ने 188 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल करके सीएसके की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका दिया। सीएसके को आगे बढ़ने के लिए अब अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे और अन्य टीम के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। शास्त्री ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि इस विकेट पर रन बनाना आसान नहीं था और पहले बल्लेबाजी करने के बावजूद उन्होंने 187 रन बनाए। संजू सैमसन ने रन नहीं बनाए, रुतुराज गायकवाड़ ने भी खास योगदान नहीं दिया। इसलिए अगर वे (आगामी मैचों में) फॉर्म में आ जाते हैं तो यह सीएसके के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, ''सीएसके के गेंदबाजों को यह सीख मिली होगी कि इस तरह की परिस्थितियों में उन्हें किस लेंथ पर गेंदबाजी करनी है। वे चेन्नई की परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत हैं और उन्हें पता है कि वहां किस लेंथ पर गेंदबाजी करनी है। वे अपने मैदान पर अधिक कारगर साबित होंगे। इसलिए मुझे लगता है कि यह उनके लिए एक खराब दिन की तरह था और उन्होंने इससे कई सबक लिए होंगे। अंशुल कंबोज ने 2.4 ओवर में 63 रन लुटाए, जिससे सीएसके को लक्ष्य बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, हालांकि पिच बल्लेबाजी के लिए पूरी तरह से अनुकूल नहीं थी और तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। मिचेल मार्श ने कंबोज पर लगातार चार छक्के लगाए। शास्त्री ने कहा, ''मेरा मानना है कि चार छक्के खाने के बाद अंशुल कंबोज को यॉर्कर करने के बारे में सोचना चाहिए था।

## पंजाब की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगा आरसीबी

एजेंसी



धर्मशाला। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में पंजाब किंग्स की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। धर्मशाला के बेहद खूबसूरत स्टेडियम में होने वाले इस मैच का मुख्य आकर्षण निश्चित तौर पर विराट कोहली रहेंगे जिन्होंने पिछले मैच में शतक लगाया था। धौलाधार पर्वतमाला की मनमोहक पृष्ठभूमि में कोहली की बल्लेबाजी देखने के लिए दिल्ली और पंजाब से बड़ी संख्या में प्रशंसक हिमाचल के पहाड़ों की ओर रवाना हो चुके हैं। आरसीबी टूर्नामेंट की एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। उसकी टीम पंजाब के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतारेगी। टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करने वाले पंजाब किंग्स पर लगातार पांच मैच में हार के बाद टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। आरसीबी की टीम जहां अंक तालिका में बेहद अच्छी स्थिति में है पंजाब किंग्स की टीम के लिए एक और हार प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद कर देगी। पंजाब किंग्स यहां खेले गए पिछले दो मैच में अंतिम पांच ओवर में अपनी गेंदबाजी पर नियंत्रण बनाए रखने में असफल रहा और इस तरह से 210 और 200 रन का बचाव नहीं कर पाया। असल में इस प्रारूप के इतिहास में 200 से अधिक का स्कोर बनाने के बाद सबसे अधिक मैच (10) हारने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम पर है। जेवियर बार्टलेट और मार्को यानसन जैसे गेंदबाज पूरे टूर्नामेंट में महंगे साबित हुए हैं जिससे पंजाब को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की जरूरत है। अर्शदीप सिंह ने पिछले मैच में किफायती गेंदबाजी की जबकि अजमतुल्लाह उमरज़ई ने सत्र के अपने पहले ही मैच में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। विजयकुमार वैशाक को पिछले मैच में मौका नहीं मिला लेकिन अंतिम ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम उन्हें फिर से अंतिम एकादश में शामिल कर सकती है। पंजाब की बल्लेबाजी अच्छी रही है लेकिन पिछले कुछ मैच में वह इस विभाग में भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया है। गेंदबाजी वह विभाग है जिसमें पंजाब को बहुत ज्यादा सुधार करने की जरूरत है। जहां तक आरसीबी का सवाल है तो वह बेहद संगठित टीम नजर आ रही है। 37 वर्षीय कोहली बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रायपुर में केकेआर के खिलाफ 60 गेंदों में 105 रन बनाए थे। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड सहित उसके तेज गेंदबाज यहां की परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। दर्शकों की नजर फिर से कोहली पर होगी जो एक और बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेंथिलकुमार और जोशना ने राष्ट्रीय युगल स्क्वाश में मिश्रित युगल का खिताब जीता

**चेन्नई।** वेलवन सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने फाइनल में अभय सिंह और रतिका सीलान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11–7, 11–9 से हराया। सेंथिलकुमार और जोशना दोनों ने इससे पहले टूर्नामेंट में अपने-अपने साथियों के साथ क्रमशः पुरुष और महिला युगल खिताब भी जीते थे। सेंथिलकुमार ने अभय के साथ मिलकर फाइनल में राहुल बैठा और सूरज कुमार चंद को 11–8, 11–5 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। महिला युगल के फाइनल में जोशना और रतिका ने जेनेट विधि और पूजा आरती को 11–8, 11–4 से हराया।

### अवनि ने दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर कट हासिल किया

**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में चार अंडर 69 का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जिससे वह जर्मन मास्टर्स टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली अवनि का कुल स्कोर अब एक ओवर हो गया है और वह संयुक्त 47वें स्थान पर है। कट दो ओवर पर गया। इस तरह से अवनि कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की दो अन्य खिलाड़ी प्रणवी उर्स और वाणी कपूर कट में जगह नहीं बना पाई। प्रणवी ने दूसरे दौर में एक ओवर पार का स्कोर बनाया और कुल मिलाकर चार ओवर के साथ संयुक्त 72वें स्थान पर रहीं। वाणी पहले दौर के बाद ही टूर्नामेंट से हट गईं थी। जर्मनी की एस्थर हेंसेलीट (64–71) दूसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलकर कुल नौ अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। सारा कौस्कोवा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर सात अंडर 64 बनाया। वह दूसरे स्थान पर हैं।

### हिंदुस्तान कॉपर का लाभ चौथी तिमाही में 137 प्रतिशत बढ़कर 444 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025–26 की जनवरी–मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 137.3 प्रतिशत बढ़कर 444.27 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से बेहतर राजस्व के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। वित्त वर्ष–2024–25 की मार्च तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 187.18 करोड़ रुपये था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 58 प्रतिशत बढ़कर 1,156 करोड़ रुपये रही, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 731.40 करोड़ रुपये थी। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 1.86 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के बाद लागू होगा। निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से 500 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

### सेल का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,680 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का वित्त वर्ष 2025–26 की जनवरी–मार्च तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,680 करोड़ रुपये रहा। सेल एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024–25 की समान तिमाही में कंपनी ने 1,178 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 30,813 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024–25 की इसी तिमाही में 29,316 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 2.35 रुपये के अंतिम लाभांश को भी मंजूरी दी है। पूरे वित्त वर्ष 2025–26 में शुद्ध लाभ बढ़कर 3,233 करोड़ रुपये रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2024–25 में यह 2,148 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025–26 में कंपनी की परिचालन आय 1,10,810 करोड़ रुपये रही, जो 2024–25 में 1,02,478 करोड़ रुपये थी। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ए. के. पंडा ने कहा कि बिक्री मात्रा में वृद्धि के साथ माल–भंडार और उधारी में कमी ने हमारी लाभप्रदता को और मजबूत किया है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले हम दबाव झेलने के लिए पूरी तरह तैयार : सलीमा टेटे

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में कड़ी मेहनत कर रही है और किसी भी तरह के दबाव का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अर्जेंटीना दौरे के बाद टीम अपनी तैयारियों को और मजबूत करने में जुटी हुई है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में सलीमा टेटे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरा आगामी विश्व कप और एशियाई खेलों जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। सलीमा ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है, इसलिए मुकाबले उच्च स्तर के होंगे। हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने की कोशिश करेंगे। कोचिंग स्टाफ लगातार हमारे साथ मेहनत कर रहा है और हम सभी उनकी मेहनत के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा कि टीम लगातार सुधार कर रही है और युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ह्लनई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हमें उनका लगातार समर्थन करना होगा ताकि वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। राष्ट्रीय शिविर में चल रही कड़ी फिटनेस ट्रेनिंग पर बात करते हुए सलीमा ने कहा कि फिटनेस टीम की तैयारियों का सबसे अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, हर खिलाड़ी फिटनेस पर काफी मेहनत कर रहा है। किसी भी टीम को हराने के लिए फिटनेस बेहद जरूरी है। जूनियर टीम भी अपनी फिटनेस बनाए रखने पर पूरा ध्यान दे रही है। हमारी फिटनेस बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने में मदद करेगी। हमने विश्व कप क्वालीफायर में अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन अभी और सुधार की गुंजाइश है। टीम की वापसी को देखते हुए फिटनेस हमारे लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। सलीमा ने अर्जेंटीना दौरे को टीम के लिए बेहद उपयोगी अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि वहां शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ खेलने से टीम संयोजन को समझने और युवा खिलाड़ियों को वरिष्ठ टीम में ढालने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा, अर्जेंटीना में पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। इतनी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलना हमारे लिए बड़ी उपलब्धि रही। इससे ऑस्ट्रेलिया दौरे, नेशंस कप, विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी में काफी मदद मिली है। फिलहाल हमारा पूरा ध्यान ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और हम वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं ताकि अगले टूर्नामेंटों के लिए आत्मविश्वास बढ़े।

## मलेशियाई जोड़ी को हराकर सात्विक चिराग थाईलैंड ओपन फाइनल में

एजेंसी

बैंकॉक। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में मलेशिया के गोह जे फ़ेइ और नूर इजुद्दीन को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने नौवीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी को 82 मिनट में 19-21, 22-20, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी ने 2019 और 2024 में खिताब जीता था और तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। अब उनका सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन या चीन के हि जि तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी से होगा। डेनमार्क में थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भी बैडमिंटन को भारत में तरजीह और प्रशंसा नहीं मिलने को लेकर अपने बयान से सात्विक और चिराग हाल ही में चर्चा में रहे थे। उन्होंने हालांकि बाहरी शोर से किनारा करते हुए शानदार प्रदर्शन करते फाइनल में प्रवेश किया। मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 7-2 का था लेकिन गोह और इजुद्दीन ने पिछले साल इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उन्हें हराया था। मलेशियाई जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करके 3-1 की बढत बना ली लेकिन सात्विक और चिराग ने स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया। पहले गेम में मलेशियाई जोड़ी ने ब्रेक तक 11-8 की बढत बना ली। चिराग की गलती से शटल नेट में चली गई और अंतर बढ गया। पहला गेम मलेशियाई जोड़ी ने 21-19 से जीता। इसके बाद दूसरे गेम में मुकाबला बराबरी का था और स्कोर 3-3 से 6-6 हो गया। भारतीय जोड़ी ने 9-6 की बढत बना ली लेकिन चिराग के एक रिटर्न पर शटल नेट में जाने से बढत 10-9 की रह गई। ब्रेक के बाद फिर स्कोर 13-13 हो गया। चिराग ने भारत को 16-14 से बढत दिलाई लेकिन फिर रिटर्न नेट में जाने से स्कोर 16-16 हो गया।

## आरबीएल बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण को वित्त मंत्रालय ने दी मंजूरी

एजेंसी




नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। इससे देश में करीब 26,850 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हो गया है। आरबीएल बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से भेजे गए एक पत्र में इस प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 49 प्रतिशत से अधिक और 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी लेने के लिए दी गई है। इस अधिग्रहण सौदे की घोषणा 18 अक्टूबर, 2025 को की गई थी। इसे भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय निवेशों में से एक माना जा रहा है। आरबीएल बैंक ने एक बयान में कहा कि प्राथमिक पूंजी निवेश के तौर पर करीब तीन अरब डॉलर (करीब 26,850 करोड़ रुपये) का निवेश किया जाएगा। यह बैंक को वृद्धि के अपने अगले चरण के लिए मजबूत स्थिति में लाएगा। प्रस्तावित निवेश के तहत एमिरेट्स एनबीडी बैंक तरजीही निर्गम के जरिये 280 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 959,045,636 इक्विटी शेयरों को खरीदेगा। इस सौदे के बाद आरबीएल बैंक में इस विदेशी बैंक की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से 74 प्रतिशत के बीच रह सकती है, जो नियामकीय शर्तों पर निर्भर होगी।

## टीसीएस का लक्ष्य विश्व की सबसे बड़ी एआई प्रौद्योगिकी कंपनी बनना: सीईओ कृतिवासन

एजेंसी




नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के सीईओ और प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने कहा है कि टीसीएस का लक्ष्य विश्व की सबसे बड़ी एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी बनना है। कंपनी के शीर्ष 139 ग्राहकों में से 130 ने पहले ही इसे अपने एआई सेवा भागीदार के रूप में चुन लिया है। कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे पत्र में कृतिवासन ने कहा कि बीता वित्त वर्ष उद्यम एआई के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। ग्राहकों ने प्रायोगिक परियोजना से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर इसका उपयोग शुरू कर दिया। उन्होंने लिखा, ''एआई के कारण उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए, हमने विश्व की सबसे बड़ी एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी बनने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को साकार करने की हमारी रणनीति है कि हम बुनियादी ढांचे से लेकर 'इंटेलिजेंस' तक, एक पूर्ण-स्तरीय एआई सेवा प्रदाता बनें। कृतिवासन ने कहा कि टीसीएस के शीर्ष 139 ग्राहकों में से 130 ने कंपनी को अपने एआई सेवा भागीदार के रूप में चुना है। ये वे कंपनियां हैं जिनका वार्षिक राजस्व पांच करोड़ डॉलर से अधिक है। कृतिवासन के अनुसार इस व्यापक प्रौद्योगिकी बदलाव को समर्थन देने के लिए, टीसीएस ने अपने कर्मचारियों के कौशल को तेजी से बढ़ाया है। अब 2,70,000 से अधिक कर्मचारियों के पास उन्नत एआई कौशल हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना अधिक है। सीईओ ने वैश्विक उद्यम ग्राहकों के अलावा वित्त वर्ष के दौरान भारत में टीसीएस की राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाओं के क्रियान्वयन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) को दुनिया के सबसे बड़े सरकारी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में बदल दिया है, जिसमें पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद हुई है। हमने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के योनो 2.0 को 10 भाषाओं में 20 करोड़ उपयोगकर्ताओं को सेवा देने के लिए उन्नत किया है। हमने ई-पासपोर्ट (एक करोड़ से अधिक जारी किए गए) जैसी नागरिक सेवाओं का आधुनिकीकरण भी किया और आरबीआई की नई डेटा प्रबंधन प्रणाली का निर्माण किया, जिसे सटीक आर्थिक विश्लेषण के लिए 250 टेराबाइट (टीबी) डेटा को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

# भारत में 24 घंटे काम करने वाली न्याय व्यवस्था की जरूरत : सूर्यकांत

एजेंसी

जबलपुर। भारत की न्यायपालिका को अब अस्पतालों की तरह 24 घंटे काम करने वाली व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना होगा। डिजिटल बदलावों के इस दौर में आम नागरिकों का भरोसा बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। तकनीकी प्लेटफॉर्म ऐसे हों जिन्हें ग्रामीण और तकनीक से कम परिचित लोग भी आसानी से समझ सकें। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पैरालीगल वालंटियर्स तैयार किए जाने चाहिए, जो लोगों को डिजिटल न्याय प्रणाली से जोड़ सकें।

यह बातें देश के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार में कहीं। फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों के साथ केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे।



इससे पूर्व नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर में आयोजित सेमिनार में देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त ने फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन'' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनुअल रिपोर्ट : 2025 का भी विमोचन किया गया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने नर्मदा नदी का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे अमरकंटक से निकलने वाली छोटी धारा आगे चलकर विशाल स्वरूप ले लेती है, उसी प्रकार न्याय व्यवस्था में किए जा रहे छोटे-छोटे तकनीकी सुधार आने वाले समय में व्यापक परिवर्तन का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में शुरू किए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म और एप न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में पुलिस थाना, फॉरेंसिक लैब, मेडिकल सिस्टम, लीगल सेल, अदालत और जेल से संबंधित सूचनाओं को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का प्रयास किया गया है। इसे अनूठी पहल बताते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में इस मॉडल को देशभर में लागू करने की दिशा में काम किया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायिक प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर एक विशेष कमेटी गठित की गई है। यह समिति लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और प्रक्रियाओं को अधिक सक्षम बनाने के उपायों पर काम कर रही है। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले समय में इस संबंध में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका तकनीक अपनाने के मामले में पहले से अग्रणी रही है। कोविड महामारी के दौरान भी अदालतों का कामकाज बाधित नहीं हुआ और भारत के डिजिटल न्याय मॉडल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई। देश के मुख्य न्यायाधीश ने अपने अनुभव साझा करते हुए एक पुराने मामले का जिक्र किया, जिसमें जमानत आदेश समय पर जेल तक नहीं पहुंच पाने के कारण आरोपित लंबे समय तक बंद रहा। उन्होंने कहा कि नई डिजिटल प्रणाली लागू होने के बाद ऐसी स्थितियों से काफी हद तक बचा जा सकेगा और न्यायिक प्रक्रिया अधिक संवेदनशील एवं त्वरित बनेगी। केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की यह पहल साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले डिजिटल पुलिस नेटवर्क के उदाहरण के रूप में चंडीगढ़ का नाम लिया जाता था, लेकिन अब मध्य प्रदेश मिसाल बनेगा। उन्होंने विशेष रूप से साइन लैंग्वेज आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म की सराहना करते हुए कहा कि सुनने और बोलने में असमर्थ लोगों को भी न्याय प्रक्रिया से जोड़ने का यह प्रयास देश में अपनी तरह की अनोखी पहल है। उन्होंने उच्च न्यायालय प्रशासन को इसके लिए बधाई दी।

## ओपेक से किसी राजनीतिक गुटबाजी की वजह से नहीं बाहर नहीं निकले, यह रणनीतिक फैसला : यूएई

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने तेल निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने के देश के फैसले का खुलासा किया है।

श्री मजरूई ने स्पष्ट किया कि संगठन छोड़ना यूएई का रणनीतिक विकल्प है, जो पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित है। सोशल मीडिया पर शनिवार को मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की, जो पिछले कुछ दिनों से फिजा में तिर रहे थे कि राजनीतिक मतभेदों की वजह से यूएई ने इन संगठनों को छोड़ा है।

मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि यह निर्णय यूएई की भविष्य की तेल उत्पादन क्षमताओं और राष्ट्रीय उत्पादन नीति के व्यापक मूल्यांकन के बाद लिया गया था। उन्होंने साफ किया कि ओपेक से बाहर निकलने का उद्देश्य अपनी ऊर्जा क्षमताओं का विस्तार करना और एक विश्वसनीय वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत करना है।

# अक्षम हैं शिक्षा मंत्री, इस्तीफा दें धर्मेंद्र प्रधान : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और इस वजह से छात्रों की आत्महत्या की खबरों को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि यह सब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम है इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

श्री खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार का 'अमृत काल' भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए 'मृत काल' साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि खबरों के अनुसार नीट पेपर लीक से उत्पन्न तनाव और सदमे के कारण कई छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि देश में मोदी सरकार के कार्यकाल में 90 से अधिक पेपर लीक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे करोड़ों छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगारी की समस्या के बीच भाजपा संरक्षित 'पेपर लीक माफिया' युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है और सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा कराने की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर नीट पेपर लीक और छात्रों की आत्महत्या के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के नीट पेपर लीक मामले में जिन अधिकारियों पर सवाल उठे, उन्हें दंडित करने के बजाय महत्वपूर्ण पद दिए गए। श्री खरगे ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि अब 'पानी सिर के ऊपर जा चुका है' इसलिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने श्री मोदी से 'परीक्षा-लीक पर चर्चा' करने की मांग करते हुए कहा कि चुप रहने से समस्या का समाधान नहीं होगा।

### 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं 'परीक्षा की समीक्षा' की है जरूरत : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार का शिक्षा तंत्र अक्षमता, राजनीतिक पक्षपात और भ्रष्टाचार से ग्रस्त है और समय 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं बल्कि 'परीक्षा की समीक्षा' का है।
कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि मोदी सरकार का शिक्षा तंत्र 'तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों' से भरा हुआ है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में खुद को बेहद अक्षम, राजनीतिक रूप से पक्षपाती और भ्रष्ट साबित किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर हर महीने कोई न कोई नया संकट सामने आता है, जिनमें एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी मसौदा नियम, लगातार पेपर लीक, एनएएसी रिश्वतखोरी प्रकरण, आईसीएचआर घोटाला, समग्र शिक्षा निधि को कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से रोकना, कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुपस्थित कुलपतियों की नियुक्ति और शिक्षकों के बड़े पैमाने पर रिक्त पद शामिल हैं। श्री रमेश ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता की बराबरी केवल शिक्षा मंत्री के अहंकार से हो सकती है। उनका कहना था कि जब मीडिया ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को लेकर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर अमल न करने के बारे में सवाल पूछा गया तो शिक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट को यह कहकर गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया कि उसमें 'विपक्ष के सदस्य' शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि समिति के 30 सदस्यों में 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी के ही हैं और समिति की सिफारिशों में के.राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट की पुनर्पुष्टि भी शामिल है, जिसका हवाला स्वयं मंत्री देते हैं।

# नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' कैप्टागन जब्त की

एजेंसी

नयी दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत 'जिहादी ड्रग' कैप्टागन की तस्करी में शामिल एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 227.7 किलो कैप्टागन जब्त की है जिसकी बाजार में कीमत 182 करोड़ रुपये है।

यह पहला मौका है जब देश में इस तरह की खतरनाक ड्रग पकड़ी गयी है। इस मामले में सीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,'' मोदी सरकार 'नशा-मुक्त भारत' के लिए संकल्पित है। यह साझा करते हुए प्रसन्नता है कि 'ऑपरेशन रेजपिल' के माध्यम से हमारी एजेंसियों ने पहली बार कैप्टागॉन, जिसे तथाकथित ''जिहादी नशा'' कहा जाता है, की 182 करोड़ रुपये मूल्य की खेप जब्त की है। पश्चिम एशिया भेजी जाने वाली इस नशीले पदार्थ की खेप का भंडाफोड़ और एक विदेशी नागरिक की गिरफ्तारी, नशे के खिलाफ हमारी शून्य-सहनशीलता नीति के उज्ज्वल उदाहरण हैं। मैं पुनः दोहराता हूं कि भारत में प्रवेश करने वाले या हमारे भूभाग का पारगमन मार्ग के रूप में उपयोग कर देश से बाहर जाने वाले नशीले पदार्थों के हर ग्राम पर हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। नारकोटिक्स ब्यूरो के साहसी और सतर्क योद्धाओं को साधुवाद। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि इस कार्रवाई में लगभग 227.7 किलोग्राम कैप्टागन टैबलेट/पाउडर जब्त किया गया तथा सिंडिकेट से जुड़े अवैध रूप से भारत में रह रहे एक सीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया। कैप्टागन में मुख्य रूप से फ़ेनेटाइलीन और एम्फ़ेटामाइन पाए जाते हैं, जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थ हैं। एक विदेशी ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसी ने सूचना दी थी कि कैप्टागन तस्करी के लिए भारत को ट्रांजिट पॉइंट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। ब्यूरो ने यहां नेब सराय क्षेत्र में एक मकान की पहचान की। गत सोमवार को मकान की तलाशी के दौरान एक चपाती कटिंग मशीन में छिपाकर रखी गई लगभग 31.5 किलोग्राम कैप्टागन टैबलेट बरामद की गई, जिसे जेद्दा, सऊदी अरब भेजा जाना था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सीरियाई नागरिक 2024 में 15 नवम्बर को पर्यटक वीजा पर भारत आया था, लेकिन उसका वीजा 2025 में 12 जनवरी को समाप्त हो गया और वह अवैध रूप से यहां रह रहा था। उसने नेब सराय में मकान किराये पर लिया था। आरोपी से पूछताछ के बाद गुरुवार को गुजरात के मुंद्रा स्थित कंटेनर फैसिलिटेशन स्टेशन में एक कंटेनर से लगभग 196.2 किलोग्राम कैप्टागन पाउडर बरामद किया गया। इस कंटेनर को भेड़ की ऊन से भरा हुआ बताकर सीरिया से आयात किया गया था। कंटेनर की गहन तलाशी के दौरान तीन बैगों में छिपाकर रखे गए 196.2 किलोग्राम कैप्टागन पाउडर बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जब्त खेप को खाड़ी क्षेत्र, विशेषकर सऊदी अरब और अन्य मध्य-पूर्व देशों में भेजा जाना था, जहां कैप्टागन का दुरुपयोग गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ऑपरेशन रेजपिल के तहत कुल लगभग 227.7 किलोग्राम कैप्टागन/पाउडर जब्त किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 182 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई भारत में कैप्टागन की पहली जब्ती है और अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट्स द्वारा भारत को ट्रांजिट हब के रूप में इस्तेमाल करने की साजिश का पर्दाफाश करता है। यह ऑपरेशन दर्शाता है कि अंतरराष्ट्रीय खुफिया साझेदारी और कानून प्रवर्तन सहयोग किस प्रकार विभिन्न देशों में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क की पहचान, रोकथाम और ध्वस्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा दुनिया भर की ड्रग प्रवर्तन एजेंसियां किस प्रकार मिलकर ऐसे नेटवर्क को खत्म कर सकती हैं। यह जब्ती हाल ही में मुंबई में एनसीबी द्वारा की गई एक अन्य बड़ी कार्रवाई के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है, जिसमें इक्वाडोर से आए कंटेनर में छिपाकर रखी गई 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद की गई थी। यह इस बात को उजागर करता है कि कैसे अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के लिए व्यावसायिक कार्गो और कंटेनर आधारित व्यापार मार्गों का दुरुपयोग बढ़ रहा है। ब्यूरो ने खरीद के स्रोत, वित्तीय एवं हवाला संपर्क, लॉजिस्टिक्स सुविधा प्रदाताओं, अंतरराष्ट्रीय रिसीवरों तथा ड्रग सिंडिकेट से जुड़े व्यापक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की पहचान के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है। है। भारत एकीकृत कानूनों, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, ड्रग सरगनाओं के प्रत्यर्पण तथा नार्को-आतंकवाद और ड्रग कार्टेल्स के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्यूरो भारत सरकार की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में सीमा पार सक्रिय अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा। ब्यूरो ने नागरिकों से अपील की है कि वे मादक पदार्थों से संबंधित किसी भी सूचना को मानस हेल्पलाइन (टोल-फ्रीः 1933) पर साझा करें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

# ईरान के साथ युद्धविराम 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया : ट्रंप

एजेंसी

एयर फोर्स वन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता ''पाकिस्तान के अनुरोध पर'' किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था।

उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुये अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुये। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया।

श्री ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आये इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है।

उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुये कहा, ''हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुये किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं।''

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी ''उपकारों'' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही ''मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है'' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा, ''हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है - यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया।''

श्री ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर दबाव बनाने के लिए चीन से सहायता मांगने की बात को ज्यादा महत्व नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि होर्मुज पर बीजिंग की ऊर्जा निर्भरता को देखते हुये वह अभी भी एक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, ''मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं, क्योंकि जब आप सहायता मांगते हैं, तो आपको बदले में सहायता भी करनी पड़ती है। हमें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने देश की जरूरतों के हिसाब से ईरान पर दबाव बना सकते हैं। श्री ट्रंप ने कहा, ''वे उनसे दबाव बनाने के लिए कह सकते हैं...मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे। वे होर्मुज को खुलते हुये देखना चाहेंगे। उन्हें अपनी ऊर्जा का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा इस जलडमरूमध्य से मिलता है। हमें कुछ नहीं मिलता। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा 7 अप्रैल को हुई थी, जो 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद क्षेत्र में हफ्तों तक बढ़ते तनाव के बाद आई थी। पाकिस्तान व्यापक राजनयिक समाधान की सुविधा के लिए दोनों पक्षों के बीच एक मध्यस्थ के रूप में कार्य कर रहा है।

# पेज एक का शेष

### दुनिया अभूतपूर्व...

रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत और नीदरलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर तालमेल बिठा सकते हैं और वैश्विक प्रोजेक्ट्स को हासिल करने की दिशा में काम कर सकते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि समय के साथ कई संस्कृतियां लुप्त हो गई हैं। लेकिन भारत की विविध संस्कृति आज भी यहां के लोगों के दिलों में जिंदा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 20 मई तक पांच देशों के दौरे पर हैं। दौरे के पहले चरण के हिस्से के तौर पर संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था।

### आतंक पर नहीं रुका...

राज्य में आदिवासी समुदाय के सदस्यों के गांवों से पलायन को रोकने में योगदान देने की योजना बना रहे हैं। शारीरिक गतिविधियों को प्राथमिकता दें युवा। परिसंवाद में सेना प्रमुख ने युवाओं से स्वस्थ रहने, कड़ी मेहनत करने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ ही सोशल मीडिया पर रील देखने के बजाय शारीरिक गतिविधियों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

### सीबीएसई ने बदली ...

सीबीएसई की विषय सूची में शामिल किसी भी भाषा को चुन सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय भाषाएं हों। विदेशी भाषा को केवल तीसरी भाषा या अतिरिक्त चौथी भाषा के रूप में पढ़ाया जा सकेगा। माध्यमिक स्तर की नई पुस्तकें उपलब्ध होने तक कक्षा 9 के विद्यार्थियों को कक्षा 6 स्तर की तीसरी भाषा की एनसीईआरटी पुस्तकें पढ़ाई जाएंगी। स्कूलों को राज्य और स्थानीय साहित्यिक सामग्री, लघु कथाएं, कविताएं और गैर-कथा सामग्री भी शामिल करने की सलाह दी गई है ताकि भाषा दक्षता विकसित हो सके। बोर्ड ने माना है कि कई स्कूलों में भारतीय भाषाओं के शिक्षकों की कमी हो सकती है। ऐसे स्कूलों को अंतरिम व्यवस्था अपनाने की अनुमति दी गई है। इसके तहत विद्यालय आपसी संसाधन साझा कर सकते हैं, ऑनलाइन या हाइब्रिड शिक्षण सहायता ले सकते हैं तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों या योग्य स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों की सेवाएं ले सकते हैं।

### रील बना रहे चार...

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नीट पेपर लीक में...

और उसे 14 मई को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई जांच में शामिल एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एनटीए से दो सेट के प्रश्न पत्र लीक हुए थे। इनमें से एक हाथ से लिखा हुआ और एक टाइप किया हुआ था। इसके पीछे कुलकर्णी और मंधारे थे। अधिकारियों ने कहाकि प्रश्न पत्र तैयार करने वाली पूरी कमेटी और एनटीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी जांच के दायरे में हैं। आने वाले दिनों में और अधिक गिरफ्तारियां हो सकती हैं। कुलकर्णी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल था और उसकी प्रश्नपत्रों तक पहुंच थी। अप्रैल 2026 के आखिरी हफ्ते के दौरान उसने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को इकट्ठा किया था। मनीषा को सीबीआई ने एक दिन पहले 14 मई को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि कुलकर्णी ने पुणे में अपने आवास पर चुनिंदा छात्रों के लिए विशेष कोचिंग क्लास आयोजित कीं, जहां उसने विकल्पों और सही उत्तरों के साथ प्रश्न लिखवाये। छात्रों के नोटबुक में हाथ से लिखे गये प्रश्न तीन मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से बिल्कुल मेल खाते पाये गये।

### सुप्रीम कोर्ट में ...

निकाय का गठन किया जाए। याचिका में भारत सरकार को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वह एक ऐसा कानून लाए, जिसके तहत एक वैधानिक परीक्षण प्राधिकरण की स्थापना हो।

### 'मैंने फर्जी...

हैं और इसलिए, वे कॉकरोच की तरह हैं। सीजेआई ने आगे कहा, ''यह कहना पूरी तरह से बेबुनियाद है कि मैंने हमारे देश के युवाओं की आलोचना की। मुझे न केवल हमारे वर्तमान और भविष्य के मानव संसाधन पर गर्व है, बल्कि भारत का हर युवा मुझे प्रेरित करता है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारतीय युवाओं के मन में मेरे लिए बहुत आदर और सम्मान है और मैं भी उन्हें एक विकसित भारत के स्तंभों के रूप में देखता हूं।

### गोरखपुर में बनवाएंगे...

विजन से ताल नदोर में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश को माफियामुक्त, गुंडा मुक्त, दंगामुक्त, कर्फ्यूमुक्त बनाया है। इससे प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब विकास होता है तो रोजगार का सृजन स्वतः स्फूर्त भाव से होता है। मुख्यमंत्री ने लोगों को आगाह किया कि जो लोग जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर बांटते है वो आपके हितैषी नहीं हो सकते। जब भी उनके पास सत्ता आई तो वे गुंडागर्दी अराजकता, अव्यवस्था करते रहे। उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग अपने परिवार के लिए किया, जनता हित के लिए कभी नहीं किया पर आज की डबल इंजन सरकार आमजन के कल्याण के लिए, रोजगार सृजन के लिए कार्य कर रही है। योगी ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यूपी में अब तक हम लोग 534 से अधिक पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के जरिये सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। साथ ही 500 खिलाड़ियों की नई भर्ती फिर से निकाली है। इससे बहुत शीघ्र ही जिन्होंने भी ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप आदि में मेडल जीते हैं उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक सीधी भर्ती में ललित उपाध्याय, दीप्ति शर्मा, पारुल चौधरी, अर्जुन देशवाल, प्रवीण कुमार, राजकुमार पाल को उत्तर प्रदेश पुलिस में सीधे डिप्टी एसपी का पद दिया गया है। विजय कुमार यादव और दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार, अर्जुन सिंह को यात्री और मालकर अधिकारी, प्राची और पुनीत कुमार को जिला युवा कल्याण अधिकारी, अजीत सिंह, सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीति पाल को खंड विकास अधिकारी, रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी है। इसका परिणाम है कि ओलंपिक, एशियाड, कामनवेल्थ और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिभाग और मेडल की संख्या दोनों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर देना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। सुविधा मिलने से आज के खिलाड़ी पीएम मोदी के विजन को साकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार हर गांव में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियमए जिला स्तर पर स्टेडियम और मंडल स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज की सुविधा विकसित कर रही है। मेरठ में खेल विश्वविद्यालय बन चुका है और इसी सत्र में उसका भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम जिस गोरखपुर.वाराणसी मार्ग पर बन रहा है उससे होकर वाराणसी जाने में पहले चार से पांच घंटे लगते थे लेकिन अब महज ढाई घंटे लगते हैं। इसी तरह गोरखपुर से लखनऊ जाने में लगने वाला समय आठ घंटे से कम होकर साढ़े तीन घंटे हो गया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ दूरी ही नहीं घटा रही बल्कि विकास की रफ्तार बढ़ाकर रोजगार सृजन भी कर रही है। कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का स्वागत करते हुए योगी ने कहा कि देश और विश्व पश्चिमी एशिया के संकट से जूझ रहा है। कई देशों में उथल पुथल है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। दुनिया के कई देशों में अव्यवस्था और अस्थिरता है। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में भारत के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बेहतरीन प्रबंधन का परिचय दिया है। तेल कम्पनियों पर भले ही बोझ आया लेकिन उन्होंने संकट के बीच में आम जनता को लगातार राहत दिलाई है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए सीएसआर फंड से 100 करोड़ रुपये देने के लिए पेट्रोलियम मंत्री इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रति आभार व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। भूमि पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के ड्राइंग मैप और मॉडल का अवलोकन किया। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रस्तावित निर्माण कार्यों और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

# सरकार के प्रयासों से लॉजिस्टिक्स सुगमता में दिल्ली ने हासिल किया सर्वोच्च स्थान : रेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स की सुगमता (लीड्स 2025) इंडेक्स में राजधानी दिल्ली को देश की सर्वोच्च अनुकरणीय (इग्जेम्प्लर) श्रेणी में जगह मिलने को गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दिल्ली सरकार द्वारा लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बढ़ाने, व्यापार सुगमता को बेहतर बनाने और टेक्नोलॉजी आधारित प्रशासन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि लीड्स 2025 इंडेक्स की रिपोर्ट 13 मई को जारी हुई है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को जानकारी दी कि लीड्स इंडेक्स राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सेवाएं, नियामकीय व्यवस्था, डिजिटल इंटीग्रेशन, स्थिरता और हितधारकों की धारणा जैसे प्रमुख मानकों पर करता है। इस इंडेक्स में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार श्रेणियों, इग्जेम्प्लर, हाई परफॉर्मर, एक्सेलेरेटर्स और ग्रोथ सीकर्स में रखा जाता है, जिनमें 'इग्जेम्प्लर' सबसे ऊंची श्रेणी है। दिल्ली ने लगातार प्रगति करते हुए लीड्स 2023 और 2024 में 'अचीवर' श्रेणी से आगे बढ़कर इस वर्ष देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार किया है, जिसे मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा। इससे शहरी माल परिवहन, अंतिम चरण की डिलीवरी व्यवस्था और शहरी फ्रेट मैनेजमेंट को



अधिक व्यवस्थित बनाया जाएगा। पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर 46 अनिवार्य लेयर्स में से 38 का सफल इंटीग्रेशन किया जा चुका है। साथ ही 317 अतिरिक्त लेयर्स भी जोड़ी गई हैं। इससे विभिन्न विभागों के बीच समन्वित इंफ्रास्ट्रक्चर योजना और परियोजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक निवेश से जुड़ी स्वीकृतियों एवं अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया गया है। वहीं, यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफ़ेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के जरिए एपीआई आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग और डेटा एक्सचेंज की सुविधा विकसित की गई है, जिससे विभिन्न लॉजिस्टिक्स हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाए गए पॉटहोल-फ्री रोड अभियान के तहत दिल्ली की मुख्य और आंतरिक सड़कों में बड़े स्तर पर सुधार किया गया है। साथ ही देश की पहली रिजनल रेपिड ट्रांजिट रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) नमो भारत कॉरिडोर के संचालन से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्री और माल परिवहन कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में महिला पीसीएस अधिकारी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। जम्मू-कश्मीर-राजस्थान हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में करोड़ों की हेराफ़ेरी के आरोप में पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर की एसडीएम अनुप्रीत कौर रंधावा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार सुबह उनके तरनतारन जिला स्थित आवास पर छापा मारकर गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार अनुप्रीत कौर रंधावा के खिलाफ कुल 1 करोड़ 63 लाख रुपये के गबन का मामला चल रहा था। उस समय अनुप्रीत तरनतारन के पट्टी में तैनात थीं। इसी मामले में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, राजस्थान-जम्मू कश्मीर नेशनल हाईवे के निर्माण के वक्त सरकार की ओर से भूमि अधिग्रहण के दौरान तत्कालीन तरनतारन की एसडीएम डॉ.अनुप्रीत कौर ने उन लोगों को लाभ पहुंचाया, जिनके पास जमीन नहीं थी। पट्टी के पूर्व एसडीएम नवराज सिंह बराड़ ने तत्कालीन उपायुक्त को 5 सितंबर 2018 को इस गबन के संबंध में शिकायत दी थी। आरोप था कि 9 जनवरी 2018 से 11 फरवरी 2019 बीच जमीन अधिग्रहण के एवज में सरकार की ओर से जारी 1 करोड़ 63 लाख की राशि 5 अपात्र लोगों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई। जांच के आधार पर 5 सितंबर 2019 को थाना सिटी पट्टी में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद सरकार ने विभागीय जांच के आदेश जारी किए। जिसके आधार पर अनुप्रीत कौर को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए। अब अनुप्रीत कौर को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के सारण में नेत्र चिकित्सा सेवाओं को मिलेगा नया आयाम, उद्योगपति गौतम अडाणी करेंगे भूमि पूजन

**पटना।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी रविवार को बिहार के सारण जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वे मस्तिचक गांव में आयोजित एक भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और नेत्र चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह आयोजन अडाणी फाउंडेशन और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस पहल के तहत ग्रामीण भारत में किफायती और सुलभ नेत्र चिकित्सा सेवाओं के नेटवर्क को विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान मस्तिचक गांव में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल अडाणी सेंटर फॉर आई डिजीज और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल अडाणी ट्रेनिंग सेंटर फॉर ऑपथैल्मिक मेडिसिन की आधारशिला रखी जाएगी। इन संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों में अंधापन और दृष्टि दोष की समस्याओं के प्रभावी समाधान की दिशा में एक दीर्घकालिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। इनका उद्देश्य न केवल उपचार करना है, बल्कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास को भी बढ़ावा देना है। इस अवसर पर गौतम अडाणी के साथ अडानी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अडाणी और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडाणी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की ओर से संस्थापक एवं सीईओ मृत्युंजय तिवारी, चेयरमैन (एडवाइजरी बोर्ड) रविकांत, क्लीनिकल एवं रिसर्च एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन (प्रो.) डॉ. राजवर्धन आजाद तथा मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अजित कुमार पोद्दार भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, यह पहल अडानी समूह के सामाजिक दर्शन ्सेवा ही साधना है से प्रेरित है, जिसे समूह की सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों का मूल आधार माना जाता है। इस विचार के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। उल्लेखनीय है कि गौतम अडाणी का यह दौरा व्यापारिक दृष्टिकोण के साथ-साथ सामाजिक विकास और स्वास्थ्य सेवा सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह परियोजना प्रभावी रूप से लागू होती है, तो बिहार समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

### दिल्ली के उपराज्यपाल ने 'जल संचय अभियान' का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शनिवार को पश्चिम विहार स्थित जिला पार्क से 'जल संचय अभियान' का शुभारंभ किया। इसके तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा 30 अगस्त तक दिल्ली के 101 महत्वपूर्ण जल निकायों को पुनर्स्थापित करने के लिए मिशन-मोड अभियान शुरू हो गया है। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पहले चरण में मानसून के मौसम में भूजल पुनर्भरण को अधिकतम करने के लिए गहन गाद निकालने और जलग्रहण क्षेत्र की सफाई के माध्यम से कार्यात्मक पारिस्थितिक बहाली को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घकालिक जल सुरक्षा के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह अभियान दिल्ली के जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और शहर की पारिस्थितिक लचीलेपन को मजबूत करने का प्रयास करता है। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को जल निकायों को पुनर्स्थापित को समय-सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की जलीय विरासत को पुनः प्राप्त करने और एक हरित, अधिक जल-सुरक्षित और पारिस्थितिक रूप से लचीली राजधानी के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपराज्यपाल ने सभी निवासी से 'जन भागीदारी' के माध्यम से इस आंदोलन में भाग लेने और एक हरित, जल-सुरक्षित विकसित दिल्ली की दिशा में योगदान देने का आग्रह किया।

### नीट अभ्यर्थी की आत्महत्या के बाद परिजनों से मिले सौरभ भारद्वाज, सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को लाल बाग में नीट (यूजी) परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या कर लेने वाली एक अभ्यर्थी के परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि पीड़िता कई वर्षों से एमबीबीएस में प्रवेश के लिए तैयारी कर रही थी और यह उसका अंतिम अवसर था। पेपर लीक की खबर सामने आने के बाद वह बेहद व्यथित हो गई थी और अत्यधिक मानसिक तनाव में थी। अंत में उसने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। भारद्वाज ने कहा कि अब विभिन्न हिस्सों से ऐसी ही घटनाओं की रिपोर्ट सामने आ रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त और ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी मामूली प्रोफ़ेसर को गिरफ्तार कर उसे पूरे मामले का मास्टरमाइंड बताना बिल्कुल गलत है। असली मास्टरमाइंड पर्दे के पीछे काम करने वाले शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग हैं। आआपा नेता ने कहा कि केंद्र सरकार को हमारे युवाओं को आश्वस्त करना चाहिए कि अब से किसी भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं होगा। सौरभ भारद्वाज ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह युवाओं से अपील करे कि वे ऐसे कठोर और जीवन समाप्त करने वाले कदम न उठाएं। आआपा नेता ने मामले की निष्पक्ष और तेज जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वट सावित्री पूजा

**भागलपुर।** धार्मिक आस्था और सनातन परंपरा का प्रतीक वट सावित्री व्रत शनिवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों और पूजा स्थलों पर सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। कचहरी चौक, बरका चौक, एसएम कॉलेज रोड, शहीद चौक और अजगैबीनाथ धाम (सुल्तानगंज) के वट वृक्षों के नीचे सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। सुहागिन महिलाओं ने नए पारंपरिक परिधान (खासकर लाल और गुलाबी साड़ियां) पहने और सोलह श्रृंगार किए। बांस की डलिया में फल, मिठाई, भीगा हुआ चना और बांस के बने हाथ के पंखे जैसी पूजन सामग्री रखकर वट वृक्ष की पूजा की गई। इसके बाद वृक्ष पर रक्षा सूत्र (कलावा) लपेटकर परिक्रमा की गई। महिलाओं ने अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु और परिवार की समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से वट वृक्ष (बरगद) की पूजा-अर्चना की।

## पंजाब: बोरवेल में गिरे बच्चे को नौ घंटे बाद सुरक्षित निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के होशियारपुर के गांव चक्क समाना में शुक्रवार शाम करीब चार बजे बोरवेल में गिरे चार वर्षीय बच्चे को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पंजाब पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से करीब नौ घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बोरवेल में गिरे बच्चे गुरकरन सिंह (पुत्र हरिंदर और आशा, मजदूर) को रात करीब 12:40 बजे बोरवेल से बाहर निकाला गया और तुरंत मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उपायुक्त आशिका जैन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मलिक ने रेस्क्यू अभियान का शुरुआत से नेतृत्व किया और पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए टीमों की दृढ़ता की भरपूर सराहना की। बचाव कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद उपायुक्त ने बताया कि बच्चे को बचाने के बाद एंबुलेंस में चिकित्सकों की टीम के साथ आगे की जांच के लिए अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि शाम करीब 4 बजे यह घटना हुई और



सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि गुरकरन अपने घर के बगल में खुले बोरवेल में गिर गया था, जो कल खोदा जा रहा था। बोरवेल के बिल्कुल बगल में 30 फीट से अधिक गहरा गड्ढा खोदने के बाद बचाव टीमों ने बोर के साथ एक तंग रास्ता बनाकर शाफ्ट तक पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। बच्चा बोरवेल में गिरने के बाद करीब 30 फीट की गहराई पर फंस गया था। बचाव कार्य तेज करने के लिए जरूरी मशीनरी मौके पर लाई गई। जिला प्रशासन ने शाफ्ट में कैमरा और ऑक्सीजन पाइप भी नीचे उतारा, जिससे बच्चे की हरकतों को फुटेज के जरिए देखा जा रहा था। उपायुक्त ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम (40 से अधिक सदस्य) ने अपनी विशेषज्ञता से इस कठिन समय में ऑपरेशन को सुरक्षित ढंग से सफल बनाया। इस दौरान पंजाब के जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और होशियारपुर से लोकसभा सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल, जो पूरे बचाव अभियान के दौरान मौके पर मौजूद रहे, ने गुरकरन को बचाने के लिए सभी टीमों द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की। डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ, अन्य टीमों और स्थानीय गांव वासियों की मदद से बच्चे को बोरवेल से बाहर निकालने के लिए पुख्ता प्रबंध किए, जिनकी वजह से गुरकरन की जान बच सकी। सांसद डॉ. चब्बेवाल ने कहा कि यह बहुत नाजुक ऑपरेशन था और टीमों के लगातार प्रयासों से करीब सात घंटे की जद्दोजहद के बाद इसे सफल बनाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मलिक ने भी बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव टीमों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि टीमों का जज्बा बेहद सराहनीय था, जिसकी वजह से गुरकरन की जान बच गई।

## मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को वितरित की साइकिलें

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र की 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण मेधावी छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि हमारी ये बेटियां अपने परिवार, पूरे राष्ट्र के सपनों और संकल्पों की वाहक हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, सेना, प्रशासन और नवाचार से लेकर हर क्षेत्र में नए भारत की शक्ति बनकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्राओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी और अभिभावकों की चिंताओं को भी कम करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी मेधावी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप अपनी मेहनत, प्रतिभा और संस्कारों से माता-पिता, दिल्ली और पूरे भारत का गौरव निरंतर बढ़ाती रहें।

## डमी फर्मों के जरिए करोड़ों के जीएसटी-वैट फर्जीवाड़े का खुलासा, सीए समेत दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने डमी फर्मों के जरिए करोड़ों रुपये के जीएसटी और वैट फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजीव कुमार परासर और चार्टर्ड अकाउंटेंट अतुल गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने फर्जी कंपनियों और बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये के लेनदेन को अंजाम दिया तथा धन की लेयरिंग कर असली लाभार्थियों और वित्तीय ट्रेल को छिपाने की कोशिश की। आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त सुबोध कुमार ने शनिवार को बताया कि ईओडब्ल्यू ने इस मामले में वर्ष 2020 में एफआईआर संख्या 85/2020 दर्ज की थी। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 468, 471 और 120-बी के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता यशश्वी शर्मा ने आरोप लगाया था कि उनकी फर्म एम/एस स्वास्तिक एंटरप्राइजेज के जीएसटी और वैट दस्तावेजों का बिना अनुमति इस्तेमाल कर करीब 28.4 करोड़ रुपये के संदिग्ध कारोबारी लेनदेन किए गए। शिकायत में कहा गया था कि अज्ञात लोगों ने उनकी फर्म के दस्तावेजों और क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग कर फर्जी कारोबार दिखाया और कई बैंक खातों के माध्यम से भारी रकम का लेनदेन किया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि एम/एस स्वास्तिक एंटरप्राइजेज के नाम से संचालित बैंक खातों का इस्तेमाल करोड़ों रुपये की रकम को विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने और उसकी लेयरिंग करने के लिए किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, अलग-अलग कंपनियों और फर्मों से खातों में पैसा आने के तुरंत बाद उसे नकद निकाल लिया जाता था या फिर आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से अन्य खातों में भेज दिया जाता था। जांच एजेंसी को इन लेनदेन के पीछे किसी वास्तविक कारोबारी गतिविधि के सबूत नहीं मिले। ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी डमी फर्मों और फर्जी खातों का संचालन कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इन फर्मों को कथित तौर पर बिचौलियों और फर्जी मालिकों के नाम पर बनाया गया था।

## डेटिंग एप से दोस्ती, फिर वीडियो कॉल कर करता था ब्लैकमेल, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने डेटिंग एप और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जाल में फंसाकर सेक्सटॉर्शन करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के डीग जिले से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से दो मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड और करीब 150 अश्लील वीडियो बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हीं वीडियो की मदद से आरोपी देशभर के लोगों को ब्लैकमेल कर रुपये वसूलता था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अरमान (23) निवासी गांव लडामका, डीग, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस अब उसके अन्य साथियों और गिरोह से जुड़े बैंक खातों की जांच कर रही है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने शनिवार को बताया कि 13 मई को एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर वसूली से जुड़ी एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपितों ने पहले डेटिंग एप के जरिए उससे संपर्क किया और दोस्ती बढ़ाई। इसके बाद पीड़ित को एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल की गई। वीडियो कॉल के दौरान आरोपितों ने पहले से रिकॉर्ड अश्लील वीडियो चलाए और पीड़ित को भी अश्लील हरकतें करने के लिए उकसाया। इस दौरान उसकी वीडियो रिकॉर्ड कर ली गई। बाद में उसी वीडियो के आधार पर पीड़ित को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया गया। आरोपी धमकी देने लगे कि यदि रुपये नहीं दिए तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी।

## हरिद्वार को निर्यात हब बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की बड़ी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार में निर्यात को बढ़ावा देने और जनपद को एक मजबूत एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। जिलाधिकारी मयूर शिक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ्डिस्ट्रिक्ट्स ऐज एक्सपोर्ट हब योजना के तहत जिला निर्यात कार्ययोजना की समीक्षा और अद्यतन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनपद की वर्तमान निर्यात गतिविधियों का आकलन करते हुए निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए नई रणनीतियों पर मंथन किया गया। विशेष रूप से टेक्सटाइल सेक्टर को निर्यात से जोड़ने के लिए तैयार की गई जिला निर्यात कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों, औद्योगिक इकाइयों और निर्यातकों से सुझाव प्राप्त कर योजना को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने




एमएसएमई, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों की पहचान कर उन्हें निर्यात गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निर्यात उन्मुख इकाइयों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिल सके। बैठक में निर्यात से जुड़े आंकड़ों के संकलन, लॉजिस्टिक सपोर्ट, गुणवत्ता प्रमाणन, ऋण सुविधा और कृषि निर्यात को बढ़ाने के लिए विभागीय समन्वय पर भी चर्चा हुई। उद्योगों और निर्यातकों द्वारा सामने रखी गई समस्याओं एवं बाधाओं को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी मयूर शिक्षित ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करें, जिससे हरिद्वार को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि जनपद में उपलब्ध औद्योगिक और कृषि क्षमता को वैश्विक बाजार तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, महाप्रबंधक उद्योग उत्तम कुमार तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भंडारी, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि और निर्यातक उपस्थित रहे।

## हरिद्वार में अखिल भारतीय संत परिषद का गठन, सनातन धर्म रक्षा को लेकर नई पहल

**हरिद्वार।** वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर हरिद्वार स्थित शांम्भवी धाम, भूपतवाला में अखिल भारतीय संत परिषद की स्थापना की औपचारिक घोषणा की गई। परिषद का उद्देश्य सनातन धर्म, वेदसम्मत संत परंपरा, भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति और धर्म मर्यादाओं की रक्षा बताया गया है। इस अवसर पर देशभर से जुड़े संतों एवं धर्माचार्यों की उपस्थिति में परिषद के गठन का संकल्प लिया गया। परिषद के संस्थापक एवं शांम्भवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप जी महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में संत समाज और सनातन परंपराओं के समक्ष गंभीर चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। अनेक धार्मिक संस्थाएं और अधिकांश अखाड़े सत्ता के प्रभाव और दबाव में अपनी स्वतंत्रता एवं धर्मनिष्ठा खोते जा रहे हैं, जिसके कारण धर्म की मर्यादाओं का लगातार ह्रास हो रहा है। उन्होंने कहा कि संतों पर हो रहे अन्याय, सनातन परंपराओं के क्षरण, अशास्त्रीय एवं अवैदिक अखाड़ों के निर्माण तथा अयोग्य व्यक्तियों के संन्यास परंपरा में प्रवेश जैसे विषयों पर कोई प्रभावी आवाज नहीं उठ रही है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063